माघ शुक्ल पक्ष, द्वादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 21 फरवरी 2024
वर्ष 4, अंक 4, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

हबल ने कैद की एनजीसी 2298 की आकर्षक तस्वीर 14

शो टाइम में नजर आएंगी श्रिया सरन 13

## महेंद्र भट्ट राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित

ब्यूरो, देहरादून

- मुख्यमंत्री धामी ने निर्वाचन पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को दी बधाई

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। कोई दूसरा प्रत्याशी न होने की वजह से मंगलवार को नाम वापसी का समय पूरा होने के बाद उनको निर्विरोध निर्वाचन घोषित किया गया।

उत्तराखंड से रिक्त राज्यसभा सीट के लिए भाजपा ने प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट को उम्मीदवार बनाया था। भट्ट ने बीती 15 फरवरी को नामांकन पत्र दाखिल किया था। मंगलवार को नाम वापसी थी, दोपहर तीन बजे नाम वापसी का समय पूरा होने के बाद विधानसभा स्थित चुनाव कक्ष में रिटर्निंग अधिकारी चंद्रमोहन स्वामी ने भट्ट के निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा की और उन्हें प्रमाण पत्र सौंपा। इस दौरान प्रदेश संगठन मंत्री अजेय कुमार, प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, विधायक खजानदास मौजूद रहे। अयोध्या गए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने फोन पर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कॉन्क्लेव में प्रदेश में निवेश के माहौल को विदेशी उद्यमियों ने खूब सराहा

## उत्तर प्रदेश में सुरक्षित ही नहीं, फायदेमंद निवेश की भी गारंटी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** जीबीसी के दूसरे दिन उद्योग समूहों के दिग्गजों को मंच मिला तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व, प्रदेश में बेहतरीन संसाधन, सुदृढ़ बुनियादी ढांचा और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की जमकर तारीफ की। कहा कि प्रदेश में विदेशी उद्यमियों के साथ परिवार की तरह व्यवहार होता है। सुरक्षित निवेश ही नहीं, फायदेमंद निवेश की भी गारंटी रहती है। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के दूसरे दिन मंगलवार को ''यूपी- भारत में विदेशी निवेश के लिए उभरता गंतव्य'' कॉन्क्लेव के दौरान विभिन्न उद्योग समूहों के प्रतिनिधियों ने विचार रखे। इस दौरान लुलु समूह के चेयरमैन एमए यूसुफ अली, शराफ ग्रुप के उपाध्यक्ष मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) शराफुद्दीन शराफ, एयर लिक्विड के एमडी बेनोइट रेनार्ड, डोर्ना के सीईओ कार्मेलो एस्पेलेटा और ग्रीनको ग्रुप के प्रतिनिधि ने प्रदेश में निवेश के बेहतरीन माहौल की सराहना की।

### खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में विदेशी निवेश की उम्मीद

लुलु समूह के अध्यक्ष और एमडी एमए यूसुफ अली ने कहा कि विदेशी निवेश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र समेत कई क्षेत्रों में निवेश की बेहतरीन संभावनाएं हैं। निवेशक निवेश से पहले चार चीजें देखते हैं।

### भारत और यूपी से रिश्ता परिवार जैसा

शराफ ग्रुप के उपाध्यक्ष शराफुद्दीन शराफ ने कहा कि कोई भी वहीं निवेश करना चाहता है जहां वे पूरी तरह संतुष्ट हों कि उसका निवेश उत्पादक होगा। भारत और यूपी से हमारा रिश्ता परिवार जैसा है।

### उत्तर प्रदेश में निवेश का मिला व्यापक समर्थन

एयर लिक्विड के एमडी बेनोइट रेनार्ड ने कहा कि जब भी आवश्यकता हुई, हमें यूपी में निवेश के अपने निर्णय के लिए व्यापक समर्थन मिला है। मैं आने वाले वर्षों में निवेश के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करना चाहता हूं।

### मोटोजीपी की मेजबानी देना एक बड़ा अवसर

डोर्ना के सीईओ कार्मेलो एस्पेलेटा ने मोटोजीपी भारत की मेजबानी करने के लिए यूपी सरकार द्वारा प्रदान किए गए अवसर की सराहना की। बताया कि मोटोजीपी ने 12 हजार रोजगार पैदा किए हैं।

### छह माह में मंजूरी देने वाला पहला राज्य

ग्रीनको ग्रुप के प्रतिनिधि महेश पाण्डे ने कहा कि अन्य राज्यों में जहां प्रथम अनुमोदन चरण में दो से ढाई साल लगते हैं वहीं छह महीने के भीतर हमें यह मंजूरी दिलाने वाला उत्तर प्रदेश पहला राज्य है।

## भाजपा को झटका, सुप्रीम कोर्ट ने कुलदीप को घोषित किया महापौर

### ऐतिहासिक फैसला : अदालत ने चुनाव अधिकारी के निर्णय को अवैध घोषित किया

नई दिल्ली, एजेंसी

- पार्षदों की संख्या कम होने के बावजूद भाजपा प्रत्याशी को कर दिया था विजयी घोषित

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को एक ऐतिहासिक फैसले में चंडीगढ़ महापौर के पद पर चुनाव अधिकारी के निर्णय को अवैध घोषित करते हुए रद कर दिया और आम आदमी पार्टी-कांग्रेस पार्टी गठबंधन उम्मीदवार कुलदीप कुमार को विजेता घोषित किया। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ तथा न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने महापौर के पद पर अपेक्षाकृत कम पाषर्द संख्या वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार मनोज कुमार सोनकर को 30 जनवरी के चुनाव में गैरकानूनी तरीके से विजयी घोषित करने संबंधी पीठसीन अधिकारी अनिल मसीह के फैसले को अवैध घोषित करते हुए पलट दिया। अदालत ने याचिकाकर्ता आम आदमी पार्टी-कांग्रेस पार्टी गठबंधन उम्मीदवार कुलदीप कुमार को विजेता घोषित कर दिया। शीर्ष अदालत ने पाया कि पीठासीन अधिकारी ने याचिकाकर्ता 'आप' उम्मीदवार कुलदीप कुमार के पक्ष में डाले गए आठ मतों को जानबूझकर विकृत कर दिया था। पीठ ने वोटों की गिनती से संबंधित वीडियो देखने और विकृत मतपत्रों की जांच करने के बाद पीठासीन अधिकारी मसीह को अदालत की अवमानना के लिए 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया, जिसमें कहा गया कि उन्होंने (मसीह) जानबूझकर और गैरकानूनी तरीके से महापौर चुनाव को बदल दिया।

### कोर्ट ने कहा-चुनाव अधिकारी पर चले मुकदमा

चुनाव अधिकारी द्वारा 30 जनवरी को महापौर के पद के लिए विजयी घोषित किए गए मनोज सोनकर ने सोमवार को शीर्ष कोर्ट में सुनवाई से पहले ही इस्तीफा दे दिया था। कोर्ट ने सोमवार को पंजाब सरकार की उस याचिका को भी अनुमति देने का संकेत दिया, जिसमें नए सिरे से मतदान के बजाय मतों की दोबारा गिनती की अनुमति देने की गुहार लगाई गई थी। पीठ ने गत 30 जनवरी को हुई मतों की गिनती के दौरान चुनाव अधिकारी द्वारा मतपत्रों पर निशान लगाने के मामले में कहा था कि चुनावी लोकतंत्र में हस्तक्षेप करना सबसे गंभीर बात है और इसके लिए मुकदमा चलाया जाना चाहिए।

### विपक्ष ने कहा- न्यायालय के फैसले ने भाजपा के जबड़े से लोकतंत्र बचाया

**नई दिल्ली।** विपक्ष के कुछ प्रमुख दलों ने चंडीगढ़ महापौर चुनाव परिणाम को उच्चतम न्यायालय द्वारा पलटे जाने का स्वागत करते हुए मंगलवार को कहा कि देश की सबसे बड़ी अदालत ने लोकतंत्र को निरंकुश भारतीय जनता पाटी के जबड़े से बचाया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा और कहा कि निर्वाचन अधिकारी अनिल मसीह तो सिर्फ एक मोहरा थे। खरगे ने 'एक्स' पर कि उच्चतम न्यायालय ने लोकतंत्र को निरंकुश भाजपा के जबड़े से बचाया है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि चंडीगढ़ महापौर के चुनाव में जो कुछ हुआ है उसके पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उच्चतम न्यायालय का फैसला विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के लिए बहुत बड़ी जीत है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि अंततः सत्य की जीत हुई।

## पर्यटन में स्विट्जरलैंड को भी टक्कर देंगी कश्मीर की वादियां

जम्मू, एजेंसी

- मोदी बोले-अनुच्छेद 370 को निरस्त करना जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए महत्वपूर्ण
- जम्मू-कश्मीर के लिए 32,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की शुरुआत की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करना जम्मू-कश्मीर के व्यापक विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण रहा है और उनकी सरकार घाटी को एक ऐसे पर्यटन स्थल में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है जो स्विट्जरलैंड को टक्कर दे सके। यहां मौलाना आजाद स्टेडियम में एक विशाल सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने जम्मू-कश्मीर के लिए 32,000 करोड़ रुपये से अधिक और देश के अन्य हिस्सों के लिए 13,500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की।

उन्होंने क्षेत्र में जी20 के आयोजन के बाद खाड़ी के देशों में जम्मू-कश्मीर में निवेश को लेकर आई सकारात्मकता को रेखांकित करते हुए कहा कि पूरी दुनिया यहां की सुंदरता, परंपरा और संस्कृति से बहुत प्रभावित हुई है। मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को 'परिवारवाद' की राजनीति से मुक्ति मिल रही है और यह पूर्ववर्ती प्रदेश आज विकसित होने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने डोगरी में अपने भाषण की शुरुआत करते हुए कहा कि एक वो दिन भी थे, जब जम्मू-कश्मीर से सिर्फ निराशा की खबरें आती थीं। बम, बंदूक, अपहरण, अलगाव... ऐसी ही बातें जम्मू-कश्मीर का दुर्भाग्य बना दी गई थीं। लेकिन आज जम्मू-कश्मीर विकसित होने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है।

अपने 30 मिनट के भाषण के दौरान मोदी ने हिंसा और अलगाववाद से प्रभावित जम्मू-कश्मीर के उथल-पुथल भरे अतीत को याद किया और सौहार्दपूर्ण एवं समृद्ध जम्मू-कश्मीर की ओर बढ़ रहे मौजूदा बदलाव की सराहना की तथा इसका श्रेय संतुलित विकास पहलों को दिया।

### रेल प्रोजेक्ट के लिए अब्दुल्ला ने दी बधाई

नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर के लिए नई रेल परियोजनाएं शुरू करने पर प्रधानमंत्री मोदी और रेल मंत्रालय को बधाई दी। श्रीनगर से लोकसभा सदस्य अब्दुल्ला ने कहा कि यह रेल मंत्रालय और प्रधानमंत्री मोदी का एक बड़ा कदम है और हम इस पहल का स्वागत करते हैं। हम उन्हें यह उपलब्धि हासिल करने के लिए बधाई देते हैं।

### कश्मीर की सुंदरता-संस्कृति से पूरी दुनिया प्रभावित

प्रधानमंत्री ने क्षेत्र के युवाओं की नई भावना की सराहना की और उनकी रोजमर्रा की जिंदगी में बदलावों को रेखांकित किया तथा खाड़ी देशों से निवेश के संबंध में अपनी उम्मीदें भी साझा की। कहा कि आज जब दुनिया जम्मू-कश्मीर में जी20 का आयोजन होते देखती है तो इसकी गूंज बहुत दूर तक पहुंचती है। पूरी दुनिया यहां की सुंदरता, परंपरा, संस्कृति और स्वागत से बहुत प्रभावित हुई है। आज हर कोई जम्मू-कश्मीर आने को तत्पर है।

## एक नजर

### लर्नर व ड्राइविंग लाइसेंस की वैधता 29 तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** सड़क मंत्रालय ने मंगलवार को एक आदेश जारी कर लर्नर लाइसेंस, ड्राइविंग लाइसेंस और कंडक्टर लाइसेंस की वैधता 29 फरवरी, 2024 तक बढ़ा दी है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने एक परिपत्र में कहा कि 31 जनवरी से 12 फरवरी तक सारथी पोर्टल में बुनियादी ढांचे से संबंधित मुद्दों देखने को मिले। ऐसे में आवेदकों को लाइसेंस संबंधी सेवाओं का लाभ उठाने में व्यवधान का सामना करना पड़ा है। इसे देखते हुए लर्नर लाइसेंस, ड्राइविंग लाइसेंस और कंडक्टर लाइसेंस, जिनकी वैधता 31 जनवरी और 15 फरवरी 2024 के बीच खत्म हो गई है, उन्हें 29 फरवरी तक वैध माना जाएगा।

### अभिनेता ऋतुराज का दिल का दौरा पड़ने से निधन

**मुंबई।** पहली बार 1993 में टीवी शो 'बनेगी अपनी बात' से प्रसिद्ध हुए और अगले तीन दशकों में कई टीवी सीरीयल, फिल्मों और ओटीटी शो में नजर आए प्रसिद्ध अभिनेता ऋतुराज सिंह का मंगलवार तड़के दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 59 साल के थे। पेट की किसी समस्या के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था और कुछ ही दिन पहले उन्हें छुट्टी दी गई थी। उनके करीबी दोस्त अमित बहल ने बताया कि देर रात 12:30 बजे दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया।

### पूर्व डीआईपीपी सचिव के परिसर पर सीबीआई छापा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) पूर्व डीआईपीपी सचिव रमेश अभिषेक से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में उनके परिसर पर तलाशी अभियान चला रहा है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 1982 बैच के बिहार कैडर के अधिकारी अभिषेक 2019 में सेवानिवृत हुए और इसके बाद एक निजी कंपनी में शामिल हो गए। उन्होंने कहा कि एजेंसी भ्रष्टाचार के मामले में दिल्ली में अभिषेक के एक परिसर की तलाशी ले रही है। अभिषेक औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग (डीआईपीपी) में सचिव पद पर तैनात रह चुके हैं।

### एसटीएफ ने सॉल्वर गैंग के एक सदस्य को दबोचा

**लखनऊ।** प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक कराने तथा फर्जी सॉल्वर बैठाकर परीक्षा दिलाने वाले गिरोह का एसटीएफ ने पर्दाफाश किया है। गिरोह के एक सदस्य को झांसी से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ के हत्थे चढ़ा अभिताभ रावत, मध्य प्रदेश का निवासी है। वह 2021 से लेकर अब तक मध्य प्रदेश की कई प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली करा चुका है। उसने 17 एवं 18 फरवरी को हुई उप्र पुलिस भर्ती में विष्णु चौधरी निवासी आगरा से संपर्क करके भर्ती कराने के नाम पर कई अभ्यर्थियों से धोखाधड़ी की है।

## रामलला के दर्शन कर बहुत भावुक हूं : धामी

अयोध्या कार्यालय

रामलला का दर्शन करते उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

- उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने कैबिनेट के साथ किया रामलला का दर्शन-पूजन
- बोले, राम मंदिर का निर्माण सनातनियों की जीत, नए युग व रामराज्य की शुरुआत

**अमृत विचार :** आज रामलला के दर्शन कर मन बहुत भावुक है। रोम-रोम भक्तिमय हो गया। पहले जब आया था तब रामलला को टेंट में देखकर मन बहुत दुखी था। 500 साल के संघर्ष के बाद अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण रामभक्तों व सनातन धर्म को मानने वालों की जीत के साथ-साथ नए युग और रामराज्य की शुरुआत है। हर रामभक्त यहां आकर रामलला का दर्शन-पूजन करना चाहता है। मैं भी रामभक्त होने के नाते यहां आया हूं और रामलला का दर्शन-पूजन कर खुद को सौभाग्शाली मानता हूं। यह बातें मंगलवार को रामनगरी पहुंचे उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहीं। वे अपनी कैबिनेट के साथ यहां रामलला का अशीर्वाद लेने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने रामलला को ब्रह्मकमल व भोज पत्र अर्पित किया। उन्होंने कहा कि एक लंबी प्रतीक्षा और लंबे संघर्ष के बाद प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बनकर तैयार हुआ है। इसके लिए बहुत बलिदान देने पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु श्रीराम यत्र, तत्र, सर्वत्र हैं। उनकी कृपा सभी पर है। प्रभु श्रीराम कभी राजनीतिक मुद्दा नहीं रहे और न ही हमने कभी श्रीराम के नाम पर राजनीति करने का प्रयास किया। उनका अशीर्वाद हर रामभक्त को मिलता है। मुख्यमंत्री धामी ने मंत्रिमंडल में अपने सहयोगियों सतपाल महाराज, प्रेमचंद अग्रवाल, सुबोध उनियाल, डॉ. धन सिंह रावत, रेखा आर्य एवं राज्यसभा सांसद नरेश बंसल के साथ दर्शन-पूजन किया। अंत में मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में उत्तराखंड सदन बनेगा। उत्तराखंड से प्रभु श्री राम के दर्शन करने के लिए अयोध्या पहुंचने वाले श्रीराम भक्तों को इस राज्य अतिथि गृह में सुविधा मुहैया कराई जाएगी।

## स्वामी प्रसाद का सपा व एमएलसी पद से इस्तीफा

**लखनऊ।** सपा से नाराज चल रहे पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता व विधान परिषद सदस्य पद से इस्तीफा दे दिया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव को भेजे गए पत्र में मौर्य ने कहा कि वह 13 फरवरी को भेजे गए पत्र पर वार्ता के लिए पहल न करने पर इस्तीफा दे रहे हैं। विधान परिषद सभापति को भेजे गए पत्र में लिखा कि वे सपा से परिषद के सदस्य निर्वाचित हुए थे, उन्होंने सपा से त्याग पत्र दे दिया है, इसलिए नैतिकता के आधार पर परिषद की सदस्यता से भी त्याग पत्र दे रहे हैं।

## कोतवाली के मालखाने से 12.48 लाख रुपये चोरी

संवाददाता, काशीपुर

- मालखाने के वर्तमान और रिटायर्ड मोहर्रिर व एक अन्य पुलिसकर्मी पर एफआईआर

**अमृत विचार :** कोतवाली के मालखाने से 12.48 लाख रुपये की नगदी चोरी हो गई। वर्ष 2017 में हत्या के एक मामले में आरोपियों के पास से पुलिस ने यह धनराशि जब्त की थी। जांच के बाद मामले में एसएसआई ने मालखाना मोहर्रिर, रिटायर्ड मालखाना मोहर्रिर व एक अन्य पुलिसकर्मी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

एसएसआई प्रदीप मिश्रा ने सोमवार को कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि मालखाने में रखी 12.48 लाख रुपये की धनराशि से संबंधित जांच उच्चाधिकारी द्वारा कराई गई थी। जांच के बाद कोतवाली में तैनात मालखाना मोहर्रिर हेड कांस्टेबल महेश पंत, रिटायर्ड मालखाना मोहर्रिर अपर उप निरीक्षक सुदेश कुमार तथा मालखाना मुंशी कांस्टेबल कुशाल सिंह पर धनराशि को गायब करने का संदेह है। उन्होंने कहा कि अप्रैल 2023 में तत्कालीन मालखाना मोहर्रिर सुदेश कुमार ने यह धनराशि अलमारी में देखी थी, लेकिन उसके बाद अगस्त 2023 में नवनियुक्त मालखाना मोहर्रिर हेड कांस्टेबल महेश पंत को चार्ज देने के दौरान धनराशि अलमारी से गायब थी। जबकि उसकी एकमात्र चाबी नवनियुक्त मालखाना मोहर्रिर के पास थी। तहरीर के आधार पर वर्तमान मालखाना मोहर्रिर, रिटायर्ड मालखाना मोहर्रिर व मालखाना मुंशी के खिलाफ धारा 409 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### इस मामले में मालखाने में जमा हुई थी धनराशि

वर्ष 2017 में रामपुर के थाना टांडा ग्राम हमीरपुर निवासी संतराम पुत्र स्वर्गीय मोहर सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी थी कि उसका भाई पृथ्वी सिंह पिछले 15 वर्षों से फसियापूरा में रेनू नाम की महिला के साथ रहता था जिसकी एक पुत्री भी है। 24 अप्रैल 2017 को उसके भाई ने अपने गांव की जमीन बेची थी। जिसके एवज में उसे 14.45 लाख रुपये नगद मिला था। जिसको लेकर वह रेनू के पास चला गया था। आरोप लगाया था कि रेनू की पुत्री का मानपुर निवासी हरप्रीत नाम के युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। 24 अप्रैल 2017 की रात को रेनू ने भाई की मौत की सूचना दी। पीड़ित ने रेनू व उसकी पुत्री और हरप्रीत पर हत्या का शक जताया था। पुलिस ने मामले का खुलासा कर आरोपियों के कब्जे से 12.48 लाख रुपये बरामद कर मालखाने में जमा कराया था।

सुविधा | निर्यात होगा आसान, सेल प्वाइंट सीधे एफपीओ से उत्पाद खरीदकर करेगा बिक्री

## दुबई में खुला सेल प्वाइंट, खरीदेगा यूपी के उत्पाद

विशेष

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

दुबई में आयोजित गल्फ फूड एक्सपो में एपिडा व डॉ. नेचर के अधिकारी।

- भुगतान रहेगा सुरक्षित, सीधे किसानों को मिलेंगे रुपये, मार्च से बिक्री की तैयारी

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) फल, सब्जी, गल्ला व इनसे बनने वाले खाद्य पदार्थों का निर्यात आसान होगा।

लखनऊ में मैंगो पैक हाउस संचालन व निर्यात करने वाली फर्म डॉ. नेचर ने कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के समन्वयक से दुबई के फूड एंड वेजीटेबल अल अवीर बाजार में सेल प्वाइंट खोला है। इस सेल प्वाइंट में कंपनी प्रदेश के किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) से सीधे उत्पाद खरीदेगी और दुबई, बहरीन, कुवैत, इराक, ओमान, कतर, सऊदी अरब आदि में आयात करेगी। यह कार्य अभी तक इन देशों द्वारा किया जाता है। इस प्रक्रिया में काफी समय लगता है और निर्यात की मंजूरी व भुगतान आदि में समय लगता है। लेकिन, इस सेल प्वाइंट से किसी तरह का झंझट नहीं रहेगा। खासबात यह है कि किसानों की बिक्री के रुपये सुरक्षित रहेंगे और कंपनी सीधे उनके खातों में समय पर भुगतान करेगी।

> यूएई में निर्यात करने में समस्या आती है। स्वीकृति से लेकर तमाम पेंच फंसते हैं। इससे किसानों का समय बर्बाद होता है। इसलिए सेल प्वाइंट खोला है। जहां खुद अपने उत्पाद एफपीओ से लेकर देशों में आयात करेंगे।
> – **अकरम बेग**, प्रमोटर, डॉ. नेचर

### 24 को एफपीओ जाएंगे दुबई, मार्च से निर्यात

दुबई में गल्फ फूड एक्सपो चल रहा है। वहां एपिडा के चेयमैन अभिषेक, सचिव डॉ. सुधांशु, डॉ. तरुन बजाज व डॉ. नेचर के प्रमोटर अकरम बेग टीम के साथ गए हैं। इस बीच वहां सेल प्वाइंट की तैयारी की जा रही है। निर्यात की शुरुआत लखनऊ और वाराणसी से की जाएगी। दोनों जिलों के 50 एफपीओ से एक-एक सदस्य 22 को दुबई सेल प्वाइंट का भ्रमण करने जाएंगे। चार्टर्ड प्लेन से भेजने के लिए सरकार को प्रस्ताव दिया है।

# किसान आंदोलन
## पर्यटन और बाजार पर पड़ा असर

# नैनीताल और भीमताल का रुख नहीं कर रहे पर्यटक

## दिल्ली-एनसीआर के सैलानियों के नैनीताल नहीं पहुंचने से स्थानीय कारोबारियों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** दिल्ली सीमा पर चल रहे किसान आंदोलन का पर्यटन पर गहरा असर पड़ रहा है। दिल्ली-एनसीआर से आने वाले सैलानियों के नैनीताल नहीं आने से स्थानीय कारोबारियों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

बता दें कि नैनीताल में इस वर्ष बर्फबारी नहीं होने से दिसंबर से फरवरी तक नैनीताल पहुंचने वाले सैलानियों की कमी से व्यापारी काफी निराश दिखाई दे रहे थे, तो वहीं अब उनको किसान आंदोलन की दोहरी मार झेलनी पड़ रही है।

जिसके चलते वीकेंड पर दिल्ली एनसीआर से आने वाले लोगों की संख्या में काफी कमी आ गयी है। जिसके चलते नगर में सन्नाटा पसरा हुआ है। जिसके चलते पर्यटन पर आधारित टैक्सी चालकों, नाव चालकों, गाइड, होटल कारोबारियों व छोटे-बड़े दुकानदारों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं होटलों की बुकिंग भी रद्द हो चुकी है।

नैनीताल का पर्यटन व्यवसाय और पर्यटकों की बीते कुछ दिनों से बेहद कम आमद से पर्यटन व्यवसायी बेहद परेशानी का सामना कर रहा है। किसान आंदोलन की वजह से भी नैनीताल का पर्यटन व्यवसाय खासा प्रभावित हुआ हुआ। पर्यटन व्यापारी इस बार नव वर्ष के खराब व्यवसाय की मार झेल रहा है। कुछ दिनों पहले हल्द्वानी प्रकरण और कर्फ्यू के बाद भी अब किसान आंदोलन से बेहद हताशा महसूस कर रहा है। हमारा आग्रह है की संबंधित सरकारी तंत्र और सभी किसान भाई तुरंत बातचीत से इस मसले का हल ढूंढे।
**-पुनीत टंडन**, अध्यक्ष, मां नयना देवी, नैनीताल व्यापार मंडल

बीते दो सप्ताह से काफी कम पर्यटक आ रहे हैं, जिसके चलते हमारे काम पर भी काफी फर्क पड़ा है। हम लोग पर्यटकों को होटल बुक कराने व अन्य स्थानों पर घुमाने से हर रोज 500 से 700 रुपये तक कमा लेते थे लेकिन अब दिन भर में बिल्कुल भी पैसा नहीं कमा पा रहे हैं। **- सुनील कुमार**, गाइड, नैनीताल

किसान आंदोलन का नैनीताल के पर्यटन पर काफी असर पड़ा है। लोग नैनीताल आने से कतरा रहे हैं जिसके चलते इस वीकेंड पर कई होटलों की बुकिंग भी कैंसिल हुई है और अगर जल्द स्तिथि सामान्य नहीं हुई तो आने वाले वीकेंड पर भी इसका असर पड़ सकता है।
**-वेद साह**, सचिव होटल व रेस्टोरेंट एसोसिएशन नैनीताल

हम लोग वीकेंड पर पांच से सात चक्कर और बाकी दिन भी तीन से चार चक्कर लगाते थे, लेकिन किसान आंदोलन व बनभूलपुरा घटना के बाद एक चक्कर लगाना भी मुश्किल हो चुका है। खासकर ठेके पर नाव चला रहे नाविकों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है।
**-राम सिंह, अध्यक्ष**, नाव मालिक संघ नैनीताल

### किसान आंदोलन से जिम कॉर्बेट के पर्यटन पर असर नहीं

**रामनगर।** किसान आंदोलन की वजह से भले ही अन्य स्थानों पर असर पड़ रहा हो लेकिन फिलहाल रामनगर में इसका पर्यटन व्यवसाय में कोई खास प्रभाव फिलवक्त पड़ता नजर नहीं आ रहा है। होटल एवं रिसोर्ट एसोशिएशन के अध्यक्ष हरि सिंह मान कहते हैं कि आंदोलन का प्रभाव कार्बेट पर्यटन पर नहीं पड़ा है। उन्होंने कहा कि अभी आंदोलनकारियों ने हरियाणा बॉर्डर सील किया है। यूपी बार्डर खुला होने से दिक्कत नहीं है। अधिकतर पर्यटक यहां दिल्ली से आते हैं। यूपी बॉर्डर पर यदि किसानों ने जाम लगा दिया तो इससे दिक्कत हो सकती है।

# वीकेंड पर भी काफी कम पहुंच रहे हैं पर्यटक

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** दिल्ली सीमा में चल रहे किसान आंदोलन का भीमताल व आसपास के क्षेत्र के पर्यटन स्थल पर खासा प्रभाव देखने को मिला है। भीमताल में ऑफ सीजन पर्यटकों की खासी संख्या पिछले वर्ष तक रही थी।

वहीं पिछले दो सप्ताह से वीकेंड भी पर्यटन को लेकर खासा प्रभावित रहा। वैसे तो भीमताल व आसपास के क्षेत्र में 31 फर्स्ट दिसंबर के बाद से पर्यटन खास नहीं रहता है लेकिन फिर भी कुछ लोग ऐसे होते हैं जो की सीजन के समय भीमताल व आसपास में पर्यटन को लेकर अफरा तफरी के माहौल में आना पसंद नहीं करते हैं। ऐसे में बहुत सारे पर्यटक ऑफ सीजन में भीमताल का रुख करते हैं। पर्यटकों के नहीं पहुंचने से कारोबारियों पर इसका सीधा असर पड़ रहा है।

वहीं भीमताल, सातताल, नौकुचियाताल, चाफी, अलचौना आदि क्षेत्र ऐसे क्षेत्र हैं जहां पर पक्षी विशेषज्ञ भी यहां पर जाड़ों में निवास करके अपने प्रवासी पक्षियों को देखने के शौक को पूरा करते हैं। इस बार दिल्ली में हुए आंदोलन से पक्षी पर्यटक भी खासा प्रभावित हुआ है।

वीकेंड खासा प्रभावित रहा। जिन लोगों ने इन दिनों रुकने के लिए इन्क्वायरी प्राप्त की थी। उनका कोई कंफर्मेशन नहीं हो पाया है। **-नितेश बिष्ट**, स्वामी होटल, माउंटेरिया 11

बहुत सारे पर्यटक दिल्ली और उससे लगे क्षेत्र से हर वीकेंड में आते थे, जो कि नियमित तौर पर आते थे। दो सप्ताह से नहीं आए हैं। इतना ही नहीं अन्य पर्यटन को लेकर कारोबार प्रभावित है। **-संजय महरा**, होटल स्वामी, वोल्नट क्रीक

बहुत ज्यादा असर देखने को मिला है, नियमित तौर पर आने वाली इन्क्वायरी में भी इसका असर है। पर्यटन तो मानिए इस समय कुछ भी नहीं है क्षेत्र में। **-हरीश जोशी**, होटल स्वामी, लेक्स नाइन

पर्यटकों की संख्या नहीं के बराबर है। नावों के साथ टैक्सी कारोबार भी खासा प्रभावित है। इससे लोगों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है। **-देवेन्द्र फर्त्याल**, अध्यक्ष, वोट चालक समिति

# मेरठ-दिल्ली बॉर्डर बंद होने से ट्रांसपोर्टरों पर पड़ रहा भार

**20** से 25 फीसदी कम हुआ कारोबार, 50 से 60 किमी. अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है ट्रक चालकों को

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** एमएसपी कानून बनाने सहित कई मांगों को लेकर एक बार फिर आंदोलित हुए किसानों द्वारा दिल्ली और मेरठ के कई बॉर्डर बंद करने से ट्रांसपोर्टर कारोबारियों पर इसका असर देखने को मिल रहा है। बॉर्डर बंद होने के कारण ट्रांसपोर्टरों पर आर्थिक भार बढ़ा है। वहीं कारोबार में भी गिरावट आने लगी है।

बताते चलें कि पिछले कुछ दिनों से दिल्ली के शंभू बॉर्डर, गाजीपुर बॉर्डर के अलावा मेरठ का औचंदी बार्डर, फैजाबाद बार्डर, करनाल बार्डर सहित कई संपर्क हाईवों की सीमाओं पर किसानों का जमावड़ा होने के कारण आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ट्रांसपोर्ट कारोबारियों का कहना था कि कई हाईवे वनवे और ज्यादातर हाईवों पर पुलिस प्रशासन द्वारा बैरिकेटिंग लगाकर पूर्णतया बंद कर दिए हैं। यदि यह सिलसिला चलता रहा तो कारोबार में काफी गिरावट आने की संभावना है। जिस ट्रक को अपने गंतव्य तक पहुंचने में एक से दो दिन का समय लगता था।

अब चालकों को तीन से चार दिन का समय लग रहा है। कई किलोमीटर अतिरिक्त चलने के कारण डीजल-पेट्रोल सहित चालकों का खर्चा भी बढ़ा है। कारोबारियों का मानना है कि यदि आंदोलन लंबा चला तो बाजार की अर्थव्यवस्था पर इसका बुरा असर पड़ सकता है। जिसको लेकर ट्रांसपोर्टरों ने चिंता व्यक्त की है।

पिछले कुछ दिनों से दिल्ली, मेरठ, पंजाब व करनाल बॉर्डर के बंद होने के कारण ट्रांसपोर्ट कारोबार में 20 से 25 फीसदी कारोबार में गिरावट आई है और ट्रांसपोर्टरों पर डीजल-पेट्रोल के खर्चे के अलावा चालकों पर होने वाले खर्च का भी अधिभार बड़ा है। यदि यह सिलसिला ऐसे ही चलता रहा तो अन्य कारोबारियों पर भी इसका असर देखने को मिल सकता है। समय रहते बार्डर नहीं खुले तो आवाजाही ठप होने लगेगी।
**-महेंद्र सिंह भाटिया**, ट्रांसपोर्टर, रुद्रपुर

किसान आंदोलन और पुलिस प्रशासन द्वारा बॉर्डर पर बैरिकेडिंग करने के कारण भारी वाहनों की आवाजाही में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि जिस गंतव्य तक जाने में दो से तीन का समय लगता था। वर्तमान में चार से पांच दिन तक का समय लग रहा है और आर्थिक बोझ भी बड़ा है। उत्पादों की आवाजाही ज्यादातर दिल्ली, पंजाब, मेरठ हाईवों की ओर होता है। बॉर्डर बंद होने के कारण वाहनों को 50 से 60 किमी. अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है।
**-जमील अहमद**, ट्रांसपोर्टर, रुद्रपुर

किसान आंदोलन के कारण हल्द्वानी के ट्रांसपोर्ट नगर में खड़े ट्रक। ● अमृत विचार

# हल्द्वानी में धीमी पड़ गई है ट्रांसपोर्ट कारोबार की रफ्तार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** किसान आंदोलन से हल्द्वानी में ट्रांसपोर्ट कारोबार की रफ्तार धीमी पड़ गई है। पंजाब, हरियाणा समेत अन्य राज्यों को सामान लेकर जाने वाले ट्रक आंदोलन के चलते नहीं जा पा रहे हैं। करीब 30 से 40 प्रतिशत ट्रकों की आवाजाही घट गई है। जिससे कारोबारियों को हर दिन लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है।

हल्द्वानी और रुद्रपुर से रोजाना 100 से 120 ट्रक सामान लेकर यूपी, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा रूट से होते हुए विभिन्न राज्यों को जाते हैं। ठीक इतनी ही संख्या में ट्रक दूसरे राज्यों से सामान लेकर यहां आते हैं। लेकिन किसान आंदोलन की वजह से रास्ते जाम होने के कारण ट्रकों की आवाजाही घटकर 30 से 40 प्रतिशत पर आ गई है।

ट्रांसपोर्ट कारोबारियों के मुताबिक राजधानी दिल्ली से लगे कुंडली बॉर्डर, सिंधू बार्डर, टिकरी बॉर्डर, ओचंदी बॉर्डर और गाजीपुर बॉर्डर में किसानों का आंदोलन चल रहा है। जिस वजह से ट्रकों को गांवों के रास्ते निकलकर जाना पड़ रहा है। इसमें करीब 50 से 60 लीटर डीजल अतिरिक्त खर्च हो रहा है। वहीं भोपुरा और टीपीनगर बॉर्डर से ट्रक दिल्ली में प्रवेश कर रहे हैं। कई ट्रक चालक हापुड़ और गाजियाबाद तक ही माल भरकर ले जा रहे हैं। आंदोलन के कारण एक ट्रक से करीब 8 से 10 हजार रुपये का नुकसान हर दिन हो रहा है।

**30** से 40 प्रतिशत तक घटी ट्रकों की आवाजाही, हर दिन हो रहा लाखों रुपये का नुकसान

ट्रक गांवों के रास्ते निकलकर जा रहे हैं। इसमें 5 हजार का तेल अतिरिक्त लग रहा है। टोल का खर्च भी बढ़ गया है। हर दिन एक गाड़ी से 8 से 10 हजार का नुकसान हो रहा है। **- राजेश पुरी**, ट्रांसपोर्टर हल्द्वानी

### खड़िया पाउडर और लकड़ी जाती है रोजाना

ट्रांसपोर्ट नगर से रोजाना 8 से 10 ट्रक खड़िया पाउडर और लकड़ी लेकर बाहरी राज्यों को जाते हैं। खड़िया पाउडर डेराबसी (चंडीगढ़), लुधियाना, जालंधर और बरनाला में विभिन्न कंपनियों में भेजा जाता है। जबकि लकड़ी लुधियाना भेजी जाती है। आंदोलन के कारण बॉर्डर बंद होने से कारोबारियों को दिक्कत हो रही है। यदि जल्द आंदोलन खत्म नहीं हुआ तो परेशानी और बढ़ सकती है।

# हल्द्वानी को छोड़ बाकी जगह झमाझम बारिश

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया है। नैनीताल जिले में हल्द्वानी को छोड़कर अन्य स्थानों पर झमाझम बारिश हुई। बारिश के चलते कई स्थानों पर ठंड बढ़ गई है।

नैनीताल में चार मिमी, कोश्याकुटौली में छह मिमी, धारी में आठ मिमी, कालाढूंगी और रामनगर में एक-एक मिमी और मुक्तेश्वर में 7.3 मिमी बारिश दर्ज की गई है। पहाड़ों में हुई बारिश के बाद ठंड बढ़ गई है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय रहने के आसार जताए हैं। इधर मंगलवार को हल्द्वानी में बारिश नहीं हुई। यहां सुबह से ही धूप निकली रही और दिन के समय हल्की गर्मी भी महसूस हुई। अधिकतम तापमान 25.6 डिग्री और 14.8 डिग्री दर्ज किया गया है।

### मौसम

- हल्द्वानी में मंगलवार को निकली चटक धूप
- जिले के अन्य स्थानों पर बारिश से बढ़ी ठंड

# ताल से पानी रिसाव, चिंता बढ़ी

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** भीमताल के नगर पंचायत वार्ड छ के अन्तर्गत आने वाली नल दमयंती ताल से पानी का रिसाव लगातार जारी है, जिससे स्थानीय निवासियों में झील में पानी को लेकर चिंता बढ़ गई है।

नगर पंचायत के द्वारा आसपास पर्यटन को विकसित करने के लिए इसका खासा सौंदर्यकरण किया गया है। इसके रिसाव को रोकने के लिए भी खासा कार्य किया पर वर्तमान में भी इसका पानी रिस रहा है। स्थानीय निवासियों की मानें तो सिंचाई विभाग के स्वामित्व वाली झील में विभाग के द्वारा झाड़ी कटान का कार्य और कुछ अन्य कार्य के अलावा कुछ अन्य कार्य नहीं किया गया है। स्थानीय निवासियों और झील के धार्मिक महत्व को देखते हुए श्रद्धालुओं ने एक बार फिर से पानी के रिसाव को रोकने के लिए सकारात्मक कार्य करने का अनुरोध किया है।

भीमताल के नगर पंचायत वार्ड छह स्थित नल दमयंती ताल। ● अमृत विचार

# विधायक बने वन्य जीव बोर्ड के सदस्य

**रामनगर।** क्षेत्र के विधायक दीवान सिंह बिष्ट को शासन ने वन्यजीव सलाहकार बोर्ड का नामित सदस्य मनोनीत किया है। इसके साथ ही विधायक सुरेश चौहान व कालाढूंगी के विधायक बंशीधर भगत भी सदस्य नामित किए गए है। इनका कार्यकाल दो वर्ष के लिए होगा।

विधायक दीवान सिंह व बंशीधर भगत के वन्यजीव सलाहकार बोर्ड का सदस्य बनने पर भाजपा नगर अद्यक्ष मदन जोशी समेत भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि दोनों विधायक क्षेत्र में मानव वन्य जीव संघर्ष को कम किए जाने को लेकर शासन को अपने महत्वपूर्ण सुझाव देंगे।

# प्रधानमंत्री ने किया मेरु योजना का प्रारंभ

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय की ओर से प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम उषा) प्रारंभ किया गया।

इस वर्ष प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम उषा) के तहत देश की 26 विश्वविद्यालय को अपने शैक्षणिक बुनियादी ढांचे अनुसंधान क्षमताओं और समग्र शैक्षिक पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनाने के लिए 100 करोड़ की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

इसी के तहत उत्तराखंड राज्य में कुमाऊं विश्वविद्यालय को प्रयोगशालाओं को उन्नत करने, कक्षाओं को आधुनिक बनाने, नवीन नवाचार केंद्रों को बढ़ावा देने सहित विभिन्न विषयों में अनुसंधान को बढ़ावा देने हेतु 100 करोड़ की योजना के तहत मल्टीपल डिसीप्लिनरी एजुकेशन एवं रिसर्च युनिवर्सिटी (मेरु) कैटेगरी में चयनित किया गया है।

इस योजना का प्रारंभ मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ऑनलाइन माध्यम से किया गया। इसके तहत कुमाऊं विश्वविद्यालय के भीमताल परिसर स्थित प्रबंध अध्ययन विभाग सभागार में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में समस्त हितधारकों उपस्थित रहे। कार्यक्रम में परिसर निदेशक ने केंद्र सरकार के नेतृत्व में उच्च शिक्षा के उन्नयन किये जा रहे प्रयासों की सराहना कर कुमाऊं विश्वविद्यालय को विशेष अनुदान (मेरु) के तहत चयनित किए जाने पर समस्त हितधारकों को बधाई दी। उनका कार्यक्रम में स्वागत किया गया।

भीमताल में प्रधानमंत्री को ऑनलाइन सुनते छात्र व अन्य लोग। ● अमृत विचार

### ऑनलाइन माध्यम से प्रधानमंत्री को सुना

कार्यक्रम का संचालन परिसर की अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर वीना पांडे ने किया। कार्यक्रम में प्रबंध अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अमित जोशी, भेषज विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष, तकनीकी संकायाध्यक्ष तथा प्रधानाचार्य कम्युनिटी कॉलेज प्रोफेसर कुमुद उपाध्याय, विभागाध्यक्ष जैव प्रौद्योगिकी प्रोफेसर तपन नैनवाल सहित भाजपा मंडल अध्यक्ष कमला आर्या, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज भट्ट, पंकज जोशी, भानु पाठक, रवि कुमार, परिसर कुलानुशासक रिशेंद्र कुमार, छात्रावास अधीक्षक डॉ. तीरथ कुमार, डॉ सुनील अरोरा, डॉ संतोष उपाध्याय, डॉ लक्ष्मण सिंह, गिरीश भट्ट, मनोज रौतेला आदि शामिल हुए।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शैल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
यह सुविधा 15 फरवरी 2024 से 26 फरवरी 2024 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन
भर्ती मरीजों की मुफ्त जाँचें
नार्मल व सिजेरियन डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में हैड सीटी 800/- में
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत फाईलेरिया की दवाई रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में कमरा नं. 1167 में मुफ्त में मिलेगी।
भर्ती मरीजों की दवाईयाँ भारी छूट पर
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनलमेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. सी.ए.आर.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
इम्पैनलमेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
*T&C Apply
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

## एक नजर

### अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष आज करेंगे निरीक्षण

**हल्द्वानी :** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन इकबाल सिंह लालपुरा, उपाध्यक्ष केसरी के देबू, सदस्य रिंचन लेहमू आज दो दिवसीय दौरे पर हल्द्वानी पहुंच रहे हैं। वह दोपहर 2:35 बजे पंतनगर एयरपोर्टपहुंचेंगे। यहां से सड़क मार्ग से शाम 4 बजे हल्द्वानी पहुंचेंगे। 4:30 बजे बनभूलपुरा का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। यहां डीएम, एसएसपी, राजस्व सचिव, समाज कल्याण के अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। वे रात्रि विश्राम नैनीताल में करेंगे। फिर गुरुवार को अल्पसंख्यक आयोग के सदस्यों से मुलाकात करेंगे।

### 10 दिन बाद खुला इंद्रा नगर उपखनिज निकासी गेट

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा में कर्फ्यू हटने के बाद स्थिति सामान्य होने पर गौला नदी का इंद्रा नगर उपखनिज निकासी गेट भी मंगलावार को खोल दिया गया है। मंगलवार को 631 से अधिक वाहन नदी में खनन के लिए पहुंचे। वन विभाग के अनुसार, बीती 8 फरवरी को बनभूलपुरा में हुए बवाल के बाद प्रशासन ने रात को ही कर्फ्यू लगा दिया था।

### दंगाइयों से बैर लेकर महिला पुलिसकर्मी को बचाने वाले आबिद ने खुद की हिफाजत के लिए घर पर लिखा लक्ष्मी का नाम

# पहले पुलिस को बचाया फिर पुलिस से बचने को लगाया पोस्टर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** उस शाम दंगे की घटना के बाद इलाके की लाइट काट दी गई, चारों ओर अंधेरा था, हर तरफ आग के गोले और धुएं का गुबार था। लोग चीखते-पुकारते यहां-वहां भाग रहे थे। ढहाए गए मदरसे के पास ही कुछ जवान लड़के एक महिला पुलिसकर्मी को बुरी तरह पीट रहे थे। पुलिसकर्मी पूरी तरह कीचड़ में लथपथ थी, उसके ऊपर चढ़कर लड़के उन्हें पीट रहे थे। वह बार-बार चिल्ला रही थीं कि मैं लड़की हूं, मैंने कुछ नहीं किया है, मुझे छोड़ दो, लेकिन उन्मादी सुनने को तैयार नहीं थे। पुलिसकर्मी के सिर के बाल छोटे थे, इसलिए उनकी बात पर लड़कों को यकीन नहीं हो रहा था और वो बार-बार यही कह रहती थी कि मैं लड़की हूं...

उस समय मैं अपनी 5 साल की बेटी के साथ घर को आ रहा था। महिला पुलिसकर्मी को मारने के लिए एक लड़के ने बड़ा-सा पत्थर भी उठा लिया था। तभी मैंने लड़-झगड़कर किसी तरह उन्हें बचाने की कोशिश की। मुश्किल से उन्हें अपने घर तक ला पाया, भीड़ ने मेरा पीछा किया, मुझे भी मारा-पीटा, मेरे पेट व हाथ में चोटें आई हैं। भीड़ जब मोहल्ले में दाखिल हुई तो मोहल्ले वालों ने उन्मादियों को समझाया कि यहां की ओर कोई नहीं आया।


दरवाजे पर लगा पोस्टर दिखाता आबिद।

मैंने घर के दरवाजे अंदर से बंद कर दिए व मेरी पत्नी ने उन्हें बाथरूम में छुपा दिया। हम भी डर गए थे कि कहीं भीड़ हमारे घर में तोड़फोड़ या जला ने दे। महिला पुलिसकर्मी को बेरहमी से पीटा गया था, उन्हें सिर व शरीर पर कई चोटें आई थीं, वह बोल नहीं पा रही थीं, वह कंपकंपा रही थीं। मेरी पत्नी ने उनकी मदद की।

मेरे पास जितने भी पुलिस वालों के नंबर थे, मैं लगातार उनसे संपर्क कर रहा था कि आपकी एक पुलिसकर्मी मेरे घर पर सुरक्षित है। इस दौरान किसी ने हमारे घर के बाहर पेट्रोल बम फेंक दिया, जिसकी बहुत जोर की आवाज अंदर तक आई। रात में करीब 11.30 बजे कई पुलिसवाले आए व उन्हें यहां से सुरक्षित लेकर गए।

**(पुराना चील घर, बनभूलपुरा निवासी आबिद सिद्दीकी ने जैसा संवाददाता ललित पांडे को बताया)**

### इसलिए घर पर लिखवा दिया लक्ष्मी का नाम

**हल्द्वानी :** जब दूसरे-तीसरे दिन इलाके में सर्च अभियान चलाया जाने लगा तो दर्जनों पुलिस वाले मेरे घर आए व दंगों का अभियुक्त करार देते हुए मुझे भी उठाकर ले जाने लगे। मेरी पत्नी ने उनसे कहा कि हमने आपकी एक महिला पुलिसकर्मी को बचाया और आप हम पर अत्याचार कर रहे हो। पुलिसकर्मियों को मेरी पत्नी की बात पर बिल्कुल यकीन नहीं हुआ तो मैंने उन्हें अपने घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज दिखाई, जिसमें हमारा परिवार उस महिला पुलिसकर्मी की मदद करते दिख रहा था। पूरा वीडियो देखने के बाद ही उन्होंने मुझे छोड़ा। फिर से पुलिसवाले परेशान न करें, इसलिए मैंने घर के दरवाजे पर लिखवा दिया- ये घर वो है जिन्होंने कांस्टेबल की जान बचाई है, लक्ष्मी उनका नाम है।

उस समय भीड़ बेकाबू थी। किसी तरह मोहल्ले के लोगों ने उन्हें समझाया कि यहां कोई नहीं है। मोहल्ले के सभी लोगों ने बहुत मदद की। वे कौन लोग थे, नहीं पता। - **फिरदौस**, पड़ोसी

महिला पुलिसकर्मी बेहद घायल अवस्था में थीं, उनका बीपी लो हो गया था, मैंने कॉफी बनाकर उन्हें दी। वह दर्द से कराह रही थीं और बार-बार यही कह रही थीं कि मैं मर जाऊंगी। - **मेहरीन**, आबिद सिद्दीकी की पत्नी

### प्रशासन ने हाल तक नहीं पूछा

पुराना चील घर, बनभूलपुरा के आबिद सिद्दीकी कहते हैं कि नफरत हारती है व इंसानियत हमेशा जीतती है। उन्होंने कहा कि दंगों के बीच एक पुलिसकर्मी की जान बचाने की वजह से आज मैं व मेरा परिवार महफूज हैं। लेकिन, उन्हें प्रशासन से शिकायत भी है। वह कहते हैं कि अब तक कोई हमारा हालचाल पूछने नहीं आया, हम अपनी ओर से लोगों को राशन आदि बांट रहे हैं।

## प्रदेश में आ रहे बाहरी लोगों के सत्यापन की मांग

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** भगवा रक्षा परिषद ने प्रदेश में आ रहे बाहरी लोगों को सत्यापन करने की मांग की है।

प्रतिनिधि मंडल ने एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा को संबोधित ज्ञापन एसपी सिटी प्रकाश चंद को सौंपकर कहा कि राज्य में बंगाल और अन्य राज्यों से बसों में लोग भर-भर कर आ रहे हैं। ये बसें खाली वापस जाती हैं। इन बसों की नैनीताल जिले के बॉर्डर पर ही चेकिंग की जाए।

साथ ही इन बसों में आने-जाने वाले यात्रियों की संख्या, पहचान की शिनाख्त भी सुनिश्चित की जाए। इस पर एसपी सिटी ने जिले के बॉर्डर पर ही वाहनों की चेकिंग, यात्रियों की संख्या का ब्योरा आदि चेक करने का आश्वासन दिया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु जोशी, मनोज परगाई, प्रकाश नौटियाल, अंशु जोशी, करन दरम्वाल, नवजोत सिंह मौजूद रहे।

# दंगे के दिन हल्द्वानी में था मास्टर माइंड, फुंके कारतूस मिले

### पुलिस के मोबाइल सर्विलांस ने खोले राज, दंगे के दिन ट्रेस हुआ अब्दुल मलिक, पुलिस को मोईद की भी सरगर्मी से तलाश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** दंगे का मास्टर माइंड बताया जा रहा अब्दुल मलिक दंगे के दिन शहर में ही था और दंगा भड़कते ही वो परिवार सहित फरार हो गया। हाल में हुई कुर्की भी इस बात की ओर इशारा कर रही है कि मलिक सीधे तौर पर दंगे में शामिल था। कुर्की में मलिक के घर से कई इस्तेमाल किए कारतूस मिले हैं, जिन्हें दंगे से जोड़ कर देखा जा रहा है। फिलहाल, तो मलिक कहां है, ये किसी को नहीं पता। पुलिस मलिक और उसके बेटे मोईद की सरगर्मी से तलाश कर रही है। जिसके बाद ही दंगे के षड्यंत्र से पर्दा उठेगा।

बता दें कि दंगे की शुरुआत मलिक का बगीचा से हुई थी। उस मलिक का बगीचा से, जिस पर अब्दुल मलिक अपना दावा बता रहा था और दावे को पुख्ता करने के लिए उसने नजूल की भूमि पर मदरसा और प्रार्थना स्थल बना दिया था। 8 फरवरी को पुलिस, प्रशासन और नगर निगम की टीम जब उक्त भूमि पर कब्जा लेने पहुंची तो दंगा भड़क गया और तभी से मलिक परिवार समेत फरार है। सूत्रों का कहना है कि पुलिस की सर्विलांस टीम ने जब अब्दुल मलिक के मोबाइल नंबर को सर्विलांस पर लगाया और सीडीआर निकली तो पता लगा कि दंगे के दिन अब्दुल मलिक शहर में ही था। दंगे के दो दिन पहले मलिक ने अपना मोबाइल नंबर बंद कर दिया था और दंगा भड़कते ही वो फरार हो गया।

इधर, न्यायालय से कुर्की और गृह मंत्रालय से लुक आउट नोटिस जारी होने के बाद भी जब मलिक और उसके बेटे मोईद का कुछ पता नहीं चला तो पुलिस कुर्की के लिए उसके लाइन नंबर 8 बनभूलपुरा स्थित कोठी पहुंची। कोठी से 6 डंपर से ज्यादा माल निकला, जिसे निकालते-निकालते पुलिस को 18 घंटे से ज्यादा का वक्त लग गया। सूत्र कहते हैं कि कुर्की के दौरान कोठी से जिंदा और इस्तेमाल हुए कारतूस निकले। बताया यह भी जा रहा है कि मलिक के नाम पर शस्त्र लाइसेंस नहीं है, ऐसे में कोठी से कारतूस की बरामदगी बड़े सवाल खड़े कर रही है और वो भी इस्तेमाल कारतूस। ऐसा माना जा रहा है कि इन कारतूस का इस्तेमाल दंगे के लिए किया गया होगा।

दंगे के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक का घर। ● अमृत विचार

अब्दुल मलिक।

अब्दुल मोईद।

### नया मोबाइल नंबर इस्तेमाल कर रहा मलिक

**हल्द्वानी :** पुलिस और कचहरी की कार्यप्रणाली से मलिक अच्छी तरह वाकिफ है। यही वजह है कि दंगे से दो दिन पहले ही उसने अपना नंबर बंद कर दिया था, ताकि दंगे से उसका गठजोड़ साबित न हो सके। अब यह बात भी सामने आ रही है कि अपना नंबर बंद करने के बाद मलिक ने किसी और के नाम से दूसरा सिम कार्ड खरीदा और अब वह इसी नए कार्ड के जरिये अपने वकीलों और शरणदाताओं के संपर्क में हैं। बताया जा रहा है कि कहीं सीसीटीवी में कैद न हो तो, वह एक ही स्थान पर डेरा जमाए हुए हैं।

### बाहर से आए दंगाइयों को मिला लोगों का साथ

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा के लोग पहले इस बात को सिरे से खारिज कर रहे थे कि दंगे में स्थानीय लोगों का कोई हाथ नहीं है, लेकिन जैसे-जैसे सीसीटीवी फुटेज और वीडियो सामने आ रहे हैं, उससे यह स्पष्ट हो गया है कि दंगे में स्थानीय लोगों ने आगे बढ़कर हिस्सा लिया। अब लोग न सिर्फ इस बात को स्वीकार कर रहे हैं, बल्कि यह भी कह रहे हैं कि दंगाई बाहर से आए थे और उन्होंने दंगे को भड़काया। जब दंगा भड़का तो स्थानीय युवा और अधेड़ उम्र के लोग बगैर कुछ सोचे-समझें दंगे का हिस्सा बना गए।

### देश में है या छोड़कर भाग गया अब्दुल मलिक

**हल्द्वानी :** बीती 8 फरवरी से फरार अब्दुल मलिक न सिर्फ पुलिस के लिए चुनौती बन गया है, बल्कि पुलिस की एलआईयू और इंटेलीजेंस को भी उसने कटघरे में खड़ा कर दिया है। अभी तक सूत्रों के हवाले से सिर्फ यह स्पष्ट हुआ है कि मलिक दंगे के दिन शहर में था और वह भी सर्विलांस के बूते, लेकिन एलआई और इंटेलीजेंस 12 दिन बाद भी यह पता नहीं लगा सकी कि अब्दुल मलिक देश है भी या फिर देश छोड़ कर फरार हो गया है। संभावना है कि मलिक परिवार समेत उत्तर प्रदेश में कहीं दुबका है।

## कर्फ्यू खत्म, अब संगीनों के साये में बनभूलपुरा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा से अब कर्फ्यू पूरी तरह हटा लिया गया है, लेकिन एहतियान क्षेत्र में फोर्स तैनात है। आने वाले कुछ दिनों तक पुलिस और पैरा मिलिट्री फोर्स पूरे क्षेत्र में निगरानी बनाए रखेंगे। यही वजह है कि कर्फ्यू खत्म होने के बावजूद क्षेत्र में संदिग्ध दिखने वाले हर एक को रोककर पूछताछ की जा रही है।

बीती 8 फरवरी को दंगा भड़कने के बाद पूरे शहर में प्रशासन ने कर्फ्यू घोषित कर दिया था। शहर के चप्पे-चप्पे में पैरा मिलिट्री फोर्स और पुलिस का पहरा लगा दिया। स्थिति सामान्य हुई तो तीन दिन बाद बनभूलपुरा को छोड़कर शहर को कर्फ्यू मुक्त कर दिया गया और बनभूलपुरा में और भी कड़ा पहरा लगा दिया गया। धीरे-धीरे बनभूलपुरा को भी कर्फ्यू में छूट दी जाने लगी, लेकिन मलिक का बगीचा में कर्फ्यू बदस्तूर जारी रहा। अब 20 फरवरी से मलिक के बगीचे को भी कर्फ्यू मुक्त कर दिया गया, लेकिन तमाशबीनों को मलिक का बगीचा की ओर जाने की इजाजत अब भी नहीं है। पूरे बनभूलपुरा क्षेत्र में पैरा मिलिट्री और पुलिस चप्पे-चप्पे पर तैनात है। खास तौर पर मलिक का बगीचा की ओर कड़ी निगरानी की जा रही है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार के बाद से पैरा मिलिट्री फोर्स की रवानगी कर दी जाएगी।

### निगरानी जारी

- 20 फरवरी से पूरी तरह कर्फ्यू मुक्त हुआ बनभूलपुरा
- एहतियातन क्षेत्र में बनी रहेगी पैरा मिलिट्री और पुलिस की तैनाती

### जख्मों के मिलान से खुलेगा कारतूस का राज

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा में जितने भी शस्त्र हैं, पुलिस उन्हें जमा करा रही है। कहीं इन शस्त्रों का इस्तेमाल दंगे में नहीं हुआ तो पुलिस इसकी भी जांच कर रही है। इधर, मलिक के घर से मिले इस्तेमाल किए कारतूस दंगे की कहानी में नया मोड़ लेकर आए हैं। बताया जा रहा है कि जो लोग दंगे में गोली लगने से घायल हुए हैं या मरे हैं, पुलिस अब उनके जख्मों से मलिक के घर से मिले कारतूस का मिलान कराएगी। अगर जख्म मलिक के घर से मिले कारतूस से मेल खाते हैं तो यह मलिक के खिलाफ अहम सुबूत होंगे।

# बनभूलपुरा के दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** बनभूलपुरा में पुलिस, प्रशासन व पत्रकारों पर हमले की निंदा करते हुए विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम के माध्यम से सीएम पुष्कर धामी को ज्ञापन भेजकर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

मंगलवार को विश्व हिन्दू परिषद व बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने तहसील में पहुंचकर एसडीएम रेखा कोहली को ज्ञापन देते हुए कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश पर अवैध मदसे को हटाने गये पुलिस, प्रशासन व पत्रकारों पर जानलेवा हमला, आगजनी व हिन्दू समाज पर भी पथराव करने वाले बनभूलपुरा के दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड देव भूमि में पहले भी कांवड़ यात्रा में पथराव, धर्मांतरण, नाबालिक लड़कियों से दुराचार, लव जिहाद व धार्मिक स्थलों पर गौ हत्या कर अवशेषों को फेंकना व हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओं की निर्मम हत्या जैसे घटनाएं चुनौती बनकर खड़ी हैं।

कार्यकर्ताओं ने उत्तराखंड के संवेदशील जिलों में ऐसे जिहादी विचारधारा के लोगों पर तुरंत कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान प्रखंड मंत्री तारा चंद्र, मुकेश गुरानी सहसंयोजक, दीपू बुढ़लाकोटी, रवि दिगारी, चंचल खोलिया, मुदित कुमटीया, गिरीश पडलिया, गुड्डू चौहान, रमेश जोशी, मोहन सिराडी, कृष्णा मेहरा मौजूद रहे।

एसडीएम रेखा कोहली को ज्ञापन देते विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता।

## जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने की आर्थिक मदद

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** दिल्ली से आई जमीयत उलेमा-ए-हिंद की डेलीगेशन टीम ने मंगलवार को बनभूलपुरा के घटना से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और मृतकों के परिवार के लोगों को 2-2 लाख रुपये दिए और घायलों को भी जरूरी मदद की।

टीम ने क्षेत्र के लोगों को जरूरी सामान के 300 पैकेट बांटे। इस मौके पर मौलाना फजलुल रहमान, मुफ्ती कदीर, मौलाना असलम जावेद, मुकीम कासमी, कासिम, आसिम, सलमान, मुफ्ती रिजवान, लुकमान आदि उपस्थित रहे।

बनभूलपुरा लाइन नंबर-17 में दंगे में मरे लोगों के परिजनों को चेक बांटते जमीयत उलेमा-ए- हिंद के मुफ्ती अब्दुल राजिक।

## बनभूलपुरा में कर्फ्यू के बाद स्कूल खुले

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** बनभूलपुरा क्षेत्र में हिंसा के बाद आठ फरवरी की शाम से कर्फ्यू लगा दिया था। जिस वजह से यहां शिक्षण संस्थान भी बंद हो गए थे। सोमवार को कर्फ्यू हटा दिए जाने के बाद क्षेत्र के स्कूलों को खोल दिया गया। 11 दिन के बाद स्कूलों में बच्चे पहुंचे हैं।

बनभूलपुरा क्षेत्र में कर्फ्यू लगने के बाद ललित महिला इंटर कॉलेज, जीआईसी बनभूलपुरा और जीजीआईसी बनभूलपुरा बंद कर दिए गए थे। साथ ही क्षेत्र में अन्य स्कूलों की स्कूल बसों ने भी आना बंद कर दिया था। इसके अलावा क्षेत्र में अन्य शिक्षण संस्थान भी बंद करा दिए गए थे। सोमवार को जिलाधिकारी वंदना सिंह के आदेश के बाद बनभूलपुरा थाना क्षेत्र पूरी तरह से कर्फ्यू कर दिया गया। सोमवार को स्कूलों और अन्य शिक्षण संस्थानों में बच्चे पढ़ने के लिए पहुंचे।

**दंगे का असर** | मलिक का बगीचा में पसरा है सन्नाटा, गलियों में भी है कम चहल-पहल, घरों की छतों पर कपड़े सूखते नजर जा रहे

# दरवाजों पर बाहर लटके ताले, अंदर लोगों के रहने की सुनाई दे रही आहट

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** मलिक का बगीचा के पास बने ज्यादातर घरों में ताले लटके हुए हैं। हालांकि कई घरों के बाहर ताले लटके होने के बावजूद अंदर लोगों से लोगों के रहने की आहट सुनाई दे रही है। एक बंद घर के अंदर से टीवी चलने की धीमी आवाज तक आ रही थी।

मंगलवार को बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में कर्फ्यू पूरी तरह से हटा दिया गया है। थाना क्षेत्र में ही मलिक का बगीचा वो जगह है जहां पर मदरसा और नमाज स्थल हटाए जाने को लेकर आठ फरवरी को उपद्रव हुआ। लाखों रुपये के वाहन फूंक दिए गए। पुलिस, प्रशासन, नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ ही हिंसा में पत्रकार भी घायल हो गए। 12 दिन बाद कर्फ्यू को पूरी तरह से हटाया गया और हिंसा की घटना के दो सप्ताह बीतने से पहले ही अब मलिक का बगीचा और उसके आसपास का इलाका पूरी तरह से शांत हो गया है। मलिक का बगीचा से सटे ज्यादातर घरों के बाहर ताले लटके हुए हैं। जमींदोज हो चुकी नमाज स्थल के दरवाजे के सामने बने घर में भी ताला लटका है लेकिन घर की तीसरी मंजिल पर एक बच्चा आहते से नीचे झांक रहा था। जल्द ही किसी की अंदर से आवाज आयी और वह बच्चा अंदर चला गया। इसी तरह से एक दुकान के पास बने घर के बाहर भी ताला लटका है लेकिन उस घर के अंदर से टीवी चलने की धीमी आवाज आ रही थी। मलिक का बगीचा के पास की एक गली के घर के बाहर भी ताला लटका हुआ था लेकिन घर की छत पर कपड़े सूख रहे थे।

**मर्द काम पर जा रहे तो लगा जा रहे ताला:** स्थानीय लोगों ने बताया कि जिन घरों के बाहर ताला होने के बाद भी उसके अंदर लोग मौजूद हैं, उन घरों के मर्द अब कर्फ्यू हटने के बाद काम पर जा रहे हैं। अपने पीछे घरों के दरवाजे पर बाहर से ताला लगा रहे हैं। ऐसा कई घरों में किया जा रहा है।

लोगों के घरों में लगे ताले। ● अमृत विचार

### फोर्स का अभी भी पहरा

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा में कर्फ्यू हटा दिया गया है लेकिन मलिक का बगीचा की ओर आने वाली गलियों में अभी भी पहरा है। यहां एसएसबी के जवान पुलिस के साथ ड्यूटी कर रहे हैं। किसी भी आने जाने वाले सख्त पूछताछ की जा रही है। पूछताछ किए जाने के बाद ही मलिक का बगीचा में किसी को भी जाने दिया जा रहा है।

### बेसमेंट का किया जा रहा भरान

**हल्द्वानी :** आठ फरवरी को मदरसा और नमाज स्थल को ढहाने की कार्रवाई की गयी थी। इधर प्रशासन ने बेसमेंट का भरान शुरू करा दिया है। मंगलवार को बुलडोजर से नमाज स्थल के बेसमेंट में भरान किया गया। ढांचों का मलबा निस्तारण भी किया जा रहा है।

### तबाही के निशान अभी भी मौजूद

उपद्रवियों की मचाई तबाही के निशान अभी भी मौजूद हैं। एक दुकान की शटर के बाहर आग लगा दी गयी थी। शटर भी जलकर काला और टेढ़ा हो गया है। पत्थरबाजों के पथराव में स्थानीय लोगों की घरों को भी नुकसान पहुंचा। जिसके निशान साफ देखे जा सकते हैं। इसी तरह जिस घर के बाहर नगर निगम का ट्रैक्टर जलाया था उस घर की दीवार धुएं की वजह से पूरी तरह से काली हो गयी है। मलिक का बगीचा की तरफ से जिस गली से फोर्स और नगर निगम की टीम आयी थी, उस गली में सबसे ज्यादा आगजनी हुई थी।

## अब्दुल मलिक बनाना चाहता था बहुमंजिला इमारत

**हल्द्वानी:** मलिक का बगीचा के पास रहने वाले कुछ लोग अब अब्दुल मलिक की असलियत सामने लाने लगे हैं। एक व्यक्ति ने बताया कि नमाज स्थल में नमाज ही नहीं पढ़ी जाती थी। जमीन को कब्जा करने के लिए यह सब किया गया था। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान लोग भावनाओं में बह गए और बवाल हो गया।

लोगों का कहना है कि नमाज स्थल को बेसमेंट में बनाया गया था। इसके ऊपर अब्दुल मलिक बहुमंजिला इमारत बनाने की तैयारी कर रहा था। जिसमें फ्लैट बनाकर उसे वह बाद में बेचता और करोड़ों रुपये बनाता लेकिन इससे पहले ही नगर निगम की टीम ने यहां कार्रवाई कर दी और उसकी योजना धरी रह गई।

### डेयरी फेडरेशन के प्रबंध निदेशक ने किया दावा, यात्रा रूट पर खोले जाएंगे कैफे

# चारधाम के श्रद्धालुओं को मिलेगा दूध-लस्सी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अब चारधाम यात्रा में श्रद्धालु, राज्य के स्थानीय दुग्ध उत्पाद आंचल के दूध, दही, लस्सी, आइसक्रीम का स्वाद ले सकेंगे। डेयरी फेडरेशन चारधाम यात्रा रूट में कैफे बनाने की तैयारी में है, इसके लिए स्थान भी चिन्हित कर लिए गए हैं।

बर्फबारी कम होते ही कैफे खोलने का काम शुरू हो जाएगा। डेयरी फेडरेशन के अधिकारियों के अनुसार, पहाड़ में कैफे खोलने की योजना है। इसमें दूध, लस्सी, दही, आइसक्रीम वगैरह उत्पाद टेट्रा पैक में उपलब्ध होंगे। इसकी शुरुआत आगामी चारधाम यात्रा से की जाएगी। इसके लिए रुद्रप्रयाग में एक दर्जन से अधिक स्थानों को चिन्हित किया गया है। केदारनाथ में अभी बर्फबारी है इसलिए वहां स्थान चयनित नहीं हो सके हैं। बर्फबारी समाप्त होने के बाद यहां कैफे के लिए जगह चिन्हित की जाएंगी। चमोली में भी पांच कैफे खोले जाएंगे। केंद्र सरकार के सहयोग से संख्या में बढ़ोतरी की जाएगी।

### रोजाना औसतन 50 हजार लीटर दूध का उत्पादन बढ़ा

**हल्द्वानी :** राज्य में दूध के उत्पादन में लगातार वृद्धि हो रही है। पिछले साल के मुकाबले इस वर्ष प्रतिदिन औसतन 50 हजार लीटर दूध का उत्पादन बढ़ा है। इस तरह कुल उत्पादन 2 .52 लाख लीटर हो गया है। दूध की खपत के बाद बचे हुए दूध का पाउडर बनाया जा रहा है। करीब 3 करोड़ रुपये का मिल्क पाउडर कंपनी के पास मौजूद है। वर्तमान में दुग्ध संघ के 52 हजार सदस्य व 2600 समितियां हैं।

पर्वतीय जिलों में कैफे खोले जाने की योजना है। इसकी शुरुआत इस वर्ष होने वाली चारधाम यात्रा रूट से की जाएगी। रुद्रप्रयाग, चमोली में स्थान चिन्हित कर लिए गए हैं। केदारनाथ में बर्फबारी खत्म होने के बाद बूथ के लिए स्थान चिन्हित किए जाएंगे। इससे कारोबार को बढ़ावा मिलेगा।

**–जयदीप अरोड़ा, प्रबंध निदेशक, डेयरी फेडरेशन**

# सड़क चौड़ीकरण के प्रभावितों से वार्ता आज

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नगर निगम और प्रशासन ने विगत दिनों नैनीताल और बरेली रोड में सड़क चौड़ीकरण का अभियान चलाया था।

जिसके तहत दुकानों को भी चिन्हित किया गया था। अतिक्रमण की जद में नगर निगम के किराएदार भी शामिल थे। किराएदारों से इस मुद्दे पर आज वार्ता की जाएगी। मंगलपड़ाव से लेकर रोडवेज बस स्टेशन तक नैनीताल और बरेली रोड को दोनों ओर 11-11 मीटर चौड़ा किया जाना है, जिसके चलते नगर निगम ने पूर्व में कई निर्माणों को ढहाया था। इस अभियान के तहत कई राजकीय संपत्तियों को भी तोड़ दिया गया है। इस दायरे में नगर निगम के 80 किराएदार भी शामिल हैं। जो मुख्य बाजार में दुकानें चलाते हैं। अब नगर निगम मंगलवार को इन दुकानदारों से वार्ता करेगा। बताया जा रहा है कि दुकानदारों को विस्थापित करने पर भी विचार किया जा सकता है।

## सार-संक्षेप

### युवा मोर्चा 24 से हर ग्राम व मंडल में लगाएगी चौपाल

**हल्द्वानी :** भारतीय जनता युवा मोर्चा की एक बैठक मंगलवार को भाजपा संभाग कार्यालय में हुई। जिसमें जिला पदाधिकारी, मंडलों के अध्यक्ष व सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में जिलाध्यक्ष कार्तिक हर्बोला ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव में युवाओं का विशेष महत्व है। इसको देखते हुए 24 फरवरी से 5 मार्च तक युवा मोर्चा हर ग्राम व मंडल में युवा चौपाल का आयोजन करेगा। इस दौरान प्रदेश मंत्री रोहित ओझा, प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज बिष्ट, जिला महामंत्री कनिष्का ढींगरा, धीरेंद्र रावत, अभिषेक शर्मा, नवीन पपोला, मनोज रावत, विषु शर्मा, हरीश पांडे, धीरेंद्र रावत, हिमांशु सनवाल आदि मौजूद रहे।

### हल्दूचौड़ में व्यापार संघ का चुनाव कार्यालय खुला

**हल्द्वानी :** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल हल्दूचौड़ नगर इकाई के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ हो गया है। लालकुआं विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने कार्यालय का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता ने चुनाव अधिकारियों को पारदर्शिता के साथ चुनाव संपन्न कराने के निर्देश दिए। मुख्य चुनाव अधिकारी राजेन्द्र गोस्वामी ने बताया कि कुल 255 व्यापारियों ने हल्दूचौड़ के चुनाव में सदस्यता ली है। इस दौरान रुपेंद्र नागर, बहादुर सिंह बिष्ट, कृष्णानंद जोशी, कौशलेंद्र भट्ट, रवि राणा, विशाल वर्मा, कमल बमेठा, हिमांशु धामी, हरीश भट्ट, मोहित दुम्का, गजेंद्र राणा मौजूद रहे।

### गुलदार को पकड़ने के लिए लगाये ट्रैप कैमरे

**कालाढूंगी।** रामनगर वन प्रभाग के आबादी क्षेत्रों में गुलदार का आतंक बढ़ता जा रहा है। रूपपुर देवलचौड़ में बीते एक सप्ताह से गुलदार का आतंक छाया हुआ है। ग्रामीण भूपाल सिंह, मोहन चंद्र पाठक, भगवान सिंह मेहरा ने बताया कि अब तक गुलदार कई मवेशी व कुत्तों को अपना निवाला बना चुका है। शाम को अंधेरा होते ही गुलदार गांव में दस्तक दे रहा है। वन विभाग की टीम द्वारा मंगलवार को क्षेत्र में दो ट्रैप कैमरे लगाये गये हैं।

### अब 16 और 17 मार्च को हल्द्वानी में लगेगा किताब कौतिक

**हल्द्वानी :** हल्द्वानी में आयोजित होने वाला हल्द्वानी किताब कौतिक अब आगामी 16 और 17 मार्च आयोजित होगा। पूर्व में बनभूलपुरा में हुए बवाल के बाद आयोजन रद कर दिया गया था। जिससे पुस्तक प्रेमियों को काफी निराशा हुई थी। किताब कौतिक का आयोजन 9, 10और 11 फरवरी को होना था। पूरी तैयारी कर ली गई थी। आयोजन से ठीक एक दिन पहले आठ फरवरी को बनभूलपुरा में दंगे हो गए। कर्फ्यू लगाने की वजह से किताब कौतिक का आयोजन टाल दिया गया था। आयोजक मंडल में शामिल दयाल पांडे ने बताया कि कोर कमेटी बैठक के बाद तय हुआ कि16 और 17 मार्च को दो दिवसीय किताब कौतिक एचएन इंटर कॉलेज में लगाया जाएगा।

### स्कूल के लिए निकला छात्र तीन दिन से लापता

**हल्द्वानी :** घर से स्कूल के लिए निकला छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। पदमपुरी के पास रहने वाल सुभाष दुम्का का 15 वर्षीय बेटा भाष्कर यहां शिवपुरी जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा में अपने फूफा मोहन सनवाल के घर पर रहता था। वह यहां हिमालय विद्या मंदिर आवास विकास में 9वीं कक्षा का छात्र था। परिजनों के मुताबिक बीती 17 फरवरी की सुबह साढ़े 8 बजे भाष्कर तैयार होकर घर से निकला था। दोपहर 2 बजे छुट्टी होने के बाद भी जब वो घर नहीं पहुंचा तो तलाश करते परिजन स्कूल पहुंच गए। स्कूल में पता लगा कि स्कूल 17 फरवरी को बंद था और पैरेंट्स मीटिंग थी। जिसके बाद परिजन काठगोदाम पुलिस के पास पहुंचे और गुमशुदगी दर्ज कराई।

### एथेनॉल प्लांट का विरोध जारी, मानकों के जांच की मांग

**कालाढूंगी।** एथेनॉल प्लांट के विरोध में बीते एक सप्ताह से ग्रामीणों का विरोध जारी है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए मानकों की जांच पर अडे. हैं। सूरपुर चकलुवा में गांव के बीचों बीच एथेनॉल प्लांट का विरोध ग्रामीण बीते बुधवार से गांव बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले तहसील में एक सप्ताह से कर रहे हैं। धरने में पक्ष-विपक्ष के जनप्रतिनिधि पहुंचकर अपना विरोध जता रहे हैं। धरने में अब बुजुर्ग लोग भी बैठने को मजबूर हैं। इस दौरान त्रिभुवन कन्याल, क्षेपंस संगठन जिलाध्यक्ष गंगा सामंत, क्षेपंस विरेन्द्र कुमार, तारा चंद्र, रवि दिगारी, धमेन्द्र जलाल, गिरीश, विक्रम जंतवाल, अनिल वालिया, कुबेर जलाल, इन्द्र अटवाल, गुलाब राय आदि उपस्थित रहे।

### तीलू रौतेली के अदम्य साहस को दर्शा गया नाटक

**रामनगर।** मंगलवार को प्रज्ञा आर्ट थियेटर ग्रुप दिल्ली की ओर से गढ़वाल की वीरबाला तीलू रौतेली नाटक का मंचन किया गया। इस नाटक में कलाकारों ने तीलू रौतेली की शौर्यागाथा से हर किसी को अवगत कराया। लक्ष्मी रावत के निर्देशन में रंगमंच पर कलाकारों ने तीलू की जीवन गाथा अद्भुत और रोमांचक तरीके से प्रस्तुत किया। नाटक का ताना-बाना गढ़वाल की गाथाओं को आधार बनाकर बुना गया है। इससे पूर्व नाटक का शुभारंभ फिल्म अभिनेता राजपाल यादव, पूर्व विधायक रणजीत रावत एवम रिनेसाँ कालेज के प्रबंधक आलोक गुसाई ने किया।

# बच्चियों की सप्लायर तान्या गिरफ्तार

### एक बार फिर हुआ तान्या शेख के सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, कलावती कालोनी में चल रहा था धंधा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नाबालिग बच्चियों की पेशेवर सप्लायर और सेक्स रैकेट चलाने वाली तान्या शेख एक बार फिर पुलिस की गिरफ्त है और इस बार वो भी सेक्स रैकेट का धंधा चलाते हुए पकड़ी गई। पुलिस ने एक घर से तान्या शेख के साथ पश्चिम बंगाल की दो लड़कियों और दो पुरुषों को गिरफ्तार किया है। तान्या इससे पहले भी कई बार गिरफ्तार की जा चुकी है।

पुलिस के मुताबिक कई दिनों से कलावती कालोनी के लोग इलाके में देह व्यापार की शिकायत कर रहे थे। मामले की जांच कराई गई तो सूचना सही मिली। मंगलवार को पुलिस ने कलावती कालोनी के सामने गांधी आश्रम वाली गली के एक घर में छापा मारा तो यहां दो युवक और दो युवतियां आपत्तिजनक अवस्था में मिले। मौके से पुलिस ने सोनाखाली बासंती दक्षिण 24 परगना पश्चिम बंगाल निवासी तान्या शेख उर्फ प्रियंका को गिरफ्तार किया है। तान्या सेक्स रैकेट की संचालिका है। तान्या के अलावा काठगोदाम नई बस्ती निवासी फैजल खान, कलावती कॉलोनी निवासी सकलेन शेख और शरीफा बैगम को भी गिरफ्तार किया है। साथ ही पश्चिम बंगाल निवासी 25 वर्षीय पीड़िता को मुक्त कराया है। जिसे नौकरी के नाम पर तान्या हल्द्वानी लाई और यहां देह व्यापार करा रही थी। तान्या ने यहां 15 दिन पहले कमरा किराए पर लिया था। मौके से शक्तिवर्धक दवाएं, 10 हजार रुपये व अन्य आपत्तिजनक वस्तुएं बरामद की हैं। इधर पुलिस ने मकान मालिक प्रवीण कुमार को किराएदार का सत्यापन ना कराने पर पांच हजार का नकद चालान किया है। बता दें कि पुलिस ने पिछले साल मई में भी तान्या के गुर्गों को भोटियापड़ाव के संजय नगर से गिरफ्तार किया था। तान्या यहां आसिम के घर से देह व्यापार चला रही थी और दबिश पर छत कूद कर भाग गई थी। उसके गुर्गे के चंगुल से पश्चिम बंगाल की एक नाबालिग लड़की को आजाद कराया गया था। इस लड़की को नशे के इंजेक्शन देकर देह व्यापार कराया जा रहा था।

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी युवक व युवतियां। ● अमृत विचार

### पश्चिम बंगाल से उत्तराखंड तक फैला है जाल

**हल्द्वानी :** पश्चिम बंगाल की रहने वाली तान्या शेख कुमाऊं में बैठकर जिस्मफरोशी का धंधा चलाती है। हल्द्वानी, नैनीताल, ऊधमसिंहनगर और काशीपुर के कई होटल संचालक उसके गैंग का हिस्सा हैं। इन होटलों में ग्राहकों को बगैर आईडी के एंट्री दी जाती है और इसी वजह से तान्या के ग्राहकों के पास लंबी फेहरिस्त है और उसका नाबालिग लड़कियों की सप्लाई का खेल धड़ल्ले से चलने लगा।

### कोई ग्राहक तलाशता तो कोई होटल पहुंचाता लड़कियां

**हल्द्वानी :** तान्या अपने गुर्गे रज्जाक पाइक निवासी दक्षिण राईपुर पंश्चिम बंगाल की मदद से पश्चिम बंगाल से यहां लड़कियां पहुंचाती है। दूसरे गुर्गे नौशाद निवासी कालका नई दिल्ली पर होटलों तक लड़कियां पहुंचाने की जिम्मेदारी है। जबकि पुराने साथी मुकेश कुमार व उसकी पत्नी उमा निवासी देवनगर दमुवाढूंगा पर ग्राहक खोजने की जिम्मेदारी होती है। ये सभी तान्या के साथ पहले भी गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

### स्पा सेंटर वर्कर से बनी सैक्स वेबसाइट की होल्डर

**हल्द्वानी :** करीब तीन साल पहले तान्या शेख ने हल्द्वानी में एक स्पा सेंटर में काम कर अपना नेटवर्क बनाना शुरू किया। कुछ ही साल में उसके संपर्क हल्द्वानी व रुद्रपुर के बड़े-बड़े रसूखदारों के साथ बन गए। इसके बाद तान्या पश्चिम बंगाल से नाबालिग लड़कियों की सप्लाई का धंधा जमा लिया। तान्या वेबसाइट से पूरा नेटवर्क चलाती है, जिससे उसके फंसने के चांस कम हो।

### स्टोन क्रशर के समीप मिला युवक का शव

**रामनगर।** मंगलवार की दोपहर ग्राम पीरुमदारा क्षेत्र में एक स्टोन क्रशर के समीप सड़क किनारे अज्ञात युवक का शव मिला। मृतक उत्तर प्रदेश के सहारनपुर का बताया जा रहा है।

कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि रामनगर के पीरुमदारा क्षेत्र में एक स्टोन क्रशर के पास सड़क किनारे एक बाइक और उसके बगल में एक अज्ञात युवक का शव पड़ा है। सूचना पर रामनगर के एसएसआई मनोज नयाल मय टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोगों से इसके बारे में जानकारी जुटाई। कोई भी शव को नहीं पहचान पाया। पुलिस को मृतक के जेब से आधार कार्ड बरामद हुआ। उसकी पहचान गौतम पटेल सहारनपुर के रूप में हुई। परिजनों को सूचना देकर शव को मोर्चरी में रखवाया है।

# ओखलकांडा, धारी और भीमताल की सड़कें बनेंगी

**▸▸ केंद्र से पीएम सड़क योजना में 36.33 करोड़ हुए मंजूर**

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत भीमताल, धारी व ओखलकांडा ब्लॉक में चार सड़कों का निर्माण होगा। इसके लिए केंद्र से 36.33 करोड़ का बजट मंजूर हो गया है। जल्द ही सड़कों का निर्माण शुरू हो जाएगा। जिससे ग्रामवासियों को बड़ी राहत मिलेगी।

लोक निर्माण विभाग भवाली के अधिशासी अभियंता मोहन तिवारी ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत विकास खंड भीमताल में 4.8 किलोमीटर भुजियाघाट-सुर्यागांव तल्ला मोटर मार्ग के लिए 3.80 करोड़, धारी में 7.40 किमी कालापाताल-सलिया कोट मोटर मार्ग के लिए 5.71 करोड़, ओखलकांडा में 9.25 किमी पतलोट-पश्यागांव मोटर मार्ग के लिए 7.56 करोड़ तथा विकास खंडे ओखलकांडा में 24 किमी छीड़ाखान अधौडा-अमजड मोटर मार्ग के लिए 19.25 करोड़ का बजट मंजूर किया गया है। उन्होंने बताया कि टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद चारों सड़कों का निर्माण शुरू कर दिया जाएगा। इधर, सड़कों के लिए बजट मिलने पर ग्रामीणों में खुशी की लहर है। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार का आभार जताया है।

### पुस्तिकाओं की सुरक्षा के प्रति रखें विशेष नजर

**रामनगर।** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की सचिव डॉ नीता तिवारी संकलन केंद्रों के प्रभारियों को निर्देश दिए है कि प्रश्नपत्रों व उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाए। बताते चलें कि पूर्व में इज बैठक नौ फरवरी को होनी थी मगर हल्द्वानी प्रकरण के कारण इसे रद्द कर दिया गया था। बैठक में सचिव डॉ तिवारी ने कहा कि परीक्षा के बाद उत्तरपुस्तिकाओं की सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था कर ली जाए। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न होने पाए। बैठक में सचिव नीता तिवारी, अपर सचिव विनोद सेमल्टी, अपर सचिव बीएमएस रावत, संयुक्त सचिव एसपी सिंह, सभी जिलों के मुख्य शिक्षा अधिकारी व सभी संकलन केंद्र प्रभारी मौजूद रहे।

**सौगात** | मुख्यमंत्री ने 2 दिसंबर को रेल मंत्री को भेजा था पत्र, लंबे समय से चल रही थी ट्रेन चलाने की मांग

# लालकुआं से अमृतसर को ट्रेन की मंजूरी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** लालकुआं रेलवे स्टेशन से अमृतसर जंक्शन के लिए ट्रेन संचालन को रेल मंत्रालय से मंजूरी मिल गई है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि इस रेल के चलने से यात्रियों को काफी सुविधा होगी। बता दें कि पुष्कर सिंह धामी ने पिछले 2 दिसंबर को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र भेजकर काठगोदाम से अमृतसर के बीच सीधी रेल सेवा के संचालन का अनुरोध किया था। अब, रेल मंत्रालय ने काठगोदाम-अमृतसर के बीच ट्रेन संचालन को मंजूरी प्रदान कर दी है। रेल मंत्रालय ने मुख्यमंत्री धामी को पत्र भेजकर अवगत कराया है कि नयी ट्रेन के संचालन को मंजूरी दे दी गई है। उल्लेखनीय है कि स्थानीय जनता लंबे समय से काठगोदाम से अमृतसर ट्रेन चलाने के लिए मांग कर रही थी। पूर्व में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट भी रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिले थे और उनसे ट्रेन चलाने का अनुरोध किया था। अब मंजूरी मिलने के बाद स्थानीय लोगों के साथ ही बाहरी राज्यों से आने वाले लोगों को लाभ मिलेगा। स्थानीय व्यापारियों और सिक्ख समुदाय के लोगों में ट्रेन के संचालन को मंजूरी मिलने पर खुशी का माहौल है।

### व्यापारिक व धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है यह रूट

व्यापारिक व धार्मिक दृष्टि से काठगोदाम से अमृतसर के बीच चलने वाली ट्रेन काफी फायदेमंद होगी। इसके चलने से पर्यटन और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। अमृतसर में प्रसिद्ध स्वर्ण मंदिर, हरमंदिर अमृतसर, डेरा व्यास और वैष्णो देवी मंदिर जाने वाले पर्यटक भी इसी रूट से जाते हैं, जहां प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु जाते हैं। इसी तरह कई पर्यटक नानकमत्ता गुरुद्वारा साहिब भी आते हैं। अब, सीधी ट्रेन चलने से सभी पर्यटकों को लाभ मिलेगा। इसी तरह व्यापारिक दृष्टिकोण से भी अमृतसर बहुत महत्वपूर्ण है। लुधियाना से हौजरी का सामान आता है और व्यापारी इस रूट पर आवागमन करते हैं। वर्तमान में व्यापारियों को लुधियाना जाने के लिये रामपुर से ट्रेन पकड़नी पड़ती है। अब व्यापारियों को भी इसका लाभ मिलेगा।

### बेहतर होगा आवागमन

इन दिनों सारा सामान ट्रांसपोर्ट से आता है। अब ट्रेन से सामान नहीं आता है लेकिन नई ट्रेन चलने से व्यापारियों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। इसके साथ ही अमृतसर जाने वाले पर्यटकों को सीधी ट्रेन का लाभ मिलेगा। **– जीतेंद्र जोशी, कारोबार**

हल्द्वानी से एक ही ट्रेन जम्मू तवी के लिए जाती है, वह भी सप्ताह में सिर्फ मंगलवार को चलती है। लुधियाना जाने के लिए कारोबारियों को रामपुर से ट्रेन पकड़नी पड़ती है लेकिन अब सीधी ट्रेन चलने से कारोबारियों को लाभ होगा। **– प्रभजोत सिंह**

ट्रेन के संचालन को मंजूरी मिलने पर प्रधानमंत्री, रेलमंत्री और मुख्यमंत्री को बहुत-बहुत बधाई। ट्रेन चलने से स्वर्ण मंदिर, दुर्गियाना मंदिर जाने वाले व अमृतसर से नानकमत्ता साहिब आने वाले पर्यटकों को लाभ मिलेगा।

**–प्रताप सिंह सिद्धू, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर के सदस्य**

### ट्रेन संचालन की मंजूरी पर भट्ट ने जताया आभार

**हल्द्वानी :** केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने लालकुआं-अमृतसर के बीच ट्रेन संचालन को मंजूरी मिलने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया है। अजय भट्ट ने बताया कि काठगोदाम और अमृतसर के बीच ट्रेन संचालन को लेकर उन्होंने 28 नवंबर 2019 को शून्य काल के दौरान संसद के प्रश्न काल के सत्र में इस रेल संचालन का मामला उठाया था। बताया कि इसके बाद वह लगातार कई बार रेल मंत्री से मिले और पत्र भी लिखे। बताया कि 2 दिन पूर्व भी भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्य समिति में उन्होंने रेल मंत्री से मुलाकात कर इस रेल संचालन के लिए आग्रह किया था। भट्ट ने कहा कि भविष्य में यह ट्रेन काठगोदाम से भी चलाई जाएगी।

### पुलिस पर हथियार उठाने वालों पर सख्त कार्रवाई हो

**रामनगर।** हल्द्वानी में बीते दिनों हुए बवाल के दौरान पुलिस के साथ के खिलाफ की गई मारपीट और हथियार उठाने की कार्रवाई के आरोपियों को सख्त सजा देने के लिए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने तहसीलदार कुलदीप पांडे को मांग पत्र दिया। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने आरोपियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई करने की मांग की है। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष सूरज चौधरी, रामनगर प्रखंड अध्यक्ष हिरदेश शर्मा, किशोर शर्मा, गणेश अरेडा, हरीश प्रकाश, धर्मेंद्र हालसी, सत्य प्रकाश, अजय सिंह, फूल कुमार उपस्थित रहे।

SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकेमिक दवाईयों के विक्रेता
कुमाऊँ की सबसे पुरानी दुकान
30 वर्षों का भरोसा
होम्योपैथी
के जरिये पाएं अपनी बीमारियों का इलाज
डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धी रोग
Call for Appointment
9456727473
9410514531
अन्य रोग • स्पॉन्डिलाइटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
शनिवार अवकाश
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी

॥श्री:॥
विश्वप्रांगण महाराष्ट्रीयन आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सालय
10 Years ANNIVERSARY
उपलब्ध चिकित्सक
नाड़ी वैद्य राहुल गुप्ता (BAMS, MD)
वैद्य अंकिता गुप्ता (BAMS, MS)
उपलब्ध चिकित्सा
अल्सरेटिव कोलाइटिस
स्ट्रिक्चर यूरेथरा/ किडनी रोग
नेत्र रोग
सफेद दाग
स्पाइनल समस्याएँ
बालों की समस्या
पाचन समस्याएँ
पोस्ट कोविड समस्याएँ
सर्दी खाँसी-दमा
सोरायसिस
थाइरायड समस्या
माइग्रेन/ मानसिक रोग
स्पोर्ट्स इंजरी
इन्फर्टिलिटी
बच्चों के रोग
गॉल ब्लैडर स्टोन
सौंदर्य समस्याएँ
स्त्री रोग
सुविधायें
पंचकर्म
नाड़ि परीक्षण
गर्भ संस्कार
लीच थैरेपी
नेत्र तर्पण
उत्तर बस्ती
शिरोधारा
स्वर्ण प्राशन
पत्र पोट्टलि
अग्निकर्म
Google TOP RATED
7895372936
05946-222577
शनिवार पूर्ण अवकाश
मुखानी चौराहा, विवेकानन्द हॉस्पिटल के सामने, हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
For Online Consultation svpayurvedaclinic.com

जोशी क्लीनिक
डॉ. संजय जोशी
B.A.M.S. (Lko)
N.D.D.Y.
C.K.S., C.Y.P.
वरिष्ठ आयुर्वेदिक फिजीशियन (उदर एवं गुदा रोग विशेषज्ञ)
1. विशेषज्ञ चिकित्सा
पाइल्स (बवासीर)
फिस्चुला (भगंदर)
फिशर एवं पाइलोनिडल साइनस का इलाज विश्व प्रसिद्ध आयुर्वेदिक क्षार-सूत्र चिकित्सा द्वारा
2. आयुर्वेदिक रक्तमोक्षण चिकित्सा
Leech Therapy (जलोका)
Cupping Therapy
रोग : सोरायसिस, चर्म रोग, जोड़ों के दर्द, माइग्रेन, वैरीकोज वेन, बालों का झड़ना, शरीर की गाँठ, न भरने वाले घाव
समय
प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक
सायं 5:30 बजे से 8 बजे तक
शनिवार अवकाश
BOOK APPOINTMENT
Scan QR Code for More Details
कुसुमखेड़ा
निकट गैस गोदाम
तिराहा, कालाढूंगी रोड
हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
M : 9412958478

### वन विभाग ने बेल बाबा मंदिर के समीप नाले में फंसी मादा तेंदुआ को निकाला, सकुशल जंगल में छोड़ा

# 11 घंटे बाद मादा तेंदुआ और दो शावक किए रेस्क्यू

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** वन विभाग ने आबादी से सटे जंगल में आई मादा तेंदुआ और उसके दो शावकों को सकुशल रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया है।

बीते सोमवार की देर सायं तराई केंद्रीय वन डिवीजन की हल्द्वानी रेंज के अंतर्गत बेल बाबा मंदिर के समीप पाम सिटी से सटे जंगलों में झाड़ी कटान के दौरान एक मादा तेंदुआ दो शावकों के साथ दिखाई दी। बाद में मादा तेंदुआ शावकों के साथ एक नाले में छिप गई। क्षेत्रवासियों ने किसी अनहोनी की आशंका के चलते नाले की निकासी बंद कर दी ताकि तेंदुआ कहीं नहीं जाए और वन विभाग को सूचना दी। सूचना पर डीएफओ हिमांशु बागरी, एसडीओ शशि देव वन टीम के साथ मौके पर पहुंची। रात 8 बजे से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हुआ। तराई केंद्रीय के साथ ही तराई पूर्वी वन डिवीजन से भी वन कर्मचारी और पिंजड़ा लेकर पहुंचे। रात होने की वजह से परेशानियां बढ़ती जा रही थीं। फिर नाले के मुखाने पर पिंजड़ा लगाया। सुबह करीब 5 बजे मादा तेंदुआ पिंजड़े में फंस गई। इसके बाद नाले की दीवार तोड़कर दो शावकों को बाहर निकाला गया। फिर पशुचिकित्सक डॉ. तरुण गर्ग की देखरेख में स्वास्थ्य परीक्षण किया। इसके बाद तेंदुए को शावकों के साथ तराई के घने जंगलों में सकुशल छोड़ दिया गया। डीएफओ हिमांशु बागरी ने बताया कि सोमवार की रात 8 बजे से सुबह 7 बजे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चला। मादा तेंदुए और उसके दोनों शावकों को सकुशल रेस्क्यू कर लिया गया है। दोनों को ऐसी रेंज में छोड़ा गया है, जहां आसपास आबादी नहीं है ताकि फिर से मानव वन्यजीव संघर्ष नहीं हो।

पिंजड़े में फंसी मादा तेंदुआ। ● अमृत विचार

# नन्हे मुन्नों ने दीं रंगारंग प्रस्तुतियां

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल में साल के अंत के उपलक्ष्य में दो दिवसीय कार्यक्रम हुए। कक्षा नर्सरी से दो तक के बच्चों ने कई प्रस्तुतियां दीं। वाक शैली की प्रस्तुतियों के साथ ही नृत्यों से लेकर गीतों तक सभी प्रस्तुतियां दी गईं।

संचार कौशल प्रशिक्षक अपर्णा भट्ट ने ग्रोइंग टुगेदर नाम की प्रस्तुति दी और कहा कि दीक्षांत स्कूल में वैचारिक शिक्षा का उपयोग एक उपकरण के रूप में किया जा रहा है। स्कूल काउंसलर सावी गर्ग ने ऑन पेरेंटिंग एफएक्यू पर अभिभावकों को संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बीईओ रामगढ़ गीतिका जोशी पंत और महिला डिग्री कॉलेज में मनोविज्ञान की प्रोफेसर रश्मी पंत रहीं। विद्यालय के प्रबंधक समित टिक्कू ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा एक बच्चे के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति देते बच्चे। ● अमृत विचार

## एक नजर

### गौलापार में मां बारही मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न

**हल्द्वानी :** नकायत गांव, गौलापार में मंगलवार को मां बारही के नवनिर्मित मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा व भागवत कथा का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए व प्रसाद ग्रहण किया। करीब एक एकड़ में फैले मां बारही के मंदिर को बद्री दत्त भट्ट ने अपने दिवंगत पुत्र कमल भट्ट की याद में बनवाया है। मंदिर में नवदुर्गा, शनि व हनिमान की दक्षिणमुखी व पंचमुखी आदि मूर्तियां हैं। इस अवसर पर तनुजा, प्रकाश पांडे, हेमंत बगडवाल, अर्जुन बिष्ट, नीरज रैकवाल, विक्रम रैकुनी, रवि मेहरा, राजू पांडे, संजय डोलिया आदि मौजूद रहे।

### ब्लॉक मुख्यालय में आधार केंद्र शुरू

**हल्द्वानी :** ब्लॉक मुख्यालय में आधार केंद्र दोबारा शुरू हो गया है। मशीन खराब होने के कारण पिछले दो माह से केंद्र बंद था। बीडीओ डीएस कन्याल ने बताया कि आवेदकों की संख्या अधिक होने से अब केंद्र का संचालन दूसरे बड़े कमरे में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आधार संबंधित कार्य सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक केंद्र में किए जा रहे हैं।

### पुलिस ने चलाया ऑनलाइन ठगी से बचने का अभियान

**चोरगलिया :** चोरगलिया बाजार के मुख्य चौराहे पर पुलिस की ओर से लोगों को ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए लोगों को जागरूक किया। एसआई जसबीर सिंह ने कहा कि हम समय-समय पर नुक्कड़ सभा से व स्कूलों में जाकर लोगों को साइबर क्राइम के बारे में सचेत कर रहे हैं। मगर फिर भी चोरगलिया थाने में कई ऑनलाइन ठगी व ब्लैकमेलिंग के कैसे आ रहे हैं। उन्होंने बताया अभी कुछ दिनों पहले चोरगलिया के एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति के साथ महिला ने ऑनलाइन दोस्ती की। फिर विश्वास में लेकर उनका आपत्तिजनक वीडियो बनवा लिया और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर हजारों रुपये ऐंठ लिए। ऐसा ही एक मामला हाल के दिनों में फिर आया है जिसमें कथित कंपनी ने लोगों से तीन दिन में पैसे दोगुना करने का लालच दिया। कुछ दिनों तक लोगों का पैसा दोगुना करके वापस भी किया गया। जब लोगों को विश्वास हो गया तो अधिक से अधिक लोगों ने यहां पैसा लगा दिया। उसके बाद कंपनी ने अपनी साइड ही बंद कर दी, जिससे लोगों का लाखों रुपया फंस गया इसीलिए मंगलवार को चोरगलिया पुलिस ने जगह-जगह चौराहे पर नुक्कड़ सभाएं कीं और लोगों से साइबर ठगी से बचने के लिए सचेत रहने को कहा।

# 100 केंद्रों में परीक्षा देंगे 17,938 छात्र-छात्राएं

### उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी, 27 फरवरी से 16 मार्च तक होंगी परीक्षाएं, जिला 12 सेक्टर में बांटा गया

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को लेकर एमबीपीजी सभागार में बैठक हुई है। सीईओ ने केंद्र व्यवस्थापकों से कहा कि परीक्षा केंद्र में कंट्रोल रूम से संपर्क बनाकर रखें। सीडीओ ने परीक्षा केंद्रों की जानकारी ली।

सीईओ जगमोहन सोनी ने कहा कि परीक्षा का आयोजन 27 फरवरी से 16 मार्च तक होगा। नैनीताल जिले में 100 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें 31 परीक्षा केंद्र संवेदनशील है।

जिले में कोई भी परीक्षा केंद्र अति संवदेनशील नहीं है। बोर्ड परीक्षा के लिए जिले को 12 सेक्टर में बांटा गया है। नैनीताल एक और दो, धारी एक और दो, कोश्या कुटौली, रामनगर एक और दो, लालकुआं, हल्द्वानी एक और दो के अलावा कालाढूंगी को सेक्टर बनाया गया है। हर सेक्टर में सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

सीईओ ने केंद्र व्यवस्थापकों से कहा कि परीक्षा केंद्र में अगर कहीं भी प्रश्नपत्र कम आ जाएं तो इसकी जानकारी तुरंत ही कंट्रोल रूम में दें। कंट्रोल रूम से समस्या का समाधान करने के लिए कहें। कहा कि इसके लिए आगे की कार्यवाही कंट्रोल रूम से ही होगी।

साथ ही प्रश्नपत्रों के लिफाफे खोलते समय इस बात का ध्यान रखें कि उसी विषय का प्रश्नपत्र खोलें जिस विषय की उस दिन परीक्षा है। कहा कि बोर्ड परीक्षा में अपनी भूमिका निभाना बहुत ही जिम्मेदारी का काम है। इसलिए केंद्र व्यवस्थापक अपनी जिम्मेदारी पूरी तरह से निभाएं। सीडीओ अशोक कुमार पांडेय ने कहा कि प्रशासन की पूरी कोशिश है कि परीक्षाएं शांति के साथ हों। साथ ही संवेदनशील केंद्रों पर भी परीक्षाएं शांति के साथ करवाने पर ध्यान दें।

### छात्रों से ज्यादा छात्राएं देंगी परीक्षाएं

**हल्द्वानी :** नैनीताल जिले में उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में छात्रों से ज्यादा छात्राएं पंजीकृत हैं। हाईस्कूल परीक्षा में संस्थागत 4504 छात्र और 5201 छात्राएं पंजीकृत हैं। व्यक्तिगत वर्ग में 131 छात्र और 52 छात्राएं पंजीकृत हैं। जिले में 10वीं की बोर्ड परीक्षा में कुल 9918 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसी तरह इंटरमीडिएट में संस्थागत वर्ग में 3216 छात्र और 4400 छात्राएं पंजीकृत हैं। व्यक्तिगत वर्ग में 204 छात्र और 200 छात्राएं पंजीकृत हैं। इंटरमीडिएट में नैनीताल जिले में कुल 8020 परीक्षार्थी शामिल होंगे। 10वीं और 12वीं दोनों ही कक्षाओं में छात्रों से ज्यादा छात्राएं पंजीकृत हैं। पूरे जिले की बात करें तो 10वीं और 12वीं के कुल 17938 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

### स्वकेंद्र भी बनाए गए

**हल्द्वानी :** जहां पर 75 या उससे अधिक संस्थागत छात्र/छात्राओं की संख्या है उन्हें स्वकेंद्र बनाया गया है। इनमें असहायता प्राप्त और प्राइवेट विद्यालयों को शामिल नहीं किया गया है। परीक्षा केंद्रों के आसपास 100 गज की परीधि में धारा 144 लागू होगी। साथ ही हर परीक्षा केंद्र के बाहर पुलिस का भी पहरा रहेगा।

### भीमताल और हल्द्वानी में जमा होंगी उत्तर पुस्तिकाएं

**हल्द्वानी :** सादी उत्तर पुस्तिकाएं जिले के परीक्षा केंद्रों पर उपलब्ध करा दी गई हैं। लिखित उत्तर पुस्तिकाओं के बंडल जमा करने के लिए मुख्य संकलन केंद्र लीलवती पंत राइंका भीमताल और उप संकलन केंद्र राबाइंका हल्द्वानी को बनाया गया है। संकलन केंद्रों के बाहर भी पुलिस की व्यवस्था रहेगी। मुख्य शिक्षा अधिकारी के भीमताल स्थित कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया गया है। यह प्रात: सात बजे से शाम 5:30 बजे तक काम करेगा। परीक्षा केंद्रों पर आकस्मिक निरीक्षण की भी व्यवस्था कराई जाएगी।

### नैनीताल जिले के 31 संवेदनशील परीक्षा केंद्र

**हल्द्वानी :** राइंका जोस्यूड़ा, राइंका पश्यां, राइंका चौरलेख, राइंका ढोलीगांव, पीएसएमएसइंका कुंवरपुर, राइंका लालकुआं, राइंका मालधन चौड़, राइंका गरगडी, राइंका पाटकोट, राइंका डौनपरेवा, राकइंका हल्द्वानी, राइंका बिंदुखेड़ा, राइंका बगड, राइंका भीड़ापानी, राकइंका मालधन चौड़, राइंका धारी, राइंका वारीकटना, राइंका पहाड़पानी, चौगढ़ इंका गलनी, राइंका पैटना, राइंका पदमपुरमीडार, राइंका बबियाड, राइंका डालकन्या, राइंका चकडोवा, एमपी हिंदू इंटर कॉलेज रामनगर, राइंका पटरानी ओखलकांडा, इंटर कॉलेज बिंदुखत्ता, आदर्श इंटर कॉलेज संजय नगर, गोविंदी देवी इंटर कॉलेज बैलपोखरा, राइंका नाई और राइंका खुरियाखत्ता जिले में संवेदनशील केंद्र हैं। मैदान से ज्यादा पहाड़ों में संवेदनशील केंद्र हैं।

# जल संस्थान ने नोटिस भेजा, जल निगम ने बिल

- तल्ली हल्द्वानी के लोगों ने जल संस्थान ईई को सौंपा, गड़बड़झाला बंद कराने की मांग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** वार्ड 58 तल्ली हल्द्वानी के लोग मंगलवार को जल संस्थान कार्यालय पहुंचे और उन्होंने ईई रविशंकर लौशाली का घेराव किया।

उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने मार्च तक के बिल पूरी तरह से जमा किया है, उन्हें भी बकाया का नोटिस भेजा जा रहा है। क्षेत्र में पानी की आपूर्ति करने वाली योजना जल निगम को हस्तांतरित कर दी गई है। अब जल निगम भी लोगों को बिल भेज रहा है। इसको लेकर लोगों ने नाराजगी जताई। निवर्तमान मनोज जोशी ने कहा कि जल संस्थान जल्द इसका निपटारा करे और जिनके बिल जमा हैं उन्हें नोटिस न भेजे जाएं। इस पर ईई लौशाली ने नियमानुसार कार्रवाईका आश्वासन दिया है। इस दौरान बिजरानी साहू, महेश परगाई, दिनेश मिश्रा, राजोला प्रसाद, उर्मिला, रवि मौजूद रहे।

ईई को ज्ञापन सौंपते वार्ड-58 के क्षेत्रवासी। ● अमृत विचार

# एमएसपी की गारंटी बजट की महज 0.4%

- नेता प्रतिपक्ष आर्य ने कहा कि जब 1.8 लाख करोड़ टैक्स माफ कर दिया तो 21 हजार करोड़ की गारंटी भी दी जा सकती हैं

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कांग्रेस ने किसान आंदोलन को लेकर भाजपा पर हमला बोला है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि भाजपा डॉ. स्वामीनाथन के सपनों का अपमान कर रही है।

नेता प्रतिपक्ष आर्य ने कहा कि जब कांग्रेस ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी देने का संकल्प लिया, तब भाजपा के प्रचार तंत्र ने एमएसपी पर झूठ की झड़ी लगा दी है। सोशल मीडिया पर एमएसपी को किसानों, मजदूरों और आदिवासियों का पक्ष रखने वाले एकाउंट्स को ब्लॉक करवा दिया गया। सरकार कहती है कि एक ओर किसानों से बात करनी है, दूसरी तरफ सोशल मीडिया पर एकाउंट्स ब्लॉक करती है। किसान भी केंद्र सरकार की चालाकी को भांप गए और झूठे ऑफर को ठुकरा दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र दावा कर रही है कि एमएसपी की कानूनी गारंटी देना केंद्रीय बजट में संभव नहीं है, यह सरासर गलत है। सच यह है कि क्रिसिल की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2022-23 में किसान को एमएसपी देने में सरकार पर 21,000 करोड़ का अतिरिक्त भार आता जो कि कुल बजट का मात्र 0.4% है।

आर्य ने तंज कसते हुए कहा कि जिस देश में 14 लाख करोड़ के बैंक लोन माफ कर दिए जाते हैं, 1.8 लाख करोड़ के कॉरपोरेट टैक्स में छूट दी जाती हो। वहां किसानों का 21 हजार करोड़ को लेकर गारंटी देने में हर्ज नहीं होना चाहिए। एमएसपी की गारंटी से कृषि निवेश को बढ़ावा मिलेगा। ग्रामीण भारत का सपना साकार होगा। आरोप लगाया कि जो भी एमएसपी को लेकर भ्रम फैला रहे हैं, वे डॉ. स्वामीनाथन के सपनों का अपमान कर रहे हैं। एमएसपी की गारंटी बजट पर बोझ नहीं बल्कि जीडीपी ग्रोथ का सूत्रधार बनेगी। कांग्रेस स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुसार एमएसपी की गारंटी देने के लिए प्रतिबद्ध है। किसानों को न्याय दिलाने के लिए कर्ज माफी समेत अन्य जरूरी कदम भी उठाए जाएंगे।

यशपाल आर्य।

# चमड़िया में एलटी लाइन पर गिरा पेड़

- ग्रामीण काट रहा था पेड़, अचानक हुई घटना, क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप, गनीमत रही कि नहीं हुआ हादसा

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे पर स्थित चमड़िया क्षेत्र में एक ग्रामीण की लापरवाही 24 से अधिक बिजली उपभोक्ताओं को भारी पड़ गई। फिलहाल गांव की बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। विद्युत विभाग के अवर अभियंता गजेन्द्र सिंह बिष्ट के अनुसार मौके का निरीक्षण कर लिया गया है। चमड़िया क्षेत्र में बड़ा हादसा टल गया। गांव के एक व्यक्ति ने विद्युत विभाग की एलटी लाइन के समीप पेड़ काट डाला।

पेड़ एलटी लाइन पर जा गिरा। तारों पर पेड़ गिरने से दो पोल भी झुक गए। तारों से चिंगारी उठती देख हड़कंप मच गया। समीप से ही 11 केवी की लाइन भी थी। गनीमत रही की पेड़ की टहनियां हाईवोल्टेज लाइन तक नहीं पहुंची और बड़ा हादसा टल गया। आनन फानन में विद्युत विभाग के गरमपानी स्थित कार्यालय को मामले की जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही विद्युत विभाग की टीम ने चमड़ियां क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बंद कर दी।

अवर अभियंता गजेन्द्र सिंह बिष्ट की अगुवाई में टीम चमड़ियां क्षेत्र को रवाना हुई। अवर अभियंता गजेन्द्र सिंह बिष्ट के अनुसार जल्द ही पोल व लाइन को दुरुस्त कर आपूर्ति सुचारु की जाएगी। लापरवाह ग्रामीण के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी।

### दिव्यांगों को मतदान के लिए किया जागरूक

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग व जिला प्रशासन के सहयोग से जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र बेस चिकित्सालय हल्द्वानी में मंगलवार को दिव्यांगों को मतदान के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल ने बताया कि कार्यक्रम में आगामी लोकसभा चुनाव में दिव्यांगों व वरिष्ठ नागरिकों (80वर्ष) को मतदान के दिन मतदान स्थल तक निशुल्क घर से लाने व छोड़ने के लिए वाहन, केंद्र में व्हील चेयर उपलब्ध कराने, हेल्पलाईन नंबर, रैम्प, मैग्नीफायर सक्षम ऐप की जानकारी दी गई। साथ ही, स्वीप की टीम ने दिव्यांगजनों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया। शिविर में लगभग 30 दिव्यांगजन उपस्थित रहे। मौके पर कई दिव्यांगजनों ने यूडीआईडी कार्ड के लिए आवेदन किया। दिव्यांगजनों को आगामी चुनावों में मतदान के लिए शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सहायक जिला समाज कल्याण अधिकारी राहुल आर्या, स्वीप नैनीताल डॉ. प्रदीप उपाध्याय व राकेश, जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र राजेश, कविता आदि उपस्थित रहे।

### नैनीपुल क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से बुजुर्ग की हालत नाजुक

**गरमपानी, अमृत विचार :** अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे पर नैनीपुल क्षेत्र में बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की हालत नाजुक है। डटवाल गांव निवासी बुजुर्ग इंद्र लाल बैंक के कार्य से सुयालबाड़ी बाजार पहुंचे। वापसी में वह पैदल ही नैनीपुल होते हुए गांव की ओर रवाना हो गए। इंद्र लाल नैनीपुल बाजार के समीप पहुंचे ही थे कि विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। बाइक सवार दो युवक समीप सिरसा गांव से बारात में शामिल होकर नैनीताल की ओर लौट रहे थे। बाइक की टक्कर से बुजुर्ग हाईवे पर गिर पड़े। आसपास के लोगों ने निजी वाहन से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुयालबाड़ी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद बुजुर्ग इंद्र लाल को हायर सेंटर हल्द्वानी रेफर कर दिया गया है। बुजुर्ग के पैर, सिर व पीठ पर गंभीर चोट है।

**तैयारी** परिवहन निगम बना रहा प्रस्ताव, कार्यशाला को भी किया जा सकता है शिफ्ट

# ...तो किच्छा में शिफ्ट होगा काठगोदाम डिपो

- परिवहन निगम की किच्छा में लगभग 25 एकड़ जमीन है
- काठगोदाम डिपो में बनना है हिल डिपो, पहली किस्त के 10 करोड़ रुपये भी हो चुके हैं जारी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** काठगोदाम डिपो को किच्छा में शिफ्ट किया जा सकता है। यहां परिवहन निगम की लगभग 25 एकड़ जमीन है जिस पर डिपो और कार्यशाला को शिफ्ट किया जा सकता है।

बता दें कि काठगोदाम में हिल डिपो बनना है, जिसके लिए शासन से लगभग 67 करोड़ रुपये का बजट मंजूर हो चुका है और पहली किस्त के तौर पर 10 करोड़ रुपये भी जारी कर दिये हैं। हिल डिपो बनने से पहले डिपो कार्यालय और कार्यशाला को शिफ्ट किया जाना है जिसके लिये निगम जमीन तलाश रहा है। रोडवेज कर्मचारियों ने बताया कि डिपो को किच्छा में शिफ्ट किया जा सकता है। बता दें कि हिल डिपो बनने से पर्वतीय क्षेत्रों के लिए बसों का बेहतर संचालन होगा। इसके बनने के बाद सभी पर्वतीय जिलों को रवाना होने वाली बसें एक ही जगह से मिलेंगी। इसके साथ ही काठगोदाम डिपो की मैदानी क्षेत्रों को रवाना होने वाली बसें भी हिल डिपो से ही रवाना होंगी। इसमें आधुनिक कार्यशाला और कार्यालय बनाने के साथ ही डीजल, सीएनजी पंप और इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन की व्यवस्था की जाएगी और एक साथ 40 बसों को पार्क किया जा सकेगा। इसमें यात्रियों के लिये शॉपिंग कॉम्प्लेक्स भी बनाया जाना है साथ ही रात्रि विश्राम के लिए डॉरमेट्री भी बनाई जाएगी।

काठगोदाम डिपो में खड़ी बसें।

### दंगे के कारण नहीं हुआ शिलान्यास

बीते रविवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को हिल डिपो का शिलान्यास करना था लेकिन बनभूलपुरा में हुए बवाल के कारण यह कार्यक्रम कुछ दिनों पूर्व रद्द कर दिया गया। शिलान्यास के बाद काम शुरू होना था लेकिन कार्यक्रम रद्द होने के बाद अब यह लटक गया है हालांकि परिवहन निगम के कर्मचारियों को जल्द शिलान्यास होने व काम शुरू होने की उम्मीद है।

> काठगोदाम डिपो को शिफ्ट किया जाना है जिसके बाद निर्माण एजेंसी अपना काम करेगी लेकिन शिफ्ट किये जाने वाले स्थान के लिये अभी कोई अधिकारिक आदेश नहीं आया है।
>
> -आलोक बनवाल, एआरएम, काठगोदाम डिपो

### कैंची धाम में विकास कार्यों को सम्मिलित करने के निर्देश

**हल्द्वानी/देहरादून :** कैंची धाम में विकास कार्यों को पूरा करने के लिए मुख्य सचिव ने कार्यदायी संस्था लोनिवि को परियोजना में कई सुविधाओं को जोड़ने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय में मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत 28.15 करोड़ लागत से निर्मित होने वाले कैंची धाम मंदिर परिसर के विकास कार्यों के संबंध जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने व्यय वित्त समिति के दौरान कार्यदायी संस्था को परियोजना में मंदिर परिसर के सौन्दर्यीकरण, मूलभूत सुविधाओं के विकास और मल्टीलेवल पार्किंग निर्माण के साथ ही विजिटर सेंटर, ड्राइवरों के लिए वेटिंग हॉल, मंदिर परिसर में पूर्व निर्मित पुल के अतिरिक्त एक ओर पैदल सेतु के निर्माण के काम को सम्मिलित करने के निर्देश दिए हैं।

## सार-संक्षेप

### प्रायोगिक-लिखित परीक्षा 22 से

**काशीपुर।** राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनोद प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि बीए तृतीय सेमेस्टर शिक्षा शास्त्र की प्रायोगिक-लिखित परीक्षा 22 एवं 23 फरवरी की सुबह 9 बजे से शुरू होगी।

### सौ मीटर फर्राटा दौड़ में काजल प्रथम

**गदरपुर।** राजकीय महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग तथा नेहरू युवा केंद्र उधम सिंह नगर के संयुक्त तत्वावधान में विकासखंड स्तरीय विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। मंगलवार को प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार व राजकीय अटल उत्कृष्ट इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य परशुराम दिवाकर ने किया। इस दौरान 100 मीटर दौड़ छात्रा वर्ग में काजल प्रथम, मोनिका द्वितीय मुस्कान बेगम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद छात्र वर्ग में अटल उत्कृष्ट इंटर कॉलेज के छात्र रिहान अली प्रथम, राजकीय महाविद्यालय के छात्र अमित कुमार द्वितीय व विजयपाल सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। खो-खो में राजकीय महाविद्यालय गदरपुर की टीम विजेता तथा अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज की टीम उपविजेता रही। वॉलीबॉल में अटल उत्कर्ष इंटर कॉलेज की टीम विजेता तथा राजकीय महाविद्यालय गदरपुर की टीम उपविजेता रही। डॉ हरि प्रसाद तथा देवेंद्र पाल सिंह निर्णायक रहे। प्रतियोगिता के विजेताओं को नेहरू युवा प्रशिक्षण केंद्र की तरफ से ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी प्रमोद वर्मा, तनीषा चावला, डॉ. तनुजा परिहार, डॉ. अर्चना वर्मा रहे।

### बेहड़ के प्रयासों से वर्षों पुरानी सड़क का निर्माण शुरू

**रुद्रपुर :** किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ के प्रयासों से वर्षों से वार्ड एक फुलसुंगी-फुलसुंगी में जर्जर सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। नौ मीटर तक सड़क का निर्माण होने से लोगों में खुशी का माहौल है। इस दौरान पार्षद सुरेश गौरी ने बताया कि पिछले कई सालों से मार्ग की जर्जर हालत होने के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। 90 हजार की आबादी वाले वार्ड के लोग आए दिन जर्जर सड़क की वजह से हादसे का शिकार होते थे। उन्होंने कहा कि विधायक बेहड़ के विधायक बनते ही विधानसभा में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। किच्छा के विधायक बेहड़ के प्रयासों से दोनों सड़कों को मंजूरी मिल चुकी है। इस मौके पर वीरेंद्र कुमार, बीडी गंगवार, अशोक सिंह, अखिलेश सिंह, अशोक कुमार, रामसिंह, दीवान राम, मोहन राम, दीपा देवी, सावित्री देवी एल, शांति देवी रहे।

सड़क मरम्मत में जुटी जेसीबी।

### दिनेशपुर में सेक्टर मजिस्ट्रेट ने किया निरीक्षण

**दिनेशपुर :** आगामी लोकसभा चुनाव के मध्य नजर जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर 65 गदरपुर विधानसभा के सेक्टर- 06 के सेक्टर मजिस्ट्रेट इंदु शेखर मंगाई ने 13 बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव से पूर्व बूथों के कक्षों एवं मतदान केंद्र को आने -जाने वाले मार्गों, लाइट व पेयजल की व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। मतदाताओं को किसी प्रकार की अशुविधा का सामना न करने पड़े। सेक्टर मजिस्ट्रेट मंगाई ने थानाध्यक्ष अनिल जोशी से संवेदनाशील मतदान केंद्र की जानकारी ली। इस दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट मंगाई ने नगर का मतदान केंद्र अटल उत्कृष्ट स्व. चितरंजन राहा राइंका प्रधानाचार्य डॉ मधुसूदन मिश्र के साथ मतदान केंद्र के कक्षों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि चुनाव से पूर्व ही सभी कमियों को दूर किया जाएगा। जिससे मतदाताओं एवं मतदान करवाने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो सके।

मतदान कक्षों का निरीक्षण करते सेक्टर मजिस्ट्रेट इंदु शेखर मंगाई व अन्य।

### सभासद पति समेत आठ जुआरी पकड़े

**दिनेशपुर।** थानाध्यक्ष अनिल जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दिनेशपुर -गदरपुर मार्ग पर भाखड़ा नदी के किनारे आठ लोगों को जुआ खेलते हुए थर दबोचा। तलाशी लेने पर मौके से ताश के 52 पत्ते एवं 24,500 रुपये बरामद हुए। थानाध्यक्ष अनिल जोशी ने बताया कि पकड़े जुआरियों में प्रवीण कुमार, शिवपद सरकार, रविंद्र सिंह, भोला शील, धर्मवीर सिंह, नंदलाल सिंह, दीपक मंडल उर्फ़ धनु व सुमित अरोरा को मौके से गिरफ्तार किया।

# मांगों को लेकर भड़कीं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, प्रदर्शन

## आंगनबाड़ी वर्कर्स ने दिया धरना, शासन-प्रशासन को भेजा पत्र, जल्द मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की दी चेतावनी

रुद्रपुर के गांधी पार्क में धरना देतीं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, सेविकाएं व मिनी कर्मचारी संगठन के सदस्य। ● अमृत विचार

खटीमा में धरने पर बैठीं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां और सहायिकाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** चार सूत्रीय मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सेविका एवं मिनी कर्मचारी संगठन ने गांधी पार्क में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने शासन-प्रशासन को पत्र भेज कर मांगों को पूरा करने का मुद्दा उठाया। चेताया कि उनकी मांगों पर गौर नहीं किया तो आंदोलन किया जाएगा।

मंगलवार को धरना देते हुए वक्ताओं ने कहा कि पिछले काफी समय से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, सेविका और मिनी कर्मचारी अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर संघर्षरत है। उनका कहना था कि संगठन सरकार की किसी भी योजना को धरातल पर उतारने के लिए संगठन ने अहम योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि संगठन न्यूनतम मजदूरी 18000 रुपये प्रतिमाह करने, सेवानिवृत्ति होने पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री को दो लाख रुपये देने, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को गोल्डन कार्ड देने और मिनी आंगनबाड़ी उच्चीकरण का जल्द शासनादेश जारी करने का मुद्दा उठाते आ रहा है। लेकिन उनकी जायज मांगों की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मजबूरन उन्हें आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ रहा है। उन्होंने आगाह किया कि जल्द सरकार ने कोई निर्णय नहीं लिया तो संगठन ऑफलाइन कोई भी कार्य नहीं करेगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मनप्रीत कौर, माधुरी देवी, निशा, रेहाना, जया समेत कई आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद रही।

### आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का कार्य बहिष्कार व धरना जारी

**खटीमा।** आंगनबाड़ी कार्यकत्री/सेविका, मिनी कर्मचारी संगठन ने बैनर तले कार्यकत्रियों का कार्य बहिष्कार और धरना लगातार दूसरे दिन जारी रहा। उन्होंने कहा कि मांगे पूरी न होने तक आंदोलन जारी रहेगा। विकासखंड कार्यालय परिसर में धरना देते हुए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा लंबे समय से मानदेय 600 रुपए प्रतिदिन यानी 18 हजार रुपए मासिक करने की मांग की जा रही है। संगठन द्वारा 15 वर्ष की सेवा पूरी होने पर प्रति वर्ष मानदेय बढ़ाने, सेवानिवृति पर दो लाख का प्रावधान करने के साथ ही गोल्डन कार्ड जारी करने, सरकारी योजनाओं का लाभ देने, मृतक आश्रित को सुविधा लागू करने की मांग कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं हो जाती आंदोलन जारी रहेगा। धरना देने वालों में ब्लॉक अध्यक्ष अमरजीत कौर, पुष्पेंद्री, इंदिरा पोखरिया, लखविंदर कौर, कमल बिष्ट शोभा रस्तोगी जानकी गठौड़ी शिवराज कमल भट्ट कमला भट्ट, जीवंती भट्ट, सुनीता, शीला पोखरिया, आरती, कलावती आदि शामिल थे।

### आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने केन्द्रों पर की तालाबंदी

किच्छा। चार सूत्रीय मांगों को लेकर विधानसभा क्षेत्र की दर्जनों आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने कार्य बहिष्कार कर आंगनबाड़ी केंद्रों में तालाबंदी कर दी। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने जोरदार प्रदर्शन किया और प्रशासन से मांगों को लेकर तहसीलदार के माध्यम से जिला महिला कार्यक्रम अधिकारी एवं बाल विकास विभाग उधमसिंह नगर को ज्ञापन भेजा। केंद्रों में तालाबंदी करने के बाद दर्जनों आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां नगर स्थित इंदिरा गांधी खेल मैदान में एकत्र हुईं और धरना-प्रदर्शन किया। कार्यकत्रियों ने कहा कि लंबे समय से संघर्ष के बावजूद उन्हें आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला है, जिससे मजबूर होकर उन्हें अब आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मांगें पूरी होने तक कोई भी आंगनबाड़ी कार्यकत्री ड्यूटी पर नहीं जाएगी। खेल मैदान में प्रदर्शन के बाद तहसील पहुंचीं कार्यकत्रियों ने तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी के माध्यम से ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में रोजाना 600 रुपए पारिश्रमिक देने, रिटायरमेंट पर 20 लाख रुपए देने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रमोशन व गोल्डन कार्ड देने की मांग की गई है। संगठन की जिला मीडिया प्रभारी कुसुम लता एवं आंगनबाड़ी कर्मी शहनाज ने केन्द्रों का किराया समय से देने की मांग की। कहा कि अगर जल्द ही उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी कुसुम लता, प्रियंका यादव, शशि बिष्ट, रामवती देवी, शांति बिष्ट, मंजू थापा, भगवती थापा, धना देवी, विमला रावत रहे।

# मौलिक अनुसंधान करने के लिए किया गया प्रेरित

**▸▸ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पंत ने किया कार्यशाला का शुभारंभ**

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** एसबीएस महाविद्यालय में शोध एवं प्रसार प्रकोष्ठ की ओर से एक दिवसीय प्री-पीएचडी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान नये शोधार्थियों को शोध पद्धति शास्त्र विषय पर जानकारी दी गयी। कार्यशाला का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.डीसी पंत ने दीप जलाकर किया।

मंगलवार को कार्यशाला के दौरान प्राचार्य प्रो.पंत ने शोध के महत्व पर प्रकाश डाला और शोधार्थियों से मौलिक अनुसंधान करने के लिए प्रेरित किया गया। शोध एवं प्रसार प्रकोष्ठ की प्रो.पूनम रौतेला ने शोधार्थियों से संबंधित विस्तृत आख्या प्रस्तुत की और बताया कि वर्तमान सत्र में पीएचडी के 26 शोधार्थी पंजीकृत हैं। उन्होंने शोधार्थियों से नियमित तरीके से कक्षा में उपस्थित रहने को कहा। डॉ. अंचलेश कुमार ने शोधार्थियों से तथ्यों पर आधारित शोध करने का आह्वान किया। कार्यशाला में प्रो.सर्वजीत सिंह, प्रो.हरीश चंद्रा, प्रो. हेमलता सैनी, प्रो.मनोज कुमार पांडेय ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर प्रो. रविंद्र कुमार सैनी, प्रो. पीएन तिवारी, प्रो.आशा राणा, डॉ. राजेश कुमार सिंह आदि रहे।

# भाकियू अराजनैतिक ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** एमएसपी कानून बनाने सहित कई मांगों को लेकर आंदोलित संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं ने डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया और पीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। उन्होंने शंभू बॉर्डर पर फंसे किसानों की समस्याओं के अलावा चार सूत्रीय मांगों का मुद्दा उठाया। आगाह किया कि यदि उनकी मांगों पर गौर नहीं किया तो आंदोलन किया जाएगा।

मंगलवार को भाकियू अराजनैतिक के प्रदेश अध्यक्ष सलविंदर सिंह कलसी सहित किसान डीएम कार्यालय पहुंचे और प्रदर्शन किया। साथ ही पीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि केंद्र सरकार से न्यूनतम समर्थन मूल्य को गारंटी कानून बनाने, न्यूनतम मूल्य को तय करने के लिए सी-2 लागत पर लाभ जोड़ने, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में किसान को इकाई मनाने और विशिष्ठ भारतीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए उत्पादों को कॉफी व तंबाकू बोर्ड की भांति बोर्ड बनाने की मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि चार सूत्रीय मुद्दे का हल होने के बाद किसानों की आर्थिक स्थिति को सुधारा जा सकता है। इसके अलावा उन्होंने पीएम मोदी से शंभू बॉर्डर पर आंदोलित किसानों की भावनाओं को देखते हुए समस्याओं का समाधान करने की भी मांग की। इस मौके पर जरनैल सिंह, प्रताप सिंह, कमल दीप सिंह, संजीव कांबोज, अमरदीप सिंह, संतोष सिंह रंधावा, गुरदीप सिंह, देवेंद्र सिंह, जसप्रीत सिंह आदि मौजूद रहे।

### 22 को चंडीगढ़ में तय होगी किसान आंदोलन की रणनीति

**बाजपुर :** किसान आंदोलन को लेकर देशभर के किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। पंजाब, हरियाणा के बाद उप्र, उत्तराखंड के किसान-मजदूर भी सक्रिय हो गए हैं। संयुक्त किसान मोर्चा उत्तराखंड के नेता, गाजीपुर बार्डर के पूर्व प्रवक्ता जगतार सिंह बाजवा ने मंगलवार को पत्रकारों से वार्ता में कहा कि केंद्र सरकार द्वारा किसान आंदोलन के दौरान तीन कृषि बिल वापसी के साथ ही एमएसपी गारंटी कानून, किसानों पर दर्ज मुकदमे वापसी, बिजली बिल सहित अन्य कई मुद्दों पर समाधान का आश्वासन दिया था, लेकिन केंद्र सरकार की वादाखिलाफी के चलते आज देशभर का किसान-मजदूर पुन: आंदोलन की राह पर है। संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा 22 फरवरी को चंडीगढ़ में बैठक आयोजित की जा रही है। जिसमें देशभर के संगठनों से विचार विमर्श के बाद संयुक्त किसान मोर्चा आंदोलन के संबंध में आगामी रणनीति तय करेगा। उन्होंने कहा कि शंभू बार्डर पर प्रदर्शन कर रहे किसानों पर सरकार द्वारा तानाशाही पूर्ण कार्रवाई की जा रही है, जो बेहद निंदनीय है।

### छात्र-छात्राओं को किया मतदान के लिए प्रेरित

**रुद्रपुर।** एसबीएस महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत चुनाव का पर्व, देश का गर्व थीम के साथ महिला चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीएम मनीष बिष्ट रहे। वहीं महाविद्यालय ब्रांड एंबेसडर प्रो. आशा राणा ने प्रोफेसरों के साथ ही छात्र-छात्राओं को मतदाता शपथ दिलायी गयी। मंगलवार को कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि एसडीएम ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। अध्यक्षता प्रो. डीसी पंत ने की। यहां तहसीलदार दिनेश कुमार कुटोला, परीक्षा प्रभारी प्रोफेसर पीएन तिवारी, छात्र संघ प्रभारी प्रोफेसर सर्वजीत सिंह रहे।

# लालकुआं-अमृतसर रेल सेवा पर जताई खुशी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** लालकुआं से अमृतसर तक की रेल सेवा शुरू करने की स्वीकृति पर भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव, रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया।

चुघ ने कहा कि पिछले कई वर्षों से काठगोदाम और अमृतसर रेल सेवा शुरू करने के लिए सैकड़ों हजारों लोगों ने आवाज उठाई थी। जिसको लेकर उन्होंने रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र देकर काठगोदाम से अमृतसर तक प्रतिदिन गरीब रथ रेलवे सेवा प्रारंभ करने का आग्रह किया था। उन्होंने बताया था कि कुमाऊं वासी हजारों की संख्या में पंजाब की यात्रा करते हैं। इसके अलावा धार्मिक कार्यों को लेकर वैष्णो देवी, अमरनाथ यात्रा, अमृतसर का स्वर्ण मंदिर, राधा स्वामी सत्संग ब्यास के अलावा लुधियाना, जालंधर आदि शहरों में भी व्यापार के सिलसिले में जाते हैं। इसके अलावा उत्तराखंड में हजारों की संख्या में देश के वीर जवान निवास करते हैं जो पंजाब, जम्मू कश्मीर में अपनी ड्यूटी देते हैं। ऐसे में अमृतसर तक ट्रेन चलाया जाना आवश्यक था।

भारत भूषण चुघ।

**अमृतसर रेल सेवा की स्वीकृति पर जताया हर्ष : बाजपुर।** वरिष्ठ भाजपा नेता व उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष बाजपुर निवासी सुखदेव सिंह नामधारी ने बताया कि तराईवासियों की मांग एवं केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री व क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट के प्रयासों से लालकुआं रेलवे स्टेशन से अमृतसर के लिए नई ट्रेन के संचालन को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस रेल संचालन से तराई वासियों को लाभ प्राप्त होगा। नामधारी ने रेल संचालन के लिए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ ही केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट का आभार व्यक्त किया है। बताते चलें कि 18 दिसंबर 2023 को रुद्रपुर में आयोजित हुए भाजपा युवा सिख सम्मेलन में अमृतसर के लिए ट्रेन चलाए जाने की सिख समाज की मांग को सुखदेव सिंह नामधारी द्वारा प्रमुखता से उठाया गया था।

**अमृतसर ट्रेन की स्वीकृति से मिलेगी सुविधा: काशीपुर।** लालकुआं से अमृतसर ट्रेन की स्वीकृति मिल जाने पर विधानसभा बाजपुर के महुआखेड़ा गंज मंडल ग्राम कनकपुर में उत्साहित सिख समाज के लोगों ने भारतीय जनता पार्टी के नेताओं का स्वागत किया। भाजपा नेता राजेश कुमार ने कहा कि क्षेत्र के सिख समाज की मांग थी कि वह स्वर्ण मंदिर तक व्यवस्थित यात्रा के तहत श्री दरबार साहिब अमृतसर में मत्था टेक सके। यह मांगअब पूरी हो गई है।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

### श्रद्धा ने जेईई मेन परीक्षा पास की

**बाजपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल बाजपुर की कक्षा 12 साइंस की छात्रा श्रद्धा चौबे ने जेईई मेन-2024 परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने माता-पिता तथा विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय की प्रधानाचार्या एकताश्री व शिक्षकों ने छात्रा की इस सफलता के लिए बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यालय मण्डलीय प्रबन्धक (संचालन)
उत्तराखण्ड परिवहन निगम, टनकपुर
पत्रांकः-2596 ट.क्षे./म.प्र. (सं.) कैन्टीन /निविदा/निरस्तीकरण / 2024 दिनांकः- 20-02-2024
टेण्डर
-: स्टॉलों के बाबत निविदा निरस्तीकरण सूचना :-
उत्तराखण्ड परिवहन निगम टनकपुर मण्डल के अन्तर्गत लोहाघाट डिपो के चम्पावत बस स्टेशन में विभिन्न स्टॉल हेतु दिनांक 09-02-2024 एवं 11-02-2024 के समाचार पत्रों में प्रकाशित दिनांक 24-02-2024 को समय 15:00 बजे आमंत्रित निविदा अपरिहार्य कारणों से निरस्त की जाती है। निकट भविष्य में नई निविदा की सूचना समाचार पत्रों के माध्यम से प्रकाशित की जाएगी।
(पवन मेहरा)
मण्डलीय प्रबन्धक (संचालन)
उत्तराखण्ड परिवहन निगम, टनकपुर

विकास की बात | विधायक बेहड़ ने 2 .22 करोड़ के विकास कार्यों की नींव रखी

# योजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ ने किच्छा विधानसभा अंतर्गत तमाम क्षेत्रों में 2 करोड़ 22 लाख रुपए की लागत से विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। विधायक तिलक राज बेहड़ ने ग्राम मलसी में पुराना गुरुद्वारा से डेरा पार तक 64.57 लाख की लागत से निर्मित सड़क का लोकार्पण किया।

विधायक बेहड़ ने निकटवर्ती ग्राम कच्ची कमरिया में 52.83 लाख की लागत से लिंक मार्ग, ग्राम बडोरा में 45.87 लाख रुपए की लागत से बडोरा-चकोनी मार्ग, ग्राम नौगमा में 58.32 लाख रुपए की लागत से दरऊ रोड स्थित आरा मशीन तक सड़क निर्माण कार्य का विधिवत फीता काटकर शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि किच्छा विधानसभा के विकास में किसी प्रकार की कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है तथा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत गांव से गांव को जोड़ने वाले संपर्क मार्गों का निर्माण कराया जा रहा है।

किच्छा में विकास कार्यों का लोकार्पण करते विधायक तिलक राज बेहड़। ● अमृत विचार

मौके पर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, प्रदेश सचिव राजेश प्रताप सिंह, कांग्रेस जिला महामंत्री गुलशन सिंधी, महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव सुनीता कश्यप, सतनाम सिंह, निर्मल सिंह, महाराज राजेंद्र दास, जमील अहमद, रणजीत सिंह, इमरान मलिक, परमजीत सिंह पम्मी, तीर्थ मुंजाल, लक्ष्मण बांगा, रफीक अहमद, अयूब अहमद, हाफिज अहमद आदि रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

### बोर नदी में अवैध खनन को लेकर भिड़े दो पक्ष, गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद किया रेफर, घटना से पुलिस में मचा हड़कंप

# खनन के विवाद में मारपीट और फायरिंग, पांच घायल

ग्राउंड रिपोर्ट

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** बोर नदी में अवैध खनन को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते मारपीट और फायरिंग हो गई। घटना में एक पक्ष के तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया।

घटना में दूसरे पक्ष के भी दो लोगों को चोटें आने की बात कही जा रही है। घटना से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। सरकारी अस्पताल पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू करते हुए घायलों के बयान दर्ज किए। ग्राम महोली जंगल क्षेत्र से होकर गुजर रही बोर नदी में शासन व वन विभाग की ओर से खनन चुगान पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा हुआ है। बावजूद इसके नदी में बिना किसी रोकटोक के अवैध खनन चल रहा है। मंगलवार सुबह इसी नदी में होने वाले अवैध खनन व इन वाहनों के मार्ग से निकलने को लेकर दो गुटों में विवाद हो गया। देखते ही देखते मारपीट होने लगी और कुछ ही देर में महोली जंगल में गुरविंदर सिंह के घर के नजदीक फायरिंग शुरू हो गई। जिससे भगदड़ मच गई। घटना में एक पक्ष के ग्राम महोली जंगल निवासी गुरविंदर सिंह (27) पुत्र बुआ सिंह, गुरपेज सिंह (20) पुत्र गुरदीप सिंह व वार्ड नंबर-13 यादव होटल के पीछे बाजपुर निवासी पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रजत भंडारी (30) पुत्र प्रताप सिंह भंडारी घायल हो गए। उन्हें आनन-फानन में सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है। सरकारी अस्पताल पहुंची बाजपुर व केलाखेड़ा थाने व बेरिया दौलत चौकी की पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू करते हुए घायलों के बयान दर्ज किए। घटना में स्कार्पियो, एसक्रास कार सहित तीन-चार वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं जिन्हें पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। फिलहाल किसी की भी तरफ से लिखित शिकायत नहीं की है। पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच में जुटी है। मामले की जानकारी उच्चाधिकारी को दी गई है। इधर घटना के पीछे की एक वजह डिग्री कालेज के चुनावों के समय से छात्र गुटों में चल रही पुरानी रंजिश भी बताई जा रही है। सरकारी अस्पताल पहुंचे निवर्तमान पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते ने भी घायलों का हालचाल जाना।

बाजपुर में सरकारी अस्पताल में घायल गुरविंदर से जानकारी लेती पुलिस। ● अमृत विचार

# आखिर किसने गायब की मालखाने में रखी धनराशि

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली के मालखाने से 12.48 लाख रुपये गायब होने का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

वर्ष 2017 में एक हत्या के मामले में जब्त की यह धनराशि आखिर मालखाने से कहां गायब हो गई। जबकि अप्रैल 2023 में यह धनराशि मालखाने की अलमारी में देखी गई और उसके चार माह बाद मालखाने का नए पुलिस कर्मी द्वारा चार्ज लेने के दौरान धनराशि गायब मिली। मालखाने से धनराशि गायब होने का मुकदमा पुलिस ने उच्च स्तरीय जांच के बाद दर्ज किया है। धनराशि अप्रैल 2023 में अलमारी में देखी गई। अगस्त 2023 में नए पुलिस कर्मी के चार्ज लेने के दौरान धनराशि गायब पाई गई। सवाल यह कि क्या यह धनराशि इन चार महीनों में गायब हुई या फिर पहले और बाद में। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है। बताया जा रहा है कि जिस व्यक्ति की हत्या हुई थी वह अविवाहित था। ऐसे में हत्यारोपी महिला उसकी धनराशि पर हक नहीं जता सकती थी। माना जा रहा है कि मालखाने से धनराशि उड़ाने वाले को इस कानूनी पेचीदगी की भी जानकारी थी।

> मिलान के दौरान मालखाने से जब्त 12.48 लाख की धनराशि गायब पाई गई। जिसमें मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।
> –मनोज रतूड़ी, कोतवाल, काशीपुर

## एक नजर

### रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की जेब टटोलता एक गिरफ्तार

**काशीपुर।** जीआरपी ने यात्रियों की जेब टटोलते एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। रेलवे स्टेशन काशीपुर में एक संदिग्ध युवक टिकट घर में यात्रियों की जेब टटोलते हुए संदिग्ध आचरण कर जेब कतरी की फिराक में था। चौकी जीआरपी के सुरक्षा कर्मियों ने गश्त के दौरान एक युवक को टिकट घर पर धर दबोचा। कर्मियों के तलाशी लेने पर आरोपी की जेब से आधा टुकड़ा ब्लेड का नाजायज बरामद हुआ। जिसके संबंध में पूछने पर वह संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाया। जीआरपी प्रभारी सरोज कांबोज ने बताया कि आरोपी मोहसिन उर्फ मोनिश निवासी ग्राम जटपुरा को धारा 41/109 सीआरपीसी के तहत गिरफ्तार कर मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया।

### कच्ची शराब के धंधे में लिप्त तीन आरोपी दबोचे

**काशीपुर।** टांडा उज्जैन चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान दड़ियाल रोड स्थित बैरियर बाजवा सीमेंट स्टोर के सामने से 30 पाउच अवैध कच्ची शराब के साथ रोहित कुमार उर्फ बोकरी निवासी टांडा उज्जैन को गिरफ्तार किया है। वहीं आईटीआई पुलिस के अपर उपनिरीक्षक सोमवीर सिंह ने अपनी टीम के साथ महुआखेड़ागंज ईदगाह रोड पर तालाब के पास 20 लीटर कच्ची शराब के साथ ग्राम चम्पतपुर चकला बढ़ापुर बिजनौर व हाल महुआखेड़ागंज निवासी छिंदरपाल सिंह को गिरफ्तार किया। उधर कुंडा थाना पुलिस के उपनिरीक्षक कैलाश सिंह देव कच्ची शराब बेचते ग्राम शिवराजपुर पट्टी निवासी महेन्द्र सिंह से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की।

# उद्योपतियों, किसानों ने नये बिजली टैरिफ पर जताई आपत्ति

### बिजली कंपनियों का वर्ष 2024-25 में टैरिफ 27 फीसदी करने के प्रस्ताव पर मांगे सुझाव, 34 लोगों ने आयोग के समक्ष रखे सुझाव

**जन सुनवाई**

- विकास भवन के सभागार में आयोजित हुई जनसुनवाई
- किसानों ने कहा कि बिजली दरें बढ़ने से होगा नुकसान

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग की ओर से राज्य में विद्युत दरों के प्रस्ताव पर जन सुनवाई की। इस दौरान आयोग के समक्ष यूपीसीएल, पिटकुल, यूजेवीएन एवं एसएलडीसी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए टैरिफ में 27 प्रतिशत की वृद्धि करने का प्रस्ताव रखा। इस पर उद्योगपतियों, किसानों और अन्य उपभोक्ताओं ने इस टैरिफ पर नाराजगी जतायी। साथ ही 34 उपभोक्ताओं ने आयोग के समक्ष सुझाव और आपत्तियां रखीं।

मंगलवार को विकास भवन सभागार में आयोग के अध्यक्ष डीपी गैरोला की अध्यक्षता में जनसुनवाई हुई। इस दौरान आयोग ने आम उपभोक्ताओं का पक्ष सुना। इस दौरान आयोग ने जनसुनवाई के दौरान घरेलू एवं अघरेलू श्रेणी, उद्योग श्रेणी, पीटीडब्लू के उपभोक्ताओं के सुझावों एवं आपत्तियों को सुना। इस दौरान किसानों, उद्योगपतियों ने 27 प्रतिशत बिजली की दरों में बढ़ोतरी पर नाराजगी व्यक्त की। किसानों ने कहा कि पहले ही किसान महंगाई की मार झेल रहे हैं। ऐसे में बिजली की दरें बढ़ने से उन्हें काफी नुकसान होगा।

वहीं उद्योगपतियों ने कहा कि उद्योगों में माह में 25 दिन तक बिजली की ट्रिपिंग होती है। इसके अलावा अन्य राज्यों से उत्तराखंड में बिजली के रेट काफी अधिक हैं। जबकि हिमाचल प्रदेश में बिजली की रेट कम हैं। अगर बिजली के रेट बढ़े तो उद्योगों को चलाना मुश्किल होगा और बंद करने के बाध्य होना पड़ेगा। वहीं आयोग अध्यक्ष गैरोला ने सभी का पक्ष सुनने के बाद कहा कि नई बिजली की दरें एक अप्रैल 2024 से लागू होंगी। हालांकि अभी कोशिश रहेगी की बिजली की दरें कम हों। उन्होंने कहा कि पहले उत्तराखंड में पर्याप्त बिजली थी, लेकिन अब उद्योगों के बढ़ने से इतनी बिजली की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। फिर कोशिश रहेगी की कंपनी बाहर न जाए। जन-सुनवाई में सदस्य (तकनीकी) उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग मदन लाल प्रसाद, सचिव नीरज सती, निदेशक वित्त दीपक पांडे, निदेशक (तकनीकी) प्रभात किशोर डिमरी, उप निदेशक प्रशासन दीपक कुमार, अधीक्षण अभियंता शेखर त्रिपाठी, नवीन मिश्रा, अधिशासी अभियंता जीएस कार्की, विजय कुमार सकारिया समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

जनसुनवाई में लोगों के सुझाव लेते आयोग के अध्यक्ष डीपी गैरोला। ● अमृत विचार

### चारों बिजली कंपनियों के एमडी को नोटिस भेजने के निर्देश

**रुद्रपुर।** जनसुनवाई में यूपीसीएल, पिटकुल, यूजेवीएन एवं एसएलडीसी के एमडी उपस्थित नहीं थी। इस पर आयोग के अध्यक्ष गैराला ने नाराजगी जतायी। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई में सभी को उपस्थित रहना चाहिए था। उन्होंने सभी को नोटिस भेजने के निर्देश दिये।

### इनका कहना है

> यूपीसीएल की ओर से 27 प्रतिशत की दर रखी गयी है, जबकि अन्य कंपनियों की दर को भी इसमें शामिल किया जाएगा तो यह 38 प्रतिशत हो जाएगा। जबकि अन्य प्रदेशों में बिजली की दर कम है। राज्य भी उसी श्रेणी की ओर जा रहा है। एक अप्रैल से इसे लागू किया जाएगा। अगर बिजली की दर बढ़ी तो कई उद्योग बंद हो सकते हैं। इसलिए उद्योग भी चाहते हैं कि बिजली की दर न बढ़े।
> –**शकील सिद्दीकी**, इंडस्ट्रियल एडवाइजर

> उत्तराखंड में बिजली की दर हिमाचल से डेढ़ गुना अधिक है। नये बिजली की 27 प्रतिशत दर काफी अधिक है। उद्योगों में बिजली की सप्लाई ठीक नहीं है। माह में 25 बार बिजली की ट्रिपिंग होती है। उद्योगों का कच्चा माल भी बाहर से आता है। ऐसे में बिजली के दर बढ़ने से उद्योगों को काफी नुकसान होगा और बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।
> –**मुकेश त्यागी**, एमडी, बीएसटी टैक्सटाइल मिल

> एक तरफ सरकार नये उद्योगों को बुला रही है, जबकि दूसरी ओर बिजली की दरों को बढ़ा रही है। इससे नये उद्योगों और पुराने उद्योगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। इससे कंपनियां पलायन कर सकती है। वहीं बिजली की बढ़ती दरों के कारण एक दो उद्योगों ने अपनी मशीन शिफ्ट कर दी है। अगर बिजली के रेट बढ़ते हैं तो भविष्य में अन्य उद्योग भी अपनी मशीन शिफ्ट कर सकते हैं।
> –**श्रीकर सिंहा**, अध्यक्ष, सिडकुल इंटरप्रेन्योर वेलफेयर सोसायटी

### बदमाशों ने तमंचे की नोक पर लूटा टुकटुक

**रुद्रपुर।** सोमवार की देर रात बाइक सवार बदमाशों ने तमंचे की नोक पर पहले चालक को पीटा और सीने पर तमंचा सटा कर टुकटुक को लूट लिया। चालक ने उपचार कराने के बाद पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार वार्ड-23 निवासी लक्ष्मण कुमार ने बताया कि टुकटुक संख्या यूके 06 आर 1805 को चलाकर परिवार का भरण पोषण करता है। बताया कि सोमवार की देर रात साढ़े नौ बजे वह काशीपुर बाईपास मार्ग पर सवारी का इंतजार कर रहा था। अचानक बाइक सवार दो युवक आए और शादी में देर होने की बात कहकर काशीपुर हाईवे स्थित बिंदु खेड़ा तक छोड़ने की जिद करने लगा। इस बीच एक लड़का उतरकर टुकटुक पर बैठ गया। जब टुकटुक हाईवे स्थित ढाबे के समीप पहुंचा तो आरोपी युवक ने फोन कर बाइक सवार अपने साथी को बुला लिया। बाइक सवार युवक ने आते ही तमंचा निकालकर उसके सीने पर सटा दिया और टुकटुक की चाबी निकाल ली। विरोध किया तो मारपीट शुरू कर दी, जबकि दूसरे युवक ने भी तमंचा निकालकर तमंचे की नोक पर टुकटुक लूट लिया। प्राथमिक उपचार कराने के बाद पीड़ित चालक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 53 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर पकड़ा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने 53 ग्राम स्मैक बरामद की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट व शस्त्र अधिनियम में पूर्व में भी आठ मुकदमे दर्ज हैं।

कोतवाली में मामले का खुलासा करते हुए सीओ अनुषा बडोला ने बताया कि सोमवार देर शाम को बांसफोड़ान चौकी पुलिस ने नए ढेला पुल के पास चेकिंग के कब्रिस्तान की ओर से एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया। जो पुलिस को देख वापस मुड़कर भागने लगा। शक होने पर पुलिस ने उसे घेरकर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर व्यक्ति के पास से 53 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम काली बस्ती, काशीपुर निवासी नदीम उर्फ बीड़ी बताया। आरोपी ने बताया कि वह स्मैक बरेली जिले के फतेहगंज क्षेत्र से खरीदकर लाया था। बरामद स्मैक की कीमत करीब सात लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि आरोपी नदीम के ऊपर पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट व शस्त्र अधिनियम में आठ मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस टीम में एसएसआई प्रदीप मिश्रा, एसआई सुनील सुतेड़ी, मनोज जोशी रहे।

गिरफ्तार स्मैक तस्कर व पुलिस टीम के साथ खुलासा करती सीओ। ● अमृत विचार

# रंपुरा बस्ती में चलीं तलवारें एक-दूसरे पर किया पथराव

संवाददाता, रुद्रपुर

**विवाद**

- गर्भवती महिला सहित पांच लोग चोटिल, पीड़ितों ने नशेड़ी के खिलाफ सौंपी तहरीर

**अमृत विचार:** कोतवाली इलाके की रंपुरा बस्ती में घर के आगे पेशाब करने को लेकर दो पक्षों में जमकर पथराव हुआ और एक-दूसरे पर धारदार हथियारों का प्रयोग किया। जिसमें गर्भवती महिला सहित पांच लोग चोटिल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली। पीड़ितों ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

जानकारी के अनुसार विद्या कोली और पार्वती देवी ने रंपुरा चौकी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 18 फरवरी की देर रात पड़ोसी नशे की हालत में आया और घर के दरवाजे के सामने पेशाब करने लगा। घर में महिलाएं होने के कारण जब विरोध किया तो नशेड़ी भड़क गया और आरोपी की पैरवी करते हुए परिवार के लोगों ने घर पर पथराव शुरू कर दिया। इसके बाद दोनों पक्षों के लोग आमने सामने हो गए और तलवार व काप्पा चलने लगे। इसमें पांच माह की गर्भवती महिला और चार पुरुष चोटिल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी। इसमें से एक युवक की हालत गंभीर बनी हुई है।

# दुकान में हुई चोरी में दो गिरफ्तार

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** बाजपुर-गदरपुर पुलिस व एसओजी की टीम ने बेरिया रोड स्थित श्री दुर्गा हार्डवेयर की दुकान में हुई चोरी का पर्दाफाश करते हुए हजारों की नगदी व सामान सहित दो युवकों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से तमंचा भी बरामद हुआ है। आरोपियों को कोर्ट के माध्यम से जेल भेज दिया गया है।

सोमवार देर रात सूचना मिली कि चोर मलेरिया रोड पर देखे गए हैं। सूचना पर पुलिस गुमसानी में नई कालोनी के पास पहुंची तो यूकेलिप्टिस के पेड़ों के पास ही दो संदिग्ध युवक खड़े मिले जिन्हें पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम झगोला गोविंदपुर कालोनी थाना अल्लीपुर दिल्ली, हाल निवासी तारकधाम कृष्णा कालोनी दिनेशपुर परमजीत सिंह उर्फ पम्मा पुत्र गुरुदयाल सिंह व चाहटबाला थाना बढ़ापुर जिला बिजनौर उत्तर-प्रदेश, हाल निवासी तारकधाम कृष्णा कालोनी गजेंद्र सिंह उर्फ गज्जन पुत्र काला सिंह बताया।

इनके पास से बिना नंबर की बाइक, 315 बोर दो तमंचे, दो कारतूस, श्री दुर्गा हार्डवेयर दुकान से चोरी गई 14 हजार रुपये की नगदी, दो चेकबुक, तीन चांदी के सिक्के, चार टोकन, एक बाइक व दो मोबाइल बरामद किए। मंगलवार को दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेजने के आदेश दे दिए गए हैं।

बाजपुर कोतवाली में पुलिस गिरफ्त में आरोपित व बरामद माल। ● अमृत विचार

**प्रशिक्षण** जिला सूचना अधिकारी ने प्रसार प्रशिक्षण केंद्र में नव चयनित अधिकारियों को दिए टिप्स

# राजस्व उप निरीक्षकों को दी कार्यों की जानकारी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिला सूचना अधिकारी गोविंद सिंह बिष्ट ने प्रसार प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित नव चयनित राजस्व उप निरीक्षकों (पटवारी/लेखपाल) को सूचना एवं लोक संपर्क विभाग के कार्यों एवं विभाग की पृष्ठभूमि और आधुनिक जनसंचार के माध्यमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

मंगलवार को प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान जिला सूचना अधिकारी ने बताया कि सूचना एवं लोक संपर्क विभाग सरकार एवं जनता के मध्य समन्वय स्थापित करने के लिए सेतु की भूमिका निभाता है। सरकार द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों, योजनाओं और निर्णयों के माध्यम से जो जनहितकारी कार्य संपन्न किए जाते हैं उनकी जानकारी विभिन्न संचार माध्यमों द्वारा जनता तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण दायित्व सूचना एवं लोक संपर्क विभाग का है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विभिन्न समाचार पत्र, पत्रिकाओं, समाचार एजेंसियों, आकाशवाणी, दूरदर्शन के साथ ही विभिन्न टेलीविजन चैनलों व सोशल मीडिया को उपलब्ध कराया जाता है।

उन्होंने नव नियुक्त सभी राजस्व उप निरीक्षकों का मार्ग दर्शन करते हुए कहा कि प्रशिक्षण में बताए जा रहे सभी नियमों को पूर्णतः आत्मसात करें। कहा कि अधिकांश योजनाओं के क्रियान्वयन में आपके कलम का महत्व बहुत ज्यादा होगा, इसलिए संतुलन और सकारात्मक सोच के साथ कार्यों का निर्वहन करें।

नव नियुक्त राजस्व उप निरीक्षकों को जानकारी देते डीआईओ गोविंद सिंह बिष्ट। ● अमृत विचार

# गैंगस्टर में निरुद्ध दो दोषियों को दो-दो साल का कारावास

संवाददाता, रुद्रपुर

**फैसला**

- वर्ष 2015 में बाइक चोरी में हुए थे गिरफ्तार
- तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश ने सुनाया फैसला

**अमृत विचार:** वर्ष 2015 में पकड़े गए शातिर बाइक चोरों की सुनवाई करते हुए तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद बाइक चोरी के दोषियों को दो-दो साल का कठोर कारावास व पांच-पांच हजार रुपये अर्थदंड देने की सजा सुनाई।

सहायक अभियोजन अधिकारी दाऊद सिद्दीकी ने बताया कि 25 फरवरी 2015 को तत्कालीन रुद्रपुर कोतवाल जेसी पाठक ने दर्ज रिपोर्ट में कहा था कि सिकरौल थाना पटवाई रामपुर निवासी मोहित पाल शातिर किस्म का अपराधी है। जिसका एक संगठित गिरोह है और वह गिरोह का सरगना है। गिरोह के सक्रिय सदस्य मानकपुर बजरिया टांडा रामपुर निवासी कुसुम वीर उर्फ संजू है। उन्होंने बताया कि संगठित गिरोह ने उत्तराखंड में वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देने के बाद अवैध धन अर्जित किया। गिरोह ने 14 जनवरी 2014 को डीडी चौक, 9 अक्टूबर 2014 को आवास विकास, 7 फरवरी 2015 को आदर्श कॉलोनी और जैन कालोनी से मोटरसाइकिल चोरी की थी। उन्होंने बताया कि 9 फरवरी 2015 को पुलिस ने गिरोह के सरगना और सदस्यों को गिरफ्तार कर चोरी की 13 मोटर साइकिल बरामद की गई थी। जिसके बाद पुलिस ने जनता में दहशत फैलाकर जनता की संपत्ति को नुकसान पहुंचा कर खुद को लाभ पहुंचाने पर मोहित पाल और कुसुम वीर उर्फ संजू पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश/गैंगस्टर एक्ट तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश मीना देऊपा ने दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद मोहित पाल और कुसुमवीर उर्फ संजू को दो-दो साल का कठोर कारावास व पांच-पांच हजार रुपये अर्थदंड सुनाया।

### युवती से दुष्कर्म का आरोपी बाराती गिरफ्तार

**गदरपुर।** बारात में आए युवक द्वारा मानसिक रूप से कमजोर युवती के साथ दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को थानाध्यक्ष भुवन चंद जोशी ने बताया कि ब्लॉक क्षेत्र के रहने वाले एक युवक ने थाने में तहरीर देकर कहा कि 19 फरवरी को पास के ही गांव से आयी बारात में शामिल जनार्दन पुत्र पारस नाथ निवासी नंदपुर गदरपुर ने वादी की मानसिक रूप से कमजोर बहन को डरा-धमकाकर घर के बाथरूम में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 376 के तहत युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।। 20 फरवरी को प्रातः 11 बजे मुखबिर की सूचना पर नन्दपुर से गूलरभोज को जाने वाली नहर किनारे से उस समय गिरफ्तार कर लिया।

## एक नजर

### 22 फरवरी को खोली जाएगी नई सीरीज

**काशीपुर।** एआरटीओ प्रशासन विमल पांडेय ने बताया कि सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय में अव्यावसायिक वाहनों के पंजीयन चिन्ह से संबंधित आगामी नई सीरीज (यूके18एस) 22 फरवरी को 3 बजे के बाद खोली जानी है। ऐसे वाहन स्वामी जो अपने अव्यावसायिक वाहन का इच्छित फैंसी/आकर्षक पंजीयन चिन्ह नई सीरीज (यूके18एस) के लिए बुक करना चाहते हैं, वह परिवहन विभाग की ऑनलाइन वेबसाइट https://fancy.parivahan.gov.in के माध्यम से नंबर बुक करा सकते हैं।

### नानकमत्ता में सफाई कर्मियों का धरना आज से

**नानकमत्ता।** नगर पंचायत के सफ़ाई कर्मचारियों का 8 सूत्रीय मांगों को लेकर बुधवार से अनिश्चितकालीन धरना शुरू होगा। नगर पंचायत के सफाई कर्मचारी सोनी कुमार ने स्थानीय प्रसाशन सहित जिला अधिकारी को भेजे गए पत्र में कहा है कि नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी ने कर्मचारियों की समस्या के समाधान के लिये 13 फरवरी तक का समय दिया था। लेकिन समाधान नहीं किया गया।

### 4 वारंटी गिरफ्तार

**जसपुर।** पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत 4 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। जबकि 2 वारंटियों ने न्यायालय पहुंचकर आत्मसमर्पण किया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार सिंह, व.उ.नि. ओमप्रकाश, उ.नि. जावेद मलिक, कौशल भाकुनी, धीरज टम्टा रहे।

# जल जीवन मिशन के तहत खोदी गई सड़कों की मरम्मत न होने से आक्रोश

## तहसील दिवस में उठीं तमाम समस्याएं, कई का मौके पर निस्तारण, कम पहुंचे फरियादी

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार:** अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी की अध्यक्षता में ब्लॉक सभागार में लोगों की समस्याओं के निराकरण हेतु तहसील दिवस का आयोजन किया गया। तहसील दिवस में सड़क, बिजली, सिंचाई, पीएम जनमन योजना, जन्म प्रमाण पत्र, जल भराव, पीएम आवास योजना सम्बन्धित करीब डेढ़ दर्जन शिकायतें दर्ज की गई जिसमें से आधा दर्जन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

मंगलवार को ब्लॉक सभागार में तहसील दिवस पर अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी ने कहा कि जनता की कोई भी समस्या हो, उसका व्यक्तिगत रुचि लेकर अधिकारी समाधान करना सुनिश्चित करें। इस मौके पर झगड़पुरी ग्राम प्रधान हसीन जहां ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन के लिए खोदी गई सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं लेकिन विभाग सड़कों का निर्माण नहीं कर रहा जिससे लोग चोटिल हो चुके रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक वर्ष का समय बीत गया है लेकिन अभी तक जल जीवन मिशन के कनेक्शन तक नहीं हुए है। उन्होंने जल्द सड़क निर्माण और कनेक्शन देने की मांग की। ग्राम महतोष निवासी सजावत अली ने जन्म प्रमाण पत्र ना बन पाने, गदरपुर निवासी गीता उपाध्याय ने घर के सामने जल भराव होने की शिकायत की। ग्राम हरिपुरा मदनापुर मुन्नी देवी ने पीएम जनमन योजना के तहत सर्वे में नाम छूट जाने की शिकायत की। बृजेश कुमार व पीआरडी जवानों ने ब्लॉक कमांडर और हल्का सरदार नियमित करने की मांग की। गूलरभोज निवासी देवकी देवी ने स्वतंत्रा संग्राम सेनानी उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की मांग की।

हिंदू परिषद के कार्यकर्ता निपुण गगनेजा ने गौशाला निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराने की मांग की। सूचना अधिकार कार्यकर्ता विनोद सिंह ने विकास कार्यों की जांच की मांग की। तहसील दिवस में स्वास्थ्य, समाज कल्याण, पंचायतीराज, समाज कल्याण, पशुपालन, पूर्ति, गन्ना विकास, कृषि, मत्स्य, राजस्व, ग्राम्य विकास, बाल विकास, आदि विभागों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं के बारे में जानकारी दी। तहसील दिवस में आधा दर्जन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। संचालन खंड विकास अधिकारी शेखर जोशी ने किया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोबाल, उप जिलाधिकारी गौरव पांडे, विनोद कुमार, पीसी बहुगुणा, राजस्व निरीक्षक सतपाल सिंह, सुरजीत सिंह, डॉ संजीव सरना ग्राम प्रधान संघ उपाध्यक्ष संजय चौधरी शराफत अली मंसूरी विपिन कुमार दीपा उप्रेती गुरदेव सिंह मौजूद थे।

गदरपुर ब्लॉक सभागार में फरियादियों की समस्याएं सुनते एडीएम अशोक कुमार।

### काशीपुर में पहुंचे महज तीन फरियादी

**काशीपुर।** तहसील दिवस में महज तीन ही फरियादी पहुंचे। मंगलवार को तहसील में आयोजित तहसील दिवस में ग्राम गढ़ीनेगी निवासी जगन्नाथ छाबड़ा ने लेखपाल, पीडब्लूडी और विद्युत विभाग से संबंधित शिकायती पत्र सौंपा। ग्राम रायपुर खुर्द निवासी हरपाल सिंह ने एनएच 74 से जवाब न मिलने की शिकायत दर्ज कराई। अधिकारियों ने तीनों की शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करने का आश्वासन दिया।

## प्रतिबंधित पॉलीथिन के उपयोग पर पांच लोगों का किया चालान

**काशीपुर।** नगर निगम की टीम ने प्रतिबंधित पॉलीथिन के इस्तेमाल पर पांच लोगों को चालान किया है। इस दौरान टीम ने 1.5 किग्रा पॉलीथिन जब्त की और 6500 रुपये जुर्माना वसूला। टीम की इस कार्यवाही से दुकानदार में हड़कंप मच गया।

सोमवार देर शाम सहायक नगर आयुक्त यशवीर सिंह राठी के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने गंदगी फैलाने व प्रतिबंधित पॉलीथिन के इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान नगर निगम टीम ने पांच लोगों का चालान कर 1.5 किग्रा प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त की। साथ ही 6500 रुपये का जुर्माना वसूला। सहायक नगर आयुक्त राठी ने कहा कि आसपास स्वच्छता का ध्यान रखे और कूड़ा व गंदगी ना करें, साथ ही प्रतिबंधित पॉलीथन व अतिक्रमण करने से भी बचे। टीम में कर एवं राजस्व निरीक्षक जगदीश सिंह सैनी, बृजपाल सिंह ठाकुर, विक्रांत यादव आदि शामिल रहे।

**वारंटी दबोचा: खटीमा।** वारंटी धड़ पकड़ अभियान के तहत थाना झनकईया पुलिस द्वारा मंगलवार को कई वर्षों से फरार वारंटी मो आरिफ निवासी कंजाबाग को गिरफ्तार किया है। आरिफ पर 2018 में दर्ज पशु क्रूरता अधिनियम के तहत दर्ज मामले में फरार चल रहा था।

## सार-संक्षेप

खटीमा में भाजपा नगर मंडल लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला में मौजूद अतिथि।

### बूथों में जाकर संपर्क करें भाजपा कार्यकर्ता

**खटीमा।** विधानसभा खटीमा नगर मंडल में आयोजित लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला अभियान के जिला सह संयोजक नंदन सिंह खड़ायत की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यशाला में पूर्व जिला अध्यक्ष व दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता ने कार्यकर्ताओं को आगामी एक से तीन मार्च को लाभार्थियों से बूथ में जाकर संपर्क करने का आह्वान किया। उन्होंने प्रदेश व राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर विधानसभा विस्तारक आलोक तिवारी, मंडल अध्यक्ष जीवन धामी, विधानसभा प्रभारी गजेंद्र सिंह गिरी, मनी पोखरिया, गोपाल वोरा, अमित कुमार पांडे, संतोष अग्रवाल, रेनू भंडारी, दीपक तिवारी आदि थे।

### चाकू के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**काशीपुर।** पुलिस ने अवैध चाकू के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनके खिलाफ पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कटोराताल चौकी प्रभारी विपुल जोशी ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर नागनाथ मंदिर से आगे गुरुद्वारा रोड पर मुकीम निवासी काजीबाग, कटोराताल व अली अकबर निवासी खत्रियान को एक-एक अदद नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ धारा 4/25 शस्त्र अधिनियम के तहत चालान किया है।

### कुमाऊं विवि के कुलपति को दी बधाई

**नानकमत्ता।** श्री गुरु नानक देव स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. मनिंदर सिंह गुलाटी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत बहुविधात्मक शिक्षा एवं अनुसंधान के लिए चयनित 26 विद्यालयों में कुमाऊं विश्वविद्यालय का चयन होने पर कुलपति को बधाई दी है। कहा कि कुलपति के अथक प्रयासों से ही कुमाऊं विवि को यह उपलब्धि हासिल हुई है। इस अवसर पर महाविद्यालय के बीएड विभागाध्यक्ष डॉ. इन्दुबाला सहित शिक्षक व छात्र मौजूद रहे।

# चार लाख की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

अमृत विचार: किच्छा

**अमृत विचार:** पुलभट्टा थाना पुलिस की टीम ने चेकिंग के दौरान बाइक सवार नशा तस्कर को दबोच लिया। आरोपी के कब्जे से चार लाख रुपए से अधिक की स्मैक बरामद की गई है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी सहित नशा तस्करी करने वाले सितारगंज निवासी एक अन्य आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया है।

पुलभट्टा थाना अध्यक्ष कमलेश भट्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सीमा पर चेकिंग के दौरान टीवीएस स्पोर्ट्स बाइक संख्या यूके 06 बी जी 8743 को रोक लिया। इस दौरान पुलिस टीम ने बाइक सवार ग्राम मलसी, निकट गुरुद्वारा, पोस्ट बगवाड़ा, थाना रुद्रपुर निवासी गुरप्रीत सिंह को पकड़ लिया। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 42 ग्राम अवैध स्मैक बरामद कर ली। थाना अध्यक्ष भट्ट ने बताया कि पूछताछ में आरोपी गुरप्रीत सिंह ने बताया कि उसने उक्त स्मैक सितारगंज के गुरु नानक नगरी गोठा निवासी कुलदीप सिंह उर्फ सोनू के पास से खरीदी थी। पुलिस ने नशा तस्करी में लिप्त कुलदीप सिंह उर्फ सोनू के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से आधार कार्ड एक मोबाइल फोन तथा 520 रुपए की नगदी बरामद कर कब्जे में ले ली। पुलिस ने आरोपी की बाइक को सीज कर उसे न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सार्वजनिक स्थानों पर मृत मवेश फेंक रहे लोग

**काशीपुर।** मृत मवेशियों को फैंकने का स्थल चिन्हित होने के बावजूद लोग मृत मवेशियों को सार्वजनिक जगहों पर फेंक रहे हैं। जिससे जहां आस-पास दुर्गंध फैल रही है।

मंगलवार सुबह अनन्या होटल के पास रेलवे पटरी के किनारे एक कट्टे में कोई मृत मवेशी फेंक गया। यहां से गुजरने वाले लोग दुर्गंध से परेशान रहे। वहीं कुत्तों द्वारा नोंचे जाने का दृश्य हर किसी को विचलित कर रहा था। नगर निगम के नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमरजीत साहनी ने बताया कि निगम को सूचना देने पर वाहन द्वारा मृत मवेशियों को सार्वजनिक स्थान से हटा दिया जाता है।। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति मृत मवेशी को सार्वजनिक स्थान पर फैंकता है तो उ सपर भारी जुर्माना लगेगा।

# 232 किलो प्रतिबंधित मांस पकड़ा

**शिकंजा**

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** पुलिस व गौवंश संरक्षण स्क्वार्ड की टीम ने ग्राम गुलड़िया में ढेला नदी किनारे प्रतिबंधित मांस व औजार के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने 232 किग्रा प्रतिबंधित मांस बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। इस दौरान दो आरोपी मौके से भाग गये। जिनकी पुलिस तलाश में जुटी है।

थाना आईटीआई पुलिस व गौवंश संरक्षण की टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम गुलड़िया में ढेला नदी किनारे छापा मारा। जहां टीम ने 232 किलो प्रतिबंधित मांस के साथ ग्राम गुलड़िया निवासी सनब्बर को गिरफ्तार किया। वही पुलिस को देख दो आरोपी ग्राम गुलड़िया निवासी मंसूर व ठाकुरद्वारा के फरीदनगर निवासी साजेब उर्फ लुक्का फरार हो गये। जिनकी पुलिस तलाश में जुट गई है। पकड़े गये आरोपी ने बताया कि वह गांव में प्रतिबंधित मांस बेचने की फिराक में थे। पुलिस ने मौके पर पशु चिकित्सा अधिकारी प्रकाश चंद को बुलाकर मांस का परीक्षण कराया।

वही आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया। पुलिस टीम में पैगा चौकी प्रभारी अनिल उपाध्याय, प्रभारी गोवंश संरक्षण एसआई प्रवीण सिंह व उपनिरीक्षक सोमवीर सिंह, कांस्टेबल दीवान नाम, प्रमोद कुमार, कुंदन खन्ना, संजय कुमार, राजकुमार आदि शामिल रहे।

प्रतिबंधित मांस के साथ गिरफ्तार आरोपी के साथ थाना आईटीआई पुलिस।

थाना कुंडा में वाहनों की नीलामी प्रक्रिया कराते संबंधित अधिकारी। ● अमृत विचार

### सीज 19 वाहनों का निस्तारण, 2.10 लाख लगी बोली

**काशीपुर।** एमवी एक्ट के तहत थाना कुंडा पुलिस ने वर्ष 2019 से 2022 तक सीज किये 19 वाहनों का निस्तारण किया। इस दौरान पुलिस ने 2.10 लाख रुपये की उच्चतम बोली लगाई गई। थाना कुंडा पुलिस ने एमवी एक्ट में वर्ष 2019 से 2022 तक सीज किए 19 वाहनों के निस्तारण के लिए नीलामी प्रक्रिया उपजिलाधिकारी गौरव चटवाल की अध्यक्षता में गठित कमेटी के अंतर्गत किया गया। कमेटी ने उच्चतम नीलामी 2.10 लाख रुपये में वाहनों का निस्तारण किया। नीलामी में 10 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इस दौरान सीओ अनुषा बडोला, थाना कुंडा प्रभारी दिनेश फर्त्याल आदि मौजूद रहे।

ग्राम पोपुरी आंगनबाड़ी केंद्र में महिला मतदाताओं को शपथ दिलाते धर्मेंद्र बसेड़ा।

### महिलाओं को मतदान के लिए किया जागरूक

**बाजपुर।** 'चुनाव का पर्व-देश का गर्व' के तहत बरहैनी के पोपपुरी आगनबाड़ी केंद्र पर महिला चौपाल का आयोजन कर महिला मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना जिला समन्वयक धर्मेंद्र सिंह बसेड़ा ने सभी को मतदान करने को शपथ दिलवाई। बताया कि एक वोट देश की तस्वीर बदल सकता है। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी लीलाधर पलड़िया, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बीएलओ प्रेमा जोशी, प्रेमवती, बसंती देवी, शांति, हरो देवी, देवकी, पूजा, विद्या, रामवती, आशा, निर्मला सहित दर्जनों महिलाएं मौजूद थी।

### भागवत कथा सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु

**बाजपुर।** वनखंडी महादेव मंदिर बरहैनी में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञानयज्ञ में मंगलवार को प्रवचन करते हुए कथा व्यास पं.कांति बल्लभ पाठक ने राजा परीक्षित की कथा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि जब मनुष्य की मृत्यु समीप होती है तो उसको भगवान के चरणों का आश्रय लेना चाहिए। जिस प्रकार राजा परीक्षित जी को श्राप मिलने के कारण शुक्रदेव द्वारा गंगातट पर श्रीमद्भागवत जी का श्रवण किया। कथा सुनने के लिए काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है। सायं को कथा विश्राम के पश्चात श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर गिरीश जोशी, प्रशांत जोशी, हरीश तिवारी, मनोज कांडपाल, हरीश कांडपाल आदि मौजूद थे।

# स्वास्थ्य एवं पोषण अभियान जारी

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** बाल विकास परियोजना के अंतर्गत ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन के माध्यम से स्वस्थ भारत परियोजना के अंतर्गत ब्लॉक क्षेत्र में 13 आंगनवाड़ी केंद्रों पर स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधित गतिविधियां क्रियान्वित कराई जा रही है। जिसमें बग्गा 54 भी शामिल है।

स्वस्थ भारत परियोजना का मुख्य उद्देश्य कुपोषण मुक्त और एनीमिया से बचाव करना है। केंद्रों पर जीरो से पांच वर्ष के बच्चों का वजन, लंबाई, ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन की टीम द्वारा किया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों के अनुसार अगर कोई बच्चा कुपोषण की श्रेणी में आता है तो उसको ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन की ओर से नियमित देखरेख की जाती है और उसको पोषाहार, हाइजीन किट, मच्छरदानी और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच ब्रिटानिया की तरफ से हेल्थ कैंप के द्वारा की जाती है। हेल्थ कैंप में अगर कोई बच्चा गंभीर कुपोषित पाया जाता है तब उसको पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती के लिए भेजा जाता है। आंगनबाड़ी पर गर्भवती व धात्री माता को खान-पान और बच्चे की देखरेख के बारे में समय-समय पर जागरूक किया जाता है। इस दौरान पोषण किट और लोहे की कढ़ाई का वितरण किया जाता है। जिससे बच्चा व माता दोनों स्वस्थ रहें और उनको कुपोषण व एनीमिया से बचाया जा सके।

खटीमा में ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन द्वारा वितरित की जा रही सामग्री।

## 40 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार

**जसपुर।** पुलिस ने अवैध शराब विरोधी अभियान के तहत एक शराब तस्कर को 40 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी के निर्देशानुसार अवैध मादक पदार्थों की बरामदगी व रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कोतवाली अंतर्गत गढ़ी हुसैन निवासी सुखविंदर सिंह पुत्र प्रीतम सिंह को अवैध शराब ले जाते गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 40 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। पुलिस ने उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया। पुलिस टीम में उ.नि. हरीश आर्या, ललित सिंह, का. किशोर गिरि, नवीन प्रकाश, कपिल ओली शामिल रहे।

# दो पक्षों में मारपीट, 22 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** ग्राम इटव्वा में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से नामजद 22 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

एक पक्ष के रंजीत सिंह पुत्र सरवन सिंह ने कहा कि 19 फरवरी की सुबह करीब 8.15 बजे वह ग्राम बन्नाखेड़ा किसी काम से जा रहा था। आरोप है कि जैसे ही गांव में चक्की के सामने पहुंचा तो वहां पहले से ही मौजूद गांव के ही हरवंश सिंह, राज सिंह उर्फ राजू, सुखदेव सिंह, करन सिंह, जोगा सिंह, सुरेंद्र सिंह, जसविंदर सिंह उर्फ काका, बंतो कौर, शरनजीत कौर, जल्ला कौर, मलकीत कौर व पांच-सात अन्य लोगों ने घेर लिया और लाठी-डंडे व ईंट-पत्थर से हमलावर हो गए। सूचना पर पहुंचे भाई सर्वजीत सिंह के साथ भी मारपीट की।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद 11 लोगों के साथ ही अन्य के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरे पक्ष के हरवंश सिंह पुत्र जरनैल सिंह की ओर से तहरीर में नामजद विक्रम सिंह, हरकेश सिंह, जश्नदीप सिंह, रंजीत सिंह उर्फ जीता, सर्वजीत सिंह, कुलदीप सिंह, सोनू सिंह, विपिन शर्मा, लखविंदर सिंह, रीतू राज एवं अन्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

**वॉलीबॉल प्रतियोगिता** अंतिम क्षणों में 25-23 से दी मात, स्व. प्रेम सिंह धर्मशक्तू की स्मृति वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन

# यूपीसीएल ने चौधरी क्लब को हराकर जीती ट्रॉफी

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** वरिष्ठ समाजसेवी स्व. प्रेम सिंह धर्मशक्तू की स्मृति अंतरराज्यीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता यूपीसीएल की टीम ने चौधरी क्लब को 25-23 से पराजित कर जीत ली। आयोजन शौका समाज दलीपनगर ने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

मंगलवार को दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के अंतिम दिन मुख्य अतिथि पूर्व सूबेदार भगवत सिंह पांगती, देव सिंह धर्मशक्तू व बलवंत सिंह पांगती ने स्व. प्रेम सिंह धर्मशक्तू के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने आयोजन कमेटी शौका समाज दलीपनगर की सराहना की। निर्णायक लोकपाल शाही व पुष्कर सामंत रहे। स्कोरर शुभम पांगती व भविष्य ठगुना रहे। संचालन (कमेंट्री) गणेश मर्तोलिया व मुकेश रावत ने किया। शौका समाज के अध्यक्ष वीरेंदर सिंह मर्तोलिया व कोषाध्यक्ष राजा मर्तोलिया ने अतिथियों व खिलाड़ियों का स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किए। इस मौके पर अतिथियों में प्रधान सुंदरगिरी गोस्वामी, पूर्व जिपंस मोहन सिंह पानू, पूर्व आईजी पूरन सिंह रावत, पूर्व सूबेदार भगत सिंह धर्मशक्तू, उप प्रधान गोपाल सिंह ठठोला, सूरज सिंह धर्मशक्तू, राजेंद्र सिंह मेहरा, कैलाश शर्मा, उत्तम सिंह धर्मशक्तू, राजेंद्र पवार, प्रयाग दत्त कांडपाल, हरीश सिंह मेहता, कुंदन सिंह धर्मशक्तू, धाम सिंह मेहता, चंचल सिंह मर्तोलिया, पंकज धर्मशक्तू, मनोहर सिंह जंगपांगी, सनी मेहता, कलावती रावत, संतोष ठगुना, जयंती देवी, देवेंद्र सिंह धर्मशक्तू उर्फ दीपू रहे।

विजेता टीम के साथ अतिथि व शौका समाज दलीपनगर के सदस्य।

### स्व. धर्मशक्तू के कार्यों को याद किया

**दिनेशपुर।** अतिथियों ने कहा कि स्व. प्रेम सिंह धर्मशक्तू ने आजीवन समाज के सभी वर्गों की सेवा व मदद की है। उन्हें क्षेत्रवासी कभी नहीं भूल सकते। उन्होंने कहा कि अंतरराज्यीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित करने से क्षेत्र के छिपे हुए प्रतिभागियों को खेलने का मौका मिला। इस अवसर पर कूल्हा पूर्व प्रधान सुंदरी देवी धर्मशक्तू, आशाराम मर्तोलिया, कलावती रावत, जयंती धर्मशक्तू, जानकी धर्मशक्तू, संतोष ठगुना, देवकी देवी, गंगा रावत, नंदी मार्तोलिया, जानकी रावत, पार्वती धर्मशक्तू, गीता मर्तोलिया, मोहनी धर्मशक्तू, हेमा पांगती, सीता पांगती, खष्टी देवी, नीमा धर्मशक्तू, शीला मर्तोलिया, कौशल्या रावत, पूजा धर्मशक्तू, ब्लॉक अध्यक्ष चंदन सिंह नयाल, देवेंद्र सिंह धर्मशक्तू, चंचल सिंह देऊपा, चंद्रमणि देवराड़ी, मनोज सुयाल, ललित खोलिया सहित शौका समाज के सदस्य मौजूद थे।

## 104 लोगों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**बाजपुर।** होम्योपैथिक चिकित्सा सेवाएं उत्तराखंड के निदेशक डॉ. जीएल फिरमाल एवं जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेश चंद्र जोशी के आदेशानुसार निशुल्क आउटरीच होम्योपैथिक शिविर का आयोजन दूरस्थ क्षेत्र ग्राम लखनपुर में किया गया। शिविर में 25 बालक-बालिकाओं ने योग में हिस्सा लिया। 20 ग्रामीणों का ब्लड प्रेशर एवं ब्लड शुगर की जांच की गई। आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) बाजपुर की प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. शिखा सम्मल ने 104 लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उचित परामर्श दिया। फार्मेसिस्ट वतन कुमार द्वारा औषधियों का निशुल्क वितरण किया गया। योगा अनुदेशक (महिला) शहनाज द्वारा योगा करवाया गया।

बाजपुर में एसडीएम आरसी तिवारी को ज्ञापन सौंपते विहिप कार्यकर्ता।

### बनभूलपुरा के दंगाइयों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग

**बाजपुर।** हल्द्वानी में अवैध मदरसे को हटाने गई पुलिस पर जानलेवा हमला व आगजनी करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग को लेकर विहिप कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया है। मंगलवार को काफी संख्या में कार्यकर्ता एकत्रित होकर एसडीएम कोर्ट पहुंचे और वहां मौजूद उपजिलाधिकारी राकेश चंद्र तिवारी से मुलाकात कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि उच्च न्यायालय के आदेश पर अवैध मदरसे को हटाने गई पुलिस व प्रशासन की टीम पर भीड़ ने पूरी तैयारी कर हमला किया। ज्ञापन में वनभूलपुरा दंगा के आरोपितों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई है। इस मौके पर विहिप गौरक्षा विभाग के प्रांत मंत्री यशपाल राजहंस, वरुण वशिष्ठ, डालचंद, राजेंद्र शर्मा, गंगाराम, प्रशांत पांडेय, अमित सिंह, राजकुमार, अंकित वाल्मीकि, मनोज आदि मौजूद थे।

# जागेश्वर धाम में नहीं रुक रहा सड़कों पर अतिक्रमण

## संकरी सड़क पर पर्यटक हो रहे परेशान, प्रशासन खामोश

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** विश्व प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में एक ओर जहां सरकार मास्टर प्लान लागू करने की तैयारी कर रही हे। वहीं स्थानीय तंत्र की लापरवाही के कारण जागेश्वर के मुख्य बाजार की सड़कों पर अतिक्रमण लगातार बढ़ता जा रहा है। अतिक्रमण के कारण धाम के मुख् बाजार की सड़कें इतनी संकरी हो गई हैं कि यहां आए दिन जाम की समस्या पैदा हो जा रही है और देश विदेश से आने वाले पर्यटकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ऐतिहासिक जागेश्वर धाम में देश विदेश से आने वाले सैलानियों की आमद बढ़ाने और स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए सरकार जागेश्वर धाम में मास्टर प्लान लागू करने की तैयारी कर चुकी है। लेकिन स्थानीय प्रशासन की लापरवाही इस काम में कोढ़ में खाज का काम कर रही है। जागेश्वर धाम के मुख्य बाजार की सड़कों पर अतिक्रमण लगातार बढ़ता जा रहा है। बाहरी क्षेत्रों से आने वाले व्यापारी सड़कों के किनारे ठेले लगाकर विभिन्न प्रकार में व्यवसाय कर रहे हैं। जिस कारण जागेश्वर मंदिर से ठीक पहले सड़क काफी संकरी होती जा रही है। आए दिन लगने वाले जाम के कारण सैंकड़ों सैलानियों और श्रद्धालुओं को यहां काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इसके अलावा बाजार में खड़े बेतरतीब वाहन भी जाम की समस्या को बढ़ाने का काम कर रहे हैं।

जागेश्वर के मुख्य बाजार में अतिक्रमण के चलते लगा जाम। ● अमृत विचार

जागेश्वर धाम में व्यवस्थाएं दुरुस्त हो सकें इसके लिए कुछ समय पूर्व यहां से कुछ दूरी पर स्थित दन्या में थाना भी खोला गया है। जबकि राजस्व विभाग के अधिकारी भी तहसील में तैनात हैं। इसके बाद भी अतिक्रमणकारियों पर नकेल कस पाना प्रशासन के लिए टेड़ी खीर साबित हो रहा है। व्यापार मंडल अध्यक्ष मुकेश भट्ट ने प्रशासन से इस समस्या के निदान के लिए शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की है।

## योजनाओं की दी गई जानकारी

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** नगर पालिका अल्मोड़ा द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सरकार की विभिन्न योजनाओं के प्रचार प्रसार और उनका लाभ पात्रों तक पहुंचाने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को पालिका परिसर में किया गया और मौजूद लोगों को मतदाता शपथ भी दिलाई।

पालिका के अधिशासी अधिकारी भरत त्रिपाठी ने बताया कि कार्यक्रम के द्वितीय दिवस में पीएम स्वनिधि, पीएम आवास योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत, पीएम मुद्रा लोन, स्वच्छ भारत मिशन शहरी, अमृत योजना तथा निकाय स्तर पर संचालित समस्त योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की जानकारी लोगों को दी गयी। कार्यक्रम में पीएम स्वनिधि योजना के तीन लाभर्थियों को क्यूआर कोड उपलब्ध कराए गए। जबकि होम्योपैथिक विभाग द्वारा 60 एवं आयुर्वेद विभाग द्वारा 43 व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क औषधि वितरण किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सा विभाग, समाज कल्याण विभाग, आयुर्वेद होम्योपैथिक, उद्योग विभाग आदि विभागों द्वारा अपनी-अपनी योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए स्टॉल लगाकर लोगों को योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

# प्राधिकरण को लेकर गांधी पार्क में समिति का प्रदर्शन

नगर के गांधी पार्क में डीडीए के विरोध में धरना देते समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिला विकास प्राधिकरण को पूरी तरह समाप्त करने की मांग को लेकर सर्वदलीय समिति के सदस्यों ने गांधी पार्क में प्रदर्शन कर धरना दिया। इस दौरान समिति के सदस्यों ने सरकार पर जनभावनाओं से खिलवाड़ करने का आरोप और प्राधिकरण को पूरी तरह समाप्त करने की मांग उठाई।

पिछले कई सालों से प्राधिकरण का विरोध कर रही सर्वदलीय संघर्ष समिति के सदस्य मंगलवार को गांधी पार्क में एकत्र हुए और उन्होंने वहां सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। धरना सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पर्वतीय क्षेत्रों की विषम भौगोलिक परिस्थितियों के बाद भी यहां डीडीए को लागू कर आम आदमी को परेशान करने का काम किया है। वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश के दो पूर्व मुख्यमंत्री डीडीए को पर्वतीय क्षेत्रों के लिए अव्यावहारिक मानते हुए इसे पूरी तरह समाप्त करने की घोषणा कर चुके हैं। लेकिन वर्तमान सरकार अपनी ही पार्टी के पूर्व मुख्यमंत्रियों की घोषणा पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। कहा जब तक सरकार इसे पूरी तरह समाप्त नहीं करेगी। तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा।

इस दौरान पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, हेम चंद्र जोशी, शहाबुद्दीन, प्रत्येश पांडे, आनंद सिंह बगडवाल, महेश चंद्र आर्या, ललित मोहन पंत, आनंदी वर्मा, भारत रत्न पांडे, अख्तर हुसैन समेत विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### आयुष्मान की सेवा देने में जिला अस्पताल अव्वल

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** आयुष्मान कार्ड के तहत निशुल्क उपचार देने में जनपद का पं .हरगोविंद पंत जिला चिकित्सालय अल्मोड़ा अव्वल स्थान पर है। इस योजना के तहत इस बार अस्पताल को राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण की ओर से सम्मानित किया गया है। जिला अस्पताल द्वाराआयुष्मान कार्ड योजना शुरू होने के बाद से ही इस योजना का लाभ अधिक से अधिक मरीजों को देने का प्रयास किया। अब तक इस चिकित्सालय में 6284 से अधिक लोग आयुष्मान योजना से लाभान्वित हुए हैं। इस बार भी इसके लिए अस्पताल सम्मानित हुआ है। राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण की ओर से इस बार अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डा .एचसी गड़कोटी को राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण की ओर से सम्मानित किया गया है । इससे पहले भी अस्पताल को इस कार्य के लिए सम्मानित किया जा चुका है।

### राज्य आंदोलनकारियों ने उठाई चिन्हीकरण की मांग

**अल्मोड़ा :** सोमेश्वर के राज्य आंदोलनकारियों ने प्रदेश सरकार से वंचित राज्य आंदोलनकारियों का शीघ्र चिन्हीकरण करने की मांग कर उन्हें सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। इस संबंध में आंदोलनकारी संघर्ष समिति ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी को एक ज्ञापन भी भेजा है। ज्ञापन में आंदोलनकारियों ने कहा है कि राज्य प्राप्ति के 23 वर्ष बाद भी वास्तविक आंदोलनकारियों का चिह्नीरण नहीं होना खेद का विषय है। उन्होंने वास्तविक राज्य आंदोलनकारियों को चिह्नित कर उन्हें राज्य सरकार से अनुमन्य सुविधा और सम्मान दिए जाने की मांग की। ज्ञापन में मोहन सिंह बिष्ट, हरीश आगरी, डूंगर सिंह रावत, चंद्र शेखर भट्ट, भीम सिंह अलमियां, जगदीश राम, प्रताप बोरा आदि ने हस्ताक्षर किए हैं।

### पुलिस ने किया वारंटी को तेलंगाना से गिरफ्तार

**अल्मोड़ा :** कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहे एक वारंटी को तेलंगाना से गिरफ्तार किया है। अल्मोड़ा के कोतवाल जगदीश चंद्र देऊपा ने बताया कि पैरियान हाउस कोडाली, थाना अय्यमपूझा, ग्रामीण केरला निवासी रॉबिन पीए धोखाधड़ी के एक मामले में वांछित था। जिसका न्यायालय में विचारण चल रहा है। लेकिन वांछित रॉबिन लंबे समय से न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था। जिस कारण फौजदारी वाद में उसके खिलाफ वारंट जारी किया गया था। उन्होंने बताया कि न्यायालय के आदेश पर पुलिस की टीम ने सर्विलांस के जरिए ठोस सुरागसी कर उसे तेलंगाना से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। टीम में दिनेश परिहार, हिमांशु व बलवंत प्रसाद मौजूद रहे।

### रोडवेज संविदा कर्मचारी संगठन के भट्ट बने अध्यक्ष

**टनकपुर :** टनकपुर रोडवेज में कार्यरत कैलाश चंद्र भट्ट को उत्तराखंड रोडवेज विशेष श्रेणी कर्मचारी संगठन का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर कर्मचारियों ने मंगलवार को उनका स्वागत किया। भट्ट को पिछले दिनों हल्द्वानी में हुई प्रदेश स्तरीय बैठक में अध्यक्ष पद से नवाजा गया। टनकपुर पहुंचने पर रोड़वेज कर्मचारियों ने जोरदार स्वागत किया। टनकपुर कार्यशाला गेट पर आयोजित कार्यक्रम में रोडवेज में संविदा विशेष श्रेणी के कर्मचारियों ने इस बात पर नाराजगी जताई कि लंबे समय बाद भी न तो उन्हें नियमित किया गया और नहीं उनके वेतन में बढ़ोतरी की गई है ।इस मौके पर नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उत्तराखंड परिवहन निगम में 3000 से भी अधिक अस्थाई कर्मचारियों को सर्वप्रथम नियमितीकरण किए जाने के लेकर आवाज बुलंद की जाएगी। इसके अलावा रोडवेज कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन 25633 रुपया मासिक किए जाने, परिवहन निगम में व्याप्त उत्पीड़न और भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए भी संघर्ष किया जाएगा। इस मौके पर मनोज मिश्रा, राजेश गुप्ता, नीरज सिंह, शेर सिंह बिष्ट, पंकज दुबे,अनिल भट्ट, रमेश कुमार दिशु, नहीन खान, सतीश उप्रेती, कुशल प्रजापति, सचिन जुकरिया, बीके गौतम, तेज बहादुर चन्द, जगदीश जोशी, उमेश सोराडी,विनोद शर्मा, रमेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# सल्ट विकास खंड में लोग पेयजल किल्लत से परेशान

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिले के सल्ट विकास खंड में ग्रामीणों को पेयजल किल्लत से निजात नहीं मिल रही है। एक पखवाड़े से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी यहां सुचारू रूप से पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जिस कारण ठंड में ग्रामीणों को दूर दराज स्थित धारों से पीने के पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है।

जिले के बड़े विकास खंडों में शुमार सल्ट विकास खंड के सैंकड़ों गांवों में पूर्व से गुलार करगेत और नैंकड़ा पैंसिया पेयजल योजनाओं से पानी की आपूर्ति की जाती थी। लेकिन समय के साथ पानी के इन दोनों स्रोतों में जल स्तर कम होने से यहां पेयजल समस्या विकराल रूप धारण करने लगी। इस समस्या के समाधान के लिए हरीश रावत सरकार के दौरान कोटेश्वर शशीखाल पेयजल योजना का शासनादेश जारी हो गया था। वर्ष 2014 में जल निगम नौला को कार्यदायी संस्था बनाकर निर्माण कार्य शुरू भी कराया गया। लेकिन यह योजना यहां के लोगों की पेयजल समस्या दूर नहीं कर पाई है। स्थानीय लोग कई बार जल संस्थान के अधिकारियों से मिल चुके हैं। लेकिन वह हर बार कोटेश्वर योजना के हैंडओवर न होने का बहाना कर पल्ला झाड़ लेते हैं। सामाजिक कार्यकर्ता नारायण रावत ने कहा कि विभाग की इस लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शीघ्र पेयजल की आपूर्ति सुचारू नहीं की गई तो अधिकारियों का घेराव किया जाएगा।

# प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** उत्तराखंड सेवा का अधिकार आयोग द्वारा मंगलवार को विकास भवन के सभागार में विभिन्न विभागों के लोकपाल अधिकारियों और अपीलीय अधिकारियों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में आयोग से पहुंचे उप रजिस्ट्रार एवं सहायक रजिस्ट्रार ने आयोग के कार्यों, शक्तियों एवं दायित्वों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यशाला में आयोग के उप रजिस्ट्रार एसएसएस पांगती व कैलाश पंत ने अधिकारियों को संयुक्त रूप से आवेदनों के निस्तारण, समयावधि एवं निस्तारण के तरीकों आदि के बारे में जानकारी दी गई। विभिन्न अधिकारियों द्वारा आवेदनों के निस्तारण में आ रही कठिनाइयों के बारे में भी फीडबैक दिया गया, जिसका समाधान कार्यशाला में आयोग से आए मास्टर ट्रेनरों द्वारा किया गया।

विकास भवन में अधिकारियों को प्रशिक्षण देते सेवा का अधिकार आयोग के सदस्य।

इस दौरान अधिकारियों को निर्देश भी दिए गए कि सेवा का अधिकार आयोग जनहित में चलाई जा रही सेवाओं के प्रति गंभीर है। इसलिए समयानुसार ही नागरिकों को सेवाओं से लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए कि उनके संबंधित विभाग में जनपद स्तर पर प्राप्त आवेदनों एवं उनके निस्तारण की मासिक रिपोर्ट भी नियमित रूप से प्रेषित की जाए। अधिकारियों ने बताया कि जनपद अल्मोड़ा में 53 विभागों की 1038 सेवाएं अभिहित हैं, जो सेवा के अधिकार के तहत आती हैं। कार्यशाला में सहायक रजिस्ट्रार एसएम कंडवाल, जसपाल लाल समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### धरना-प्रदर्शन जारी

**रानीखेत, अमृत विचार:** विकास संघर्ष समिति के बैनर तले छावनी परिषद के नागरिक क्षेत्र को नगर पालिका में विलय करने की मांग पर गांधी चौक में सांकेतिक धरना-प्रदर्शन आज 400वें दिन भी जारी रहा। कहा कि अगर जल्द मांग पूरी नहीं की गई तो चुनाव बहिष्कार किया जाएगा। इस दौरान खजान पांडे, जयंत, चंद्र शेखर, हरीश, पूरन चंद्र, अशोक आदि शामिल रहे।

# सरसों मार्ग निर्माण का किया शुभारंभ

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** हवालबाग विकासखंड के ग्राम सरसों में मोटर मार्ग का कार्य शुरू हो गया है। ऐड़ी मंदिर से पुलिस लाईन तक करीब दो किमी बनने वाली सड़क का भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक कैलाश शर्मा ने भूमि पूजन व रिबन काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विधानसभा के सभी ग्रामीण क्षेत्रों को सड़क मार्ग से जोड़ना सरकार की प्राथमिकताओं में एक है।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा ने कार्यदाई संस्था को निर्माण कार्य में गुणवत्ता व मानकों का ध्यान रखने के निर्देश दिए। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार नित नए आयाम स्थापित कर रहा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार समाज के हर वर्ग के विकास के लिए काम कर रही है। हर गांव को सड़क से जोड़ने व वहां पर तमाम योजनाओं के माध्यम से गांवों का विकास कर पंचायतों को सशक्त करने का काम किया जा रहा है। गांव में सड़क निर्माण कार्य शुरू होने पर ग्रामीणों ने सरकार व शर्मा का आभार भी व्यक्त किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान पिंकी बिष्ट, पूर्व प्रधान नवीन बिष्ट, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रेम सिंह लटवाल, राजेंद्र बिष्ट, नवीन सिंह समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

सरसों सड़क मार्ग निर्माण का शुभारंभ करते कैलाश शर्मा व ग्रामीण।

# दूध पीकर सोया, फिर नहीं उठा नवजात

संवाददाता, टनकपुर/ चम्पावत

**अमृत विचार:** जिले के 22 दिन के एक नवजात की अल्मोड़ा के शिशु सदन में मौत हो गई। इस नवजात को सोमवार अपरान्ह दूध पिलाया गया, जिसके बाद वह सो गया लेकिन फिर उसने दम तोड़ दिया। नवजात को चार दिन पूर्व शिशु सदन में भेजा गया था।

अल्मोड़ा के जिला कार्यक्रम अधिकारी पीतांबर प्रसाद का कहना है कि मासूम पूरी तरह स्वस्थ था। दूध पिलाने के बाद उसकी मौत कैसे हुई, इसका पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही लगेगा। चम्पावत के दूरस्थ गांव की एक नाबालिग को उसका ही बड़ा भाई हवस का शिकार बनाता रहा। नाबालिग ने टनकपुर अस्पताल में 29 जनवरी को नवजात को जन्म दिया। परिजनों की तहरीर पर बहन से दुष्कर्म कर मां बनाने वाले आरोपी भाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। बाद में पुलिस ने दुष्कर्म आरोपी भाई को हरियाणा से दबोचकर जेल भेजा। इस मामले में नवजात को चार दिन पहले अल्मोड़ा के शिशु सदन में भेजा गया था। जहां सोमवार को दूध पीने के बाद सोया मासूम फिर नहीं उठा सका। कोई हलचल न होता देख शिशु सदन के कर्मी अल्मोड़ा बेस अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया।

## वर्ग पहेली-349

**बाएं से दाएं**

1.1. बैठने की एक प्रकार की चार पाए वाली लंबी चौकी 2. संसद भवन में दल विशेष के सदस्यों के बैठने का स्थान 3. पत्थर आदि का बना हुआ पाश्चात्य ढंग का आसन 4. सरकारी न्यायालय के न्यायकर्ता।

3.1. कोई चीज़ तोड़ने में किसी को प्रवृत्त करना, तुड़ाना 2. बड़े सिक्के को उतने ही मूल्य के छोटे-छोटे सिक्कों में बदलवाना।

5.1. चांद्रमास के कृष्ण या शुक्ल पक्ष की छठवीं तिथि 2. बच्चे के जन्म के छठे दिन होने वाला उत्सव या ऊबना

6. वह स्थान जहां अपराधियों को सजा की अवधि समाप्त होने तक रखा जाता है, बंदीगृह, जेलख़ाना, कारागार।

7.1. पत्थर तराशने की छेनी, नक्काशी करने वालों का एक औज़ार 2. छोटा टकुआ।

8.1. वनौषधि, बूटी 2. वह औषधि जिसकी जड़ दवा के काम लाई जाए।

**ऊपर से नीचे**

2.1. 'घड़-घड़' आवाज़ होने का भाव 2. गाड़ी चलने का स्वर।

4.1. पुराने समय में प्रचलित एक प्रकार का बाण जो बांस की नली में रखकर चलाया जाता था, तुफंग 2. भाला 3. कमल-दल, कमल-नाल 4. कमंडल।

5. छली, कपटी, छल करने वाला।



### वर्ग पहेली - 348 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 पा | प | ना | 2 श | क | ■ |
| प | ■ | ■ | व | ■ | 3 नो |
| शो | ■ | 4 ओ | दा | र | ना |
| ध | ■ | ■ | ह | ■ | ■ |
| न | ■ | ■ | गृ | ■ | 5 ती |
| ■ | ■ | 6 स | ह | चा | र |
| 7 के | था | ■ | ■ | ■ | थ |

## सुडोकू-66

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | 9 | | | 7 | | |
| | | 8 | | | | | | 9 |
| | 7 | | 4 | | 2 | | 6 | |
| | 9 | | | | 8 | | 4 | |
| | | 2 | 7 | | | 8 | | |
| | 8 | | 5 | | | | 3 | |
| | 1 | | | 3 | 5 | | 7 | |
| 7 | | | | | | 1 | | 5 |
| | | 6 | | | 4 | | | 3 |

### सुडोकू - 65 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 6 | 8 | 3 | 2 |
| 3 | 7 | 6 | 8 | 2 | 4 | 1 | 5 | 9 |
| 9 | 8 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 6 | 4 |
| 6 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 | 2 | 8 |
| 5 | 2 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 | 1 | 6 |
| 8 | 9 | 1 | 6 | 3 | 2 | 5 | 4 | 7 |
| 7 | 6 | 8 | 2 | 5 | 1 | 4 | 9 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 1 |
| 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 21 फरवरी, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वादशी 11.27 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर। **ऋतु**-वसंत। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 14.18 तक तत्पश्चात पुष्य।

**मेष** — आज किसी परिजन को लेकर परेशानी हो सकती है। खान-पान में सावधानी रखनी चाहिए। अपने विचारों को लेकर किसी पर दबाव न बनायें। अधूरे काम समय पर पूरे होने के योग बन रहे हैं। कारोबार को लेकर आप यात्रा कर सकते हैं।

**वृष** — आज अपने विचारों और सिद्धांतों से लोगों को काफी प्रभावित करेंगे। डिजिटल मार्केटिंग के करियर से जुड़े लोगों को अच्छे प्रोजेक्ट्स मिल सकते हैं। नई संपत्ति खरीद रहे हैं तो आपको बड़ा आर्थिक लाभ मिल सकता है।

**मिथुन** — आज वरिष्ठ अधिकारी आपके अनुकूल नहीं है। कोर्ट-कचहरी के विवाद बढ़ सकते हैं। आप महंगे आभूषणों के शौकीन हो सकते हैं। आपकी जीवनशैली में धीरे-धीरे बदलाव होगा। परिजनों से ज्यादा अपेक्षा न करें।

**कर्क** — आज आध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। व्यापार में आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। जीवनसाथी से आपको काफी अच्छी सलाह मिल सकती है। बड़ी परेशानियों से मुक्ति मिलेगी। अपने काम करने के तरीके में बदलाव कर सकते हैं।

**सिंह** — आज आपको महत्वपूर्ण निर्णय लेने से आपको परेशानी होगी। मन में अज्ञात भय का भाव रहेगा। दूसरों की बातों को ज्यादा महत्व न दें। लवमेट्स को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। नए अनुबंध करने के लिए दिन अच्छा नहीं है।

**कन्या** — आज अनुभवी व्यक्तियों की सलाह लेने से आपको लाभ मिलेगा। बच्चों के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। जॉब के बढ़ियां प्रपोजल आपको मिल सकते है। पारिवारिक रिश्तों में अच्छा सामंजस्य रहेगा। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**तुला** — आज रुके हुए काम आपके बनने के योग बन रहे हैं। दोस्त आपकी काफी मदद करेंगे। अविवाहित लोगों के विवाह को लेकर चर्चा चल सकती है। आपकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी। अपनी व्यक्तिगत बातों को सार्वजनिक न होने दें।

**वृश्चिक** — आज किसी पुराने लोन की किश्त भरने में धन खर्च कर सकते हैं। अधिकारी आपके प्रदर्शन से संतुष्ट रहेंगे। विदेश यात्रा को लेकर दिन काफी अच्छा है। विद्यार्थी पढ़ाई में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। किसी भी काम को जल्दबाजी में न करें।

**धनु** — आज यात्राओं में समय और धन बर्बाद होगा। आप लोगों की मदद करेंगे आपको उसके लिए सम्मान नहीं मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोगों के विरोधी सक्रिय हो सकते हैं। आपका मूड अचानक से बदल सकता है। इसलिए आज बड़े निर्णय लेना उचित नहीं है।

**मकर** — आज सरकारी विभाग में कार्यरत लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। आप काफी व्यस्त रहने वाले हैं। जीवनसाथी के साथ काफी अच्छा समय व्यतीत करेंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात होसकती है।

**कुंभ** — आज व्यापार में ग्राहक बढ़ने से आप काफी प्रसन्न रहेंगे। घर में कुछ नवीनीकरण कर सकते हैं। परिवार के लिए आप समय निकालेंगे। नौकरी कर रहे लोगों को बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। दांपत्य जीवन में प्रसन्नता बढ़ेगी।

**मीन** — आज पूजा-पाठ और धार्मिक विषयों की तरफ आप काफी आकर्षित हो सकते हैं। जीवनसाथी के साथ कुछ अनबन हो सकती है। शुभ कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। मन में प्रसन्नता का अनुभव होगा। विद्यार्थी नए कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
भीष्मा — सुबह : 10.00
दानवीर — रात : 07.00

**SONY MAX**
पटेल की पंजाबी शादी — सुबह : 10.57
सत्यमेव जयते 2 — रात : 10.01

**SONY PIX**
ब्राइटबर्न — सुबह : 11.24
रैमपेज — रात : 08.45

**ZEE CINEMA**
बुलंदी — सुबह : 10.30
आचार्य — रात : 07.30

**colors CINEPLEX**
द बॉडी — दोपहर : 01.51
तनु वेड्स मनु — रात : 09.33

### आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर सुबह-10.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टीचर- पानी मे रहने वाले 5 जीवों का नाम बताओ ?
सोनू -मेंढक
टीचर-वाह, बाकी चार भी बताओ
सोनू - उसकी मां, उसका बाप, उसकी बहन और उसका भाई।

भिखारी- भगवान के नाम पर कुछ दे दो।
लड़की-कुछ नहीं है बाबा, माफ करो
भिखारी- कुछ नहीं तो अपना मोबाइल नंबर ही दे दो,
बाबा दुआ भी करेगा और मैसेज भी।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

पातितोऽपि कराघातै–रुत्पतत्येव कन्दुकः।
प्रायेण साधुवृत्तानाम–स्थायिन्यो विपत्तयः॥

हाथ से पटकी हुई गेंद भी भूमि पर गिरने के बाद ऊपर की ओर उठती है, सज्जनों का बुरा समय अधिकतर थोड़े समय के लिए ही होता है।

## संपादकीय

# विकास की राह पर घाटी

जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए मंगलवार का दिन खास रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू कश्मीर में 32,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की। ये परियोजनाएं क्षेत्र के समग्र विकास को बढ़ावा देंगी। प्रधानमंत्री ने देश के अन्य हिस्सों के लिए करीब 13,500 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। प्रधानमंत्री ने जिन रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन किया उनमें बनिहाल-खारी-सुम्बर-संगलदान (48 किमी) और नव विद्युतीकृत बारामूला-श्रीनगर-बनिहाल-संगलदान खंड (185.66 किमी) के बीच रेलवे लाइन शामिल है। उन्होंने घाटी में पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन और संगलदान व बारामूला स्टेशनों के बीच ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाई। बनिहाल-संगलदान खंड कश्मीर घाटी को उत्तर भारत के रेलवे नेटवर्क के और करीब लाएगा। 12.77 किलोमीटर की देश की सबसे लंबी परिवहन सुरंग भी खारी-सुम्बर खंड के बीच में स्थित है। सभी की निगाहें प्रधानमंत्री की जम्मू की सार्वजनिक रैली पर थीं। रैली में प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाला अनुच्छेद 370 पूर्ववर्ती राज्य के विकास की राह में सबसे बड़ी बाधा था। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत में रिकॉर्ड संख्या में स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय स्थापित किए गए जिसमें अकेले जम्मू और कश्मीर में 50 नए डिग्री कॉलेज स्थापित किए गए।

बड़ी बात है कि पहली बार सरकार जम्मू-कश्मीर में लोगों के दरवाजे पर पहुंची है। प्रधानमंत्री की जम्मू-कश्मीर की यह दूसरी यात्रा थी। गौरतलब है कि कश्मीर घाटी को शेष भारत से जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग सर्दियों में हिमपात और बरसात में भूस्खलन के कारण अक्सर बाधित हो जाता है तथा कभी-कभी कई दिनों तक रास्ता बंद हो जाता है। रेलवे लाइन का अधिकांश भाग सुरंगों में होने के कारण यह हर मौसम में निर्बाध यातायात सुनिश्चित करेगी। ट्रेनों की कनेक्टिविटी से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा,बल्कि लोग बिना किसी कठिनाई और रुकावट के देश के अन्य हिस्सों की यात्रा कर सकेंगे। घाटी के लोगों को देश के बाकी हिस्सों के लिए परिवहन का सस्ता और तेज रफ्तार विकल्प मिलने से उनकी तरक्की के रास्ते आसान होंगे। साथ ही पूरे क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति और सुरक्षा बलों की रसद एवं सामरिक साजोसामान की आपूर्ति भी त्वरित गति से निर्बाध हो सकेगी और सीमाओं की सुरक्षा मजबूत होगी। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले हुई प्रधानमंत्री की इस यात्रा को अहम माना जा सकता है। यात्रा से लोकसभा चुनाव से पहले जम्मू-कश्मीर में भाजपा को बल मिलने की संभावना है।

# विद्यासागर जी के संदेश देश को प्रेरित और आलोकित करते रहेंगे

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज सम्यक ज्ञान, सम्यक दर्शन और सम्यक चरित्र की त्रिवेणी थे। उनके व्यक्तित्व की सबसे विशेष बात ये थी कि उनका सम्यक दर्शन जितना आत्मबोध के लिए था,उतना ही सशक्त उनका लोक बोध भी था। उनका सम्यक ज्ञान जितना धर्म को लेकर था, उतना ही उनका चिंतन लोक विज्ञान के लिए भी रहता था।

जीवन में हम बहुत कम ऐसे लोगों से मिलते हैं जिनके निकट जाते ही मन-मस्तिष्क एक सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है। ऐसे व्यक्तियों का स्नेह, उनका आशीर्वाद, हमारी बहुत बड़ी पूंजी होता है। संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज मेरे लिए ऐसे ही थे। उनके समीप अलौकिक आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता था। आचार्य विद्यासागर जी जैसे संतों को देखकर ये अनुभव होता था कैसे भारत में आध्यात्म किसी अमर और अजस्र जलधारा के समान अविरल प्रवाहित होकर समाज का मंगल करता रहता है। आज मुझे, उनसे हुई मुलाकातें, उनसे हुआ संवाद, सब बार-बार याद आ रहा है।

पिछले साल नवंबर में छत्तीसगढ़ में डोंगरगढ़ के चंद्रगिरी जैन मंदिर में उनके दर्शन करने जाना मेरे लिए परम सौभाग्य की बात थी। तब मुझे जरा भी इस बात का अंदाजा नहीं था कि आचार्य जी से मेरी यह आखिरी मुलाकात होगी। वह पल मेरे लिए अविस्मरणीय बन गया है। इस दौरान उन्होंने काफी देर तक मुझसे बातें कीं। उन्होंने पितातुल्य भाव से मेरा ख्याल रखा और देश सेवा में किए जा रहे प्रयासों के लिए मुझे आशीर्वाद भी दिया। देश के विकास और विश्व मंच पर भारत को मिल रहे सम्मान पर उन्होंने प्रसन्नता भी व्यक्त की थी। अपने कार्यों की चर्चा करते हुए वह काफी उत्साहित थे। इस दौरान उनकी सौम्य दृष्टि और दिव्य मुस्कान प्रेरित करने वाली थी। उनका आशीर्वाद आनंद से भर देने वाला था,जो हमारे अंतर्मन के साथ-साथ पूरे वातावरण में उनकी दिव्य उपस्थिति का अहसास करा रहा था। उनका जाना उस अद्भुत मार्गदर्शक को खोने के समान है, जिन्होंने मेरा और अनगिनत लोगों का मार्ग निरंतर प्रशस्त किया है।

भारतवर्ष की ये विशेषता रही है कि यहां की पावन धरती ने निरंतर ऐसी महान विभूतियों को जन्म दिया है,जिन्होंने लोगों को दिशा दिखाने के साथ-साथ समाज को भी बेहतर बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। संतों और समाज सुधार की इसी महान परंपरा में संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज जी का प्रमुख स्थान है। उन्होंने वर्तमान के साथ ही भविष्य के लिए भी एक नई राह दिखाई है। उनका संपूर्ण जीवन आध्यात्मिक



प्रेरणा से भरा रहा। उनके जीवन का हर अध्याय, अद्भुत ज्ञान, असीम करुणा और मानवता के उत्थान के लिए अटूट प्रतिबद्धता से सुशोभित है।

संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज जी सम्यक ज्ञान, सम्यक दर्शन और सम्यक चरित्र की त्रिवेणी थे। उनके व्यक्तित्व की सबसे विशेष बात ये थी कि उनका सम्यक दर्शन जितना आत्मबोध के लिए था,उतना ही सशक्त उनका लोक बोध भी था। उनका सम्यक ज्ञान जितना धर्म को लेकर था, उतना ही उनका चिंतन लोक विज्ञान के लिए भी रहता था।

करुणा, सेवा और तपस्या से परिपूर्ण आचार्य जी का जीवन भगवान महावीर के आदर्शों का प्रतीक रहा, उनका जीवन, जैन धर्म की मूल भावना का सबसे बड़ा उदाहरण रहा। उन्होंने जीवनभर अपने काम और अपनी दीक्षा से इन सिद्धांतों का संरक्षण किया। हर व्यक्ति के लिए उनका प्रेम,ये बताता है कि जैन धर्म में 'जीवन' का महत्व क्या है। उन्होंने सत्यनिष्ठा के साथ अपनी पूरी आयु तक ये सीख दी कि विचारों, शब्दों और कर्मों की पवित्रता कितनी बड़ी होती है। उन्होंने हमेशा जीवन के सरल होने पर जोर दिया। आचार्य जी जैसे व्यक्तित्वों के कारण ही आज पूरी दुनिया को जैन धर्म और भगवान महावीर के जीवन से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है। वो जैन समुदाय के साथ ही अन्य विभिन्न समुदायों के भी बड़े प्रेरणास्रोत रहे। विभिन्न पंथों, परंपराओं और क्षेत्रों के लोगों को उनका सानिध्य मिला,विशेष रूप से युवाओं में आध्यात्मिक जागृति के लिए उन्होंने अथक प्रयास किया। शिक्षा का क्षेत्र उनके हृदय के बहुत करीब रहा है। बचपन में सामान्य विद्याधर से लेकर आचार्य विद्यासागर जी बनने तक की उनकी यात्रा ज्ञान प्राप्ति और उस ज्ञान से पूरे समाज को प्रकाशित करने की उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दिखाती है। उनका दृढ़ विश्वास था कि शिक्षा ही एक न्यायपूर्ण और प्रबुद्ध समाज का आधार है। उन्होंने लोगों को सशक्त बनाने और जीवन के लक्ष्यों को पाने के लिए ज्ञान को सर्वोपरि बताया। सच्चे ज्ञान के मार्ग के रूप में स्वाध्याय और आत्म-जागरूकता के महत्व पर उनका विशेष जोर था। इसके साथ ही उन्होंने अपने अनुयायियों से निरंतर सीखने और आध्यात्मिक विकास के लिए निरंतर प्रयास करने का भी आग्रह किया था।

संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज की इच्छा थी कि हमारे युवाओं को ऐसी शिक्षा मिले,जो हमारे सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित हो। वह अक्सर कहा करते थे कि चूंकि हम अपने अतीत के ज्ञान से दूर हो गए हैं। इसलिए वर्तमान में हम अनेक बड़ी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। अतीत के ज्ञान में वो आज की अनेक चुनौतियों का समाधान देखते थे। जैसे जल संकट को लेकर वो भारत के प्राचीन ज्ञान से अनेक समाधान सुझाते थे। उनका यह भी विश्वास था कि शिक्षा वही है,जो स्किल डेवलपमेंट और इनोवेशन पर अपना ध्यान केंद्रित करे। आचार्य जी ने कैदियों की भलाई के लिए भी विभिन्न जेलों में काफी कार्य किया था।

संत शिरोमणि आचार्य जी को भारत देश की भाषायी विविधता पर बहुत गर्व था। इसलिए वह हमेशा युवाओं को स्थानीय भाषाएं सीखने के लिए प्रोत्साहित करते थे। उन्होंने स्वयं भी संस्कृत, प्राकृत और हिंदी में कई सारी रचनाएं की हैं। एक संत के रूप में वे शिखर तक पहुंचने के बाद भी जिस प्रकार जमीन से जुड़े रहे,ये उनकी महान रचना 'मूक माटी' में स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ती है। इतना ही नहीं, वे अपने कार्यों से वंचितों की आवाज भी बने।

महाराज जी के योगदान से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में भी बड़े परिवर्तन हुए हैं। उन्होंने उन क्षेत्रों में विशेष प्रयास किया,जहां उन्हें ज्यादा कमी दिखाई पड़ी। स्वास्थ्य को लेकर उनका दृष्टिकोण बहुत व्यापक था। उन्होंने शारीरिक स्वास्थ्य को आध्यात्मिक चेतना के साथ जोड़ने पर बल दिया ताकि लोग शारीरिक और मानसिक रूप, दोनों से स्वस्थ रह सकें। मैं विशेष रूप से आने वाली पीढ़ियों से यह आग्रह करूंगा कि वे राष्ट्र निर्माण के प्रति संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की प्रतिबद्धता के बारे में व्यापक अध्ययन करें। वे हमेशा लोगों से किसी भी पक्षपातपूर्ण विचार से ऊपर उठकर राष्ट्र हित पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया करते थे। वे मतदान के प्रबल समर्थकों में से एक थे और मानते थे कि यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी की सबसे सशक्त अभिव्यक्ति है। उन्होंने हमेशा स्वस्थ और स्वच्छ राजनीति की पैरवी की। उनका कहना था- 'लोकनीति लोभसंग्रह नहीं, बल्कि लोकसंग्रह है।' इसलिए नीतियों का निर्माण निजी स्वार्थ के लिए नहीं,बल्कि लोगों के कल्याण के लिए होना चाहिए। आचार्य जी का गहरा विश्वास था कि एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण उसके नागरिकों के कर्तव्य भाव के साथ ही अपने परिवार, अपने समाज और देश के प्रति गहरी प्रतिबद्धता की नींव पर होता है। उन्होंने लोगों को सदैव ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और आत्मनिर्भरता जैसे गुणों को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

आज जब हम विकसित भारत के निर्माण की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं,ऐसे में कर्तव्यों की भावना और ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाती है। ऐसे कालखंड में जब दुनियाभर में पर्यावरण पर कई तरह के संकट मंडरा रहे हैं, तब संत शिरोमणि आचार्य जी का मार्गदर्शन हमारे बहुत काम आने वाला है। उन्होंने एक ऐसी जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया, जो प्रकृति को होने वाले नुकसान को कम करने में सहायक हो। यही तो 'मिशन लाइफ' है जिसका आह्वान आज भारत ने वैश्विक मंच पर किया है। इसी तरह उन्होंने हमारी अर्थव्यवस्था में कृषि को सर्वोच्च महत्व दिया। उन्होंने कृषि में आधुनिक टेक्नोलॉजी अपनाने पर भी बल दिया। मुझे विश्वास है कि वो नमो ड्रोन दीदी अभियान की सफलता से बहुत खुश होते। संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज जी,देशवासियों के हृदय और मन-मस्तिष्क में सदैव जीवंत रहेंगे। आचार्य जी के संदेश उन्हें सदैव प्रेरित और आलोकित करते रहेंगे। उनकी अविस्मरणीय स्मृति का सम्मान करते हुए हम उनके मूल्यों को मूर्त रूप देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह न सिर्फ उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि होगी, बल्कि उनके बताए रास्ते पर चलकर राष्ट्र निर्माण और राष्ट्र कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

## प्रसंगवश

# वरिष्ठ होने के अपने लाभ

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

हिंदी में लिखने वाले वरिष्ठ होने के लिए उसी तरह प्रतीक्षारत बने रहते हैं जैसे कोई जूनियर अफसर प्रमोशन का रास्ता ताकता है। लिखने वाले का वरिष्ठ होना उस कष्ट के बिल्कुल विपरीत होता है जैसा एकांत लिफ्ट में मिली किसी युवा कन्या के अंकल कह कर पुकारने पर महसूस होता है। लिफ्ट में बूढ़ा होने से इंकार करने वाला हिंदी लेखक लिखने में वरिष्ठ कहलाने से खुश होता है,यही उसके जीवनभर का पारिश्रमिक है।

अपने वरिष्ठ होने का पता तब चलता है जब आपको किसी हिंदी गोष्ठी,सम्मेलन में अतिथि,मुख्य अतिथि होने योग्य मान लिए जाए। कोई लेखिका आपसे अपनी नई किताब का विमोचन करवाने के लिए तैयार हो। भले आप खुद कभी कायदे का कुछ नहीं लिख पाए हो,इसके बावजूद आपका किसी और की लिखी किताब का विमोचन करने योग्य होना या योग्य मान लिया जाना आपकी वरिष्ठता की तस्दीक है। वरिष्ठ होने के अपने लाभ हैं। ये मंचासीन होने का अवसर है। आप इस अवसर पर खेत से लेकर खलिहान तक की बातें कर सकते हैं और सबसे बड़ी बात,ऐसे मौके पर बोलने वाले तमाम वक्ताओं के लिए यह जरूरी हो जाता है कि वो मन मार कर ही सही पर आपकी तारीफ करें। हिंदी का लेखक संतोषी जीव होता है। वह तारीफ से ज्यादा किसी चीज की अपेक्षा नहीं करता। इससे अधिक की अपेक्षा इसलिए भी नहीं करता है,क्योंकि वो जानता है कि उनका पूरा होना नहीं है। हिंदी लेखकों की एक आचार संहिता है। वे एक दूसरे के बारे में जो भी राय रखे। सामने वाले को कितना भी हल्का और मामूली गिने पर आमने-सामने मिलने पर वे एक दूसरे की तारीफें ही करते हैं। इन तारीफों को एक दूसरे की पीठ खुजाने जैसा मामला ही समझिए। अचानक सभी विख्यात और प्रतिष्ठित हो जाते हैं। एक दूसरे को यशस्वी और प्रतिभाशाली बताते हुए गले सूखते है सबके। यह जानते हुए भी कि सामने वाला उसकी दी हुई किताब कभी नहीं पढ़ेगा।

ऐसे अवसर पर किताबों का आदान-प्रदान किया जाता है। संग-साथ फोटो खिंचवा ली जाती है ताकि उनका सदुपयोग फेसबुक पर चिपकाकर किया जा सके। वरिष्ठ होने का एक और लाभ है। चाय नाश्ते वाला सबसे पहले आपको परोसता है। दूसरों के पहले नाश्ते का पात्र होना भी एक महत्वपूर्ण सुख है। विमोचन कार्यक्रम के आयोजक यदि समझदार हो तो ऐसे कार्यक्रम शाम को होते हैं और इस तरह ये गला तर करने का भी सुअवसर हो सकता है।

वरिष्ठता का निर्धारण होता कैसे है? वरिष्ठ होने के किसी नवोदित लेखिका की पुस्तक के विमोचन योग्य मान लिए जाने के दो ही तरीके है। पहला आप क्वॉलिटी की परवाह किए बिना लगातार लिख रहे हो। आपकी लिखे की मार की चपेट में आकर दुनिया बेहाल हो चुकी हो। किसी को सूझ न रहा हो कि आपसे छुटकारा कैसे पाया जाए? ऐसे में आपको वरिष्ठ घोषित करने के अलावा और कोई रास्ता दुनिया के सामने नहीं बचता। आप इस कारण भी वरिष्ठ घोषित कर दिए जाते हैं कि शायद वरिष्ठ होकर ही आप कुछ संयम बरतें और दुनिया में शांति स्थापित हो। दूसरा तरीका ज्यादा आसान है। संयोग और किस्मत भी बहुत बार आपको वरिष्ठ घोषित करवा देते हैं। यदि आयोजक मित्र हो आपके या आप फूल मालाओं और नाश्ते का खर्च उठाने के लिए तत्पर हो,तब भी आपको अनायास वरिष्ठता का तमगा हासिल हो जाता है। किसी और की लिखी किताब पर चढ़ा रंगीन कवर का लाल फीता खोलने के लिए हिंदी का वरिष्ठ लेखक सदैव उतना ही प्रफुल्लित बना रहता है जैसे प्राइमरी स्कूल का बच्चा अपने बर्थ डे पर मिलने वाले गिफ्ट पैकेट्स का रैपर उतारते वक्त होता है। विमोचन होता है सरकारी कार्यक्रमों जैसा। वैसा ही औपचारिक। सबको पता होता है कि अब क्या होगा,बोलने वाला क्या बोलेगा। सब आपस में बतियाते हैं, चहकते हैं,उबासियां लेते हैं, झपकते हैं और इस बात का पूरा ध्यान रखते हैं कि मंच से बोल रहे बंदे को पूरी तरह अनसुना कर दिया जाए।

विमोचन करने के बाद हर भले गृहस्थ की तरह सीधे घर लौटता है हिंदी लेखक। पत्नी देखती है शाल और श्रीफल को। अपने पति के बारे में अब तक बनाई अपनी राय को तात्कालिक रूप से थोड़ा बहुत नरम करती है। इसके बाद शाल को लड़के की शादी मौके पर ननदोई को देने के लिए सुरक्षित रख लेती है और नारियल की चटनी बना लेती है। विमोचन कार्यक्रम की अगली सुबह नारियल की चटनी के साथ डोसे मिल जाना हिंदी लेखक का बतौर वरिष्ठ होने के नाते सर्वोच्च सम्मान है। यही उपलब्धि है उसके जीवन की और इसी कारण वो वरिष्ठ होना चाहता है।

# राष्ट्र निर्माण में मातृभाषा का महत्व

डॉ. साकेत सहाय
भाषा एवं संचार विशेषज्ञ

भारत में अक्सर यह भ्रम फैलाया जाता है कि किसी भी तकनीकी क्षेत्र में सफलता के लिए अंग्रेजी ज्ञान आवश्यक है,परंतु यह विचार देश की तकनीकी प्रगति के लिए घातक है।

**अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस**

ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था के विकास हेतु यह जरूरी है कि भारतीय समाज में विद्यमान नैसर्गिक बौद्धिकता को मजबूती दी जाए। भारत के ग्रामीण बच्चों में न केवल प्रतिभा है,बल्कि ग्रामीण बच्चे भारतीय शहरी बच्चों की तुलना में अधिक मेधावी हैं। परंतु इन बच्चों की प्रगति के मार्ग में गणित की अपेक्षा अंग्रेजी बड़ी बाधा है। इन बच्चों के लिए अंग्रेजी से तालमेल बिठाना बेहद कठिन होता है। इन बच्चों के लिए अंग्रेजी विवशता एवं बाध्यता है। हालांकि वर्तमान सरकार द्वारा इस दिशा में बदलाव हेतु प्रयास किए जा रहे है। देशी भाषाओं में चिकित्सा शिक्षा पाठ्यक्रम की शुरुआत इस दिशा में बड़ा कदम है।

दुनियाभर के सफल एवं समृद्ध देशों में बच्चों को विज्ञान, तकनीक, चिकित्सा विज्ञान, व्यावसायिक शिक्षा उनके देश की प्रमुख भाषाओं में ही दी जाती है। ये सभी देश भारत की तुलना में अधिक सफल हैं,क्योंकि वहां समूची जनसंख्या की प्रतिभा को स्थानीय भाषाओं में निखारा गया है। बावजूद इसके ये इस प्रतिस्पर्धी विश्व में अपनी शर्तों, प्रतिभा के बल पर टिके हुए हैं। भारत में स्वीकृत अंग्रेजी माध्यम की अनिवार्यता निश्चित रूप से दोषपूर्ण है। देश में आर्थिक एवं सामाजिक स्तर पर पिछड़ेपन का एक बड़ा कारण अंग्रेजी भाषा के प्रति हमारा अंध मोह हैं। हालांकि वर्तमान सरकार इस दिशा में थोड़ी प्रयासरत है, पर इस प्रकार के और अधिक प्रयास किए जाने की आवश्यकता है।

भारत में यह भी एक दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य है कि गीत,संगीत,नृत्य,फिल्मों,चुनाव प्रचार आदि के लिए तो देशी भाषाएं ठीक हैं,लेकिन विज्ञान, तकनीक, व्यावसायिक शिक्षा आदि के लिए अंग्रेजी अनिवार्य है। पश्चिमी शिक्षा के समर्थक तो इस बात पर दिन-रात बल देते रहते है। आजादी के इस अमृत काल में व्यवस्था को यह विचारने की आवश्यकता है कि देश की समृद्धि हेतु देशी भाषा के वातावरण में विकसित अधिकांश भारतीय बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा उनकी अपनी भाषा में समान रूप से उपलब्ध होनी चाहिए। एक मजबूत लोकतांत्रिक भारत इसी आधार पर निर्मित हो सकता है।

भाषाओं का भी अपना अर्थशास्त्र होता है। यह सब कुछ अंग्रेजी का आधिपत्य देखकर समझ आता है। आज ऐसी धारणा बन गई है कि भारत की वर्तमान आर्थिक प्रगति में अंग्रेजी भाषा का विशेष योगदान है। जबकि ऐसा नहीं है। दुनिया के 20 धनी राष्ट्रों में सरकारी कामकाज की भाषा (एवं सभी स्तरों पर शिक्षा का माध्यम) स्थानीय जनभाषा से भिन्न नहीं है। इस देश में भाषिक विभेद का सबसे बड़ा उदाहरण यह है कि जिन उच्च वर्ग के लोग अंग्रेजी/विदेशी भाषा के स्कूलों में जाते हैं और वहां की शब्दावली तथा विचारों से प्रभावित होकर वे वैसे ही व्यवहार करते हैं जिसके अंतर्गत वे स्वयं को श्रेष्ठ व स्थानीय भाषा के लोगों को हेय दृष्टि से देखते है। भारत में उच्च शिक्षा अंग्रेजी पर केंद्रित होने से अपनी जनसंख्या का बहुत कम भाग बौद्धिक रूप से विकसित हो पाता है। हमारे देश में यह स्थिति अंग्रेजी की अनिवार्यता के कारण नहीं,बल्कि हमारी दोषपूर्ण शिक्षा नीति की वजह से हैं। यह देश का दुर्भाग्य है कि आप भारतीय भाषाओं से परीक्षा देकर सेना में एक सैनिक या जवान तो बन सकते हैं,परंतु एक अधिकारी होने के नाते आपको परीक्षा अंग्रेजी में देनी होगी। इससे अंग्रेजी एक ऐसी भाषा के रूप में उभरकर सामने आती है,जो भारत की प्रगति के बजाय पिछड़ेपन का कारण बनकर हमारे सामने उपस्थित होती है।

भारत में अक्सर यह भ्रम फैलाया जाता है कि किसी भी तकनीकी क्षेत्र में सफलता के लिए अंग्रेजी ज्ञान आवश्यक है,परंतु यह विचार देश की तकनीकी प्रगति के लिए घातक है। यह सत्य है कि भारत में जैसे विशाल एवं विविधता वाले देश में किसी भी भाषा का विरोध उचित नहीं। परंतु भाषाई रूप से इस समृद्ध देश में द्वितीय या तृतीय भाषा के रूप में ही अंग्रेजी का शिक्षण उपयुक्त हो सकता है प्रथम भाषा के रूप में कदापि नहीं। उच्च शिक्षा, न्यायालय एवं शासन हेतु भारतीय भाषाओं पर रोक एवं अंग्रेजी को अपनी प्रथम भाषा बनाने से इस देश में अनेक असुविधाएं सामने आती हैं। अधिकतर विद्यार्थियों को मजबूरीवश अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा ग्रहण करनी पड़ती है। इस व्यवस्था से देश में अनेक भाषाई विकलांग पैदा होते जा रहे हैं,जो किसी भी भाषा में प्रवीण नहीं होते। जबकि प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्र की प्रमुख भाषा एवं उनकी स्थानीय भाषा में ही विकसित होने की छूट होनी चाहिए, बाद में भले अन्य भाषाएं सीखी जा सकती हैं। नई शिक्षा नीति के तहत कुछ प्रयास हुए है,परंतु अभी मीलों आगे जाना है।

## सोशल फोरम

# इतने निरीह क्यों हैं हम

ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

दुनिया के लगभग सभी धर्म यह मानते हैं कि सृष्टि से इतर कोई ऐसी ईश्वरीय सत्ता है जिसने हमारी और इस विराट ब्रह्मांड की रचना की और इसका संचालन करता है। मतभेद इस बात का रहा है कि ईश्वर के साथ हमारे रिश्ते कैसे होने चाहिए? ईसाई धर्म में ईश्वर से हमारा पिता और पुत्र का रिश्ता है,लेकिन यह रिश्ता सीधा नहीं है। इस रिश्ते का स्वरुप ईश्वर के पुत्र जीसस के माध्यम से तय होता है। इस्लाम में सूफियों और हिंदुओं में प्रेममार्गी पंथ के अनुयायियों की थोड़ी सी संख्या है जिनके लिए ईश्वर और हमारा रिश्ता प्रेमी-प्रेमिका का, पति-पत्नी का, प्रेम का, समझदारी का,भरोसे का और अभय का है। उनके अलावा सभी धर्मों ने ईश्वर के साथ हमने जो रिश्ता बनाकर रखा है वह आमतौर पर स्वामी और दास का है। हम ईश्वर के अंश या कृति हैं तो उसके साथ हमारे रिश्ते इतने लिजलिजे क्यों होने चाहिए? क्यों वह सब कुछ है और हम कुछ भी नहीं? हमने कभी यह क्यों नहीं सोचा कि परमपिता परमेश्वर तो क्या संसार का कोई भी पिता अपनी संतान को इस कदर बेचारा,कातर, रीढ़विहीन,दयनीय,भयातुर, पराजित, अंधभक्त और याचक की तरह हर समय अपने चरणों में झुका हुआ नहीं देखना चाहता। हर पिता की ख्वाहिश होती है कि उसकी संतान विनम्र,लेकिन आत्मविश्वास से लबरेज स्वतंत्र व्यक्तित्व के रूप में विकसित हो। ऐसा व्यक्तित्व जो जरूरत पड़ने पर उसकी आंख से आंख मिलाकर सवाल भी पूछ सके। हम क्यों अपना व्यक्तित्व अपने सर्जक में विलीन कर आजीवन अकिंचन बने रहें? आभार,कृतज्ञता और श्रद्धा तक तो ठीक है,लेकिन उस पर हमारी इस कदर भावनात्मक निर्भरता हमसे हमारा व्यक्तित्व और स्वाभिमान छीन लेगी। क्यों हम उसके आगे भीख का कटोरा लिए हर समय याचक की तरह खड़े रहें? उसने यह खूबसूरत दुनिया और उसके सुव्यवस्थित संचालन के लिए बुद्धि-विवेक हमें सौंप रखे हैं। वह किसी को वरदान या दंड, स्वर्ग या नर्क नहीं आबंटित करता। यह अपने कृत्यों से हम इसी जीवन में अर्जित करते हैं। ईश्वर को अपनी सृष्टि से प्यार है। उस तक पहुंचने का कोई भी रास्ता जड़ता, दासता, अकिंचनता से होकर नहीं जाता।

-फेसबुक वॉल से

# पाकिस्तान में हो क्या रहा है

सचिदानंद सिंह
मुंबई

इमरान खां कैद में हैं और एक न्यायालय के आदेश ने उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ को उसके चुनाव चिन्ह (क्रिकेट का बल्ला) से वंचित कर रखा है। इमरान के कई सहयोगी भी गिरफ्तार हैं और कुछ गिरफ्तारी टाल सकने के लिए फरार हैं। अव्यवस्था और बेतरतीबी के ऐसे हालात में पार्टी का नेतृत्व अभी एक अपेक्षाकृत अनजान गौहर अली खां संभाल रहे हैं। 8 फरवरी को हुए आम चुनाव में पीटीआई ने कुछ स्वतंत्र उम्मीदवारों को समर्थन दिया था। चुनाव के दिन पाकिस्तान में सुरक्षा के विचार से मोबाइल फोन सेवाएं बंद कर दी गई थीं। चुनाव में धांधली की आशंका शुरू से थी, सेवा बंद किए जाने पर लोग और अधिक सशंकित हो उठे थे। एक तरह से चुनाव पाकिस्तान मुस्लिम लीग - नवाज (पीएमएल-एन) और 'अन्य' के बीच लड़ा जा रहा था। लोग मान बैठे थे कि पीएमएल-एन विजयी रहेगा,क्योंकि नवाज को सेना का समर्थन है और पाक सेना, कहते हैं,जंग भले कभी न जीती हो, चुनाव कभी नहीं हारी है।

चुनाव के दिन लग रहा था पीटीआई समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवार बड़ी संख्या में जीतने वाले हैं। मतों की गिनती शुरू होने के बाद भी वैसा ही लगता रहा। कुछ समय तक नवाज और उनके भाई शाहबाज दोनों बहुत पीछे चल रहे थे। शाहबाज नेशनल असेंबली और प्रोविंशियल असेंबली दोनों के लिए लाहौर से लड़ रहे थे और दोनों जीत गए। नवाज दो जगहों से नेशनल असेंबली के लिए लड़ रहे थे, एक जगह जीते। चुनाव के नौ दिनों के बाद रावलपिंडी के कमिश्नर लियाकत चट्टा ने एक संवाददाता सम्मेलन में खुलासा किया कि उन्होंने अपने मातहतों के मार्फत पीएमएल-एन की जीत के लिए बहुत धांधलियां कीं। यहां तक कि पीटीआई समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवार जो सत्तर हजार मतों से जीत रहे थे,उन्हें पराजित दिखा कर नवाज की पार्टी के उम्मीदवार को विजयी दिखाया। कुछ नाटकीय ढंग से उन्होंने अपने लिए सजा-ए मौत उचित ठहराया, बस अपने लिए नहीं,उन्होंने कहा पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा और मुख्य चुनाव आयुक्त (मुचुआ) सिकंदर सुलतान राजा को भी सजा-ए मौत दी जानी चाहिए। जज साहब ने साक्ष्य की कमी कहते हुए उनकी बात को खारिज कर दिया। मुचुआ ने जांच शुरू कर दी है। सभी रिटर्निंग ऑफिर्स से सवाल जवाब किए जा रहे हैं। पाक सरकार ने चट्टा को हिरासत में ले लिया है। नवाज की पार्टी कह रही है चट्टा पीटीआई के एजेंट हैं और देश में अराजकता फैलाने के लिए उन्होंने ऐसा गैर जिम्मेदाराना बयान दिया है। पीटीआई वाले कुछ लोगों ने एक प्रिंटिंग प्रेस के वीडियो पोस्ट किए हैं,जहां किसी क्षेत्र के बैलट पेपर छापे जा रहे थे। नवाज की पार्टी के लोगों ने चट्टा और इमरान के नजदीकी रिश्तों की बात की है-कैसे इमरान की बहन उज्मा खां को डेरा गाजी खां में चट्टा ने, जो उस समय वहां कमिश्नर थे,छह सौ करोड़ रुपयों (पाक रुपये) की जमीन बस तेरह करोड़ में दिला दी। चट्टा को पाकिस्तान के एक समय के जासूस-ए आज़म फैज हमीद का नजदीकी भी बताया जाता है। यह बात तो खैर गौर करने लायक है ही कि चट्टा की अंतरात्मा नौ दिनों तक चुप क्यों बैठी रही? मीर तकी मीर से माफी मांगते हुए, फ़ौज़ी चुनाव है रोता है क्या/ आगे आगे देखिए होता है क्या।

# मोदी का चौथा कार्यकाल

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हिंदी साहित्य के इतिहास का रीतिकाल सुंदरियों के नख शिख वर्णन और नृप यश कीर्तन के लिए प्रसिद्ध है। हम यहां नायिका भेद और नख शिख वर्णन की बात न करके 'नृप यश कीर्तन' की ओर ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। दरबारी कवि राजाओं के आश्रय में रहते थे और भारी भरकम अतिशयोक्तियों के द्वारा उनकी प्रशंसा और स्तवन करते थे,जैसे भूषण कवि ने शिवाजी की प्रशंसा करते हुए लिखा कि 'आपके यश विस्तार से सब कुछ सफेद हो गया है जिससे जो मुख्य-मुख्य श्वेत वस्तुएं थीं,वह अब ढूंढे नहीं मिल रही हैं,यानी खो गई हैं। क्योंकि साहित्य में यश का रंग सफेद माना गया है। उदाहरण स्वरूप इंद्र को उनका ऐरावत हाथी (श्वेत वर्ण) नहीं मिल रहा है।

भगवान विष्णु क्षीर सागर खोज रहे हैं,शंकर जी हिमालय और पार्वती जी शिव को, क्योंकि वे भी कर्पूर गौर हैं। आजकल राजनीति के क्षेत्र में भी लगता है रीतिकाल आ गया है और मोदी की धूम है। अब देखिए राजनाथ सिंह जैसे बड़े नेता ने कहा है कि मोदी के तीसरे और चौथे कार्यकाल में देश का विकास बुलंदियों पर होगा। उन्होंने मोदी को विश्व के राजनीतिक व्योम का अतिशय देदीप्यमान सितारा भी कहा। जबकि चुनाव देश में होता है,दुनिया में नहीं। हम यह कहना चाहते हैं कि अभी तो तीसरे कार्यकाल का ही चुनाव होना बाकी है, फिर चौथे कार्यकाल में भी मोदी को चुना हुआ घोषित कर देना और तत्कालीन उपलब्धियां बता देना या तो कवित्वपूर्ण उक्ति वैचित्र्य है या मसखरी। यह जनता के साथ मजाक ही है,क्योंकि अभी उन्होंने तो अपने प्रतिनिधि चुने ही नहीं हैं। वे जिन्हें चुनेंगे, तब वे अपना नेता चुनेंगे। फिर चौथा कार्यकाल तो 2029 से 2034 तक होगा।

इतने लंबे भविष्य की दृष्टि तो संभवतः ज्योतिषियों और ऋषियों के पास भी नहीं होती है। यह 'विधि हाथ' है, 'राजनाथ के हाथ' नहीं। जनता के मजाक के साथ-साथ किसी व्यक्ति विशेष का नाम पीएम या सीएम पद के लिए प्रायोजित करना असंवैधानिक भी है,क्योंकि इसकी संविधान में व्यवस्था ही नहीं है। निर्वाचन के बाद चयनिति प्रतिनिधियों को अपना नेता चुनने का अधिकार होता है। फिर राष्ट्रपति अपने विवेक का प्रयोग करके प्रधानमंत्री नियुक्त करते हैं तथा अपनी 'सहायता और सलाह देने' के लिए सरकार गठित करते हैं।

## एक नजर

### डीएम को व्हाट्सएप पर मिली शिकायत तो हुई जांच

**बागेश्वर :** जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने व्हाट्सएप पर मिली शिकायत को गंभीरता से लिया है। उन्होंने शिकायत की जांच कराई तो जिला चिकित्सालय का लैब तकनीशियन इसके लिए दोषी पाया गया, जिस पर उन्होंने सीएमएस को तकनीशियन के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए हैं। जिलाधिकारी अनुराधा पाल के पास विगत दिनों एक शिकायत व्हाट्सएप पर आई कि पीड़ित ने जिला चिकित्सालय में थायराइड का परीक्षण कराने के लिए रक्त का नमूना दिया, लेकिन तय तिथि तक रिपोर्ट नहीं आई। कई बार अस्पताल के चक्कर लगाने के बाद उसे रक्त परीक्षण की रिपोर्ट मिली व उसके इलाज में भी देरी हुई। जिलाधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए सीएमएस डॉ. विनोद टम्टा को इसकी जांच करने को कहा। सीएमएस ने शिकायत सही पाई तथा इसमें लैब तकनीशियन की लापरवाही सामने आई, जिसकी उन्होंने रिपोर्ट बनाकर जिलाधिकारी को भेज दी। आख्या के बाद जिलाधिकारी ने इसे गंभीरता से लेते हुए लैब तकनीशियन के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं समेत किसी भी राजकीय सेवा के कार्यों पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# हॉस्टल ब्लॉक को बनाएं ग्रीन बिल्डिंग

## मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने दिए चिकित्सा विभाग, कार्यदायी संस्था को दिशा- निर्देश

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय में राजकीय दून मेडिकल कॉलेज देहरादून में अध्ययनरत यूजी, इंटर्न और सीनियर रेजीडेंट छात्र-छात्राओं के लिए हॉस्टल ब्लॉक के निर्माण कार्यों की ईएफसी (व्यय वित्त समिति) की बैठक के दौरान चिकित्सा विभाग तथा कार्यदायी संस्था ब्रिज एंड रूफ को इस प्रोजेक्ट को ऊर्जा सक्षमता, रेन वाटर हार्वेस्टिंग की सुविधाओं के साथ ग्रीन बिल्डिंग के रूप में बनाने के निर्देश दिए।

वहीं, सचिव स्वास्थ्य ने बताया कि हॉस्टल ब्लॉक बनने से छात्र-छात्राओं को सुविधा होगी। कॉलेज परिसर की 3.62 एकड़ भूमि में भवन निर्माण किया जाएगा। बताया कि प्रोजेक्ट को 24 माह में पूरा कर लिया जाएगा। 76.97 करोड़ रूपये लागत की इस योजना का वित्त पोषण राज्य सेक्टर के तहत प्रस्तावित है। बैठक में सचिव डॉ. आर राजेश कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

वहीं, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने उत्तराखंड विधान सभा में नेशनल ई- विधान एप्लीकेशन की ईएफसी (व्यय वित्त समिति) बैठक में प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए अवशेष राशि 14 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी। बता दें कि संसदीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार ने सभी राज्यों के विधान सभा को ई-एसेंबली और ई-डेमोक्रेसी के रूप में स्थापित किये जाने के उद्देश्य से नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन प्रोजेक्ट एनईवीए कार्यक्रम शुरू किया गया है।

इसके अंतर्गत सभी राज्यों के विधान सभा भवनों को ग्रीन गवर्नेंस टूल फॉर पेपरलेस एसेंबली के रूप में विकसित किये जाने के लिए 90:10 के अनुपात में धनराशि स्वीकृत की गयी है जिसके अंतर्गत केंद्र सरकार ने उत्तराखंड को कुल 13.94 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत करते हुए पहली किस्त के रूप में 2.50 करोड़ की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है। इस संबंध में विधानसभा सचिवालय के प्रशासनिक विभाग ने नेवा कार्यक्रम के संचालन के लिए कंप्यूटर, आईटी उपकरणों और आवश्यक तकनीकी मैनपॉवर और आवश्यक इलेक्ट्रिल कार्य के लिए फर्नीचर के लिए आईटीडीए के माध्यम से डीपीआर तैयार करायी गयी है।

डीपीआर के अनुसार विधानसभा के आवश्यक कार्यों के लिए 18.91 करोड़ और विधानसभा भवन, गैरसैंण के आवश्यक कार्यों के लिए 12.87 करोड़ रुपये का प्राविधान किया गया है। संसदीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से डीपीआर पर अनुमोदन प्रदान करते हुए केंद्राश के रूप में 13.94 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है और शेष 17.76 करोड़ रुपये को राज्य सरकार द्वारा वहन किये जाने का प्रस्ताव दिया गया है। बैठक में अपर सचिव सी रविशंकर, विजय कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### पीपीपी मोड वाले अस्पतालों में व्यवस्थाएं दुरुस्त हों

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय में मंगलवार को पीपीपी मोड पर कैंसर के उपचार में प्रयुक्त होने वाले सभी उपकरणों, उपचार सुविधाएं और मैनपॉवर की उपलब्धता को एक साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। राधा रतूड़ी ने पीपीपी मोड पर हर्रावाला में संचालित होने वाले 300 बेड के कैंसर हॉस्पिटल और हरिद्वार के 200 बेड वाले मदर एंड चाइल्ड हेल्थ हॉस्पिटल की ईएफसी (व्यय वित्त समिति) की बैठक में यह निर्देश दिए। इस सुपरस्पेशिलिटी कैंसर अस्पताल का संचालन अगले एक साल में शुरू हो जाएगा। मुख्य सचिव ने चिकित्सा विभाग को कैंसर हॉस्पिटल हर्रावाला के संचालन के पहले दिन से ही अस्पताल में सभी सुविधाओं की पुख्ता व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने कैंसर हॉस्पिटल में आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए 25 प्रतिशत बेड आरक्षित करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में सचिव डॉ. आर राजेश कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## वन पंचायतों को मजबूत करने के होंगे प्रयास

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** सोमेश्वर विधानसभा के बसोली में वन पंचायत द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सदस्यों ने वन पंचायत को मजबूत बनाने की दिशा में किए जाने कई मुद्दों पर चर्चा की और सरकार से अपनी विभिन्न मांगों पर कार्रवाई करने की मांग भी उठाई।

बैठक में सदस्यों ने वन पंचायत के लिए पृथक अधिनियम बनाने, वन पंचायतों की स्वायत्तता बहाल करने, वन पंचायत के चुनाव समस्त प्रदेश में एक साथ गुप्त मतदान द्वारा कराए जाने, पंचायत प्रतिनिधियों को मानदेय देने व उनका बीमा कराए जाने आदि की मांग की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि वन प्रबंधन के गौरवशाली इतिहास को संजोई वन पंचायतें आज संकट के दौर से गुजर रही हैं। सामुदायिक वन प्रबंधन की भावना निरंतर कमजोर हो रही हैं, जो गंभीर चिंता का विषय है। बैठक में सरपंच संगठन के दिनेश लोहनी, प्रताप सिंह, ईश्वर जोशी, सरस्वती, इंदिरा, नंदी, बहादुर मेहता, दिनेश पिलख्वाल, भावना भंडारी, जगदीश, हर सिंह, चंदन, आनुली देवी, दीप्ति भोजक, लता रौतेला, गोपाल आदि ने संबोधित किया।

## सार-संक्षेप

### विकास कार्यों के भुगतान प्रकरण में 14 को सुनवाई

**नैनीताल :** हाई कोर्ट ने पिथौरागढ़ व चम्पावत से पूर्व राज्यसभा सांसद महेंद्र सिंह मेहरा की सांसद निधि से हुए विकास कार्यों का केंद्र व राज्य की ओर से भुगतान नहीं करने की याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने केंद्र व राज्य से पूर्व दायर शपथपत्र से एक और अच्छा शपथपत्र कोर्ट में पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 14 मार्च को होगी।मामले के अनुसार पिथौरागढ़, चम्पावत से पूर्व राज्यसभा सांसद महेंद्र सिंह मेहरा ने जनहित याचिका दायर कर कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान केंद्र सरकार ने उनकी सांसद निधि बंद कर दी थी। जिसको केंद्र सरकार ने वर्ष 2022 में फिर से सुचारू किया। मेहरा की ओर से प्रेषित विकास योजनाओं के लिए 2.50 करोड़ रुपया दिया गया। याचिकाकर्ता का कहना है कि पूर्व में दी गई विकास कार्यों की सूची में से कई कार्य सरकार ने अन्य मदों से कर दिए। वर्ष 2022 में उनकी ओर से केंद्र सरकार को विकास कार्यों की संशोधित सूची जिले के नोडल अधिकारी के माध्यम से भेजी परन्तु नोडल अधिकारी ने यह सूची केंद्र को नहीं भेजी। याचिकाकर्ता ने कोर्ट से प्रार्थना की है कि उनकी ओर से जनहित में संशोधित सूची के अनुसार कराए विकास कार्यों का सांसद निधि से भुगतान कराया जाए।

टनकपुर के सैलानीगोठ विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ शिविरार्थी को प्राचार्य ने किया सम्मानित।

### समुंद्र और खुशी सर्वश्रेष्ठ शिविरार्थी चुने गए

**टनकपुर :** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सैलानीगोठ में आयोजित राजकीय महाविद्यालय टनकपुर के एनएसएस का सात दिवसीय शिविर मंगलवार को समाप्त हो गया। समापन दिवस पर शिविरार्थियों ने परिसर की साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया व बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना की जिला समन्वयक डॉ. सुमन पांडे ने शिविरार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना की विभिन्न योजनाओं, कार्यशैली और उद्देश्य के संबंध में जानकारी देते हुए शिविर में सीखी गई बातों का जीवन में अनुसरण करने को प्रेरित किया। इस दौरान खुशी कुमारी व समुंद्र को श्रेष्ठ शिविरार्थी चुना गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य अनुपमा तिवारी, डॉ. एमएस चौहान, डॉ. एसके कटियार व शिविरार्थी मौजूद रहे।

### प्रदर्शनी मेले में उमड़ा लोगों का हुजूम

**रानीखेत :** नरसिंह मैदान पर चल रही प्रदर्शनी मेले में लोग भारी संख्या में उमड़ रहे हैं। यहां लगी दुकानों में लोग जमकर खरीदारी भी कर रहे हैं, वहीं मेले का मुख्य आकर्षण झूले, चरखी आदि में बच्चे जमकर मौज मस्ती कर रहे हैं। ठंड के बावजूद प्रदर्शनी में शाम को भारी संख्या में लोग उमड़ रहे हैं। यहां लगे विभिन्न स्टालों में महिलाएं व बच्चे स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद ले रहे हैं। साथ ही, हथकरघा स्टॉल में लोग ऊन से बने बास्केट, मफलर, टोपी व दन, दरी आदि की खरीदारी कर रहे हैं। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

### आज होगा व्यापार मंडल का चुनाव

**बनबसा :** आज व्यापार मंडल के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद पर महाराजा अग्रसेन धर्मशाला में मतदान होगा। अध्यक्ष पद के लिए निवर्तमान अध्यक्ष परमजीत सिंह, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष भरत सिंह भंडारी तथा पूर्व महामंत्री संजय पारिक के बीच कड़ा त्रिकोणीय मुकाबला है। उपाध्यक्ष पद पर निवर्तमान उपाध्यक्ष संजय ठाकुर तथा आशीष गर्ग के बीच कांटे की टक्कर है। अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी व्यापारियों के बीच जाकर वादे कर उन्हें लुभाने का प्रयास कर रहे हैं। व्यापारियों के बीच भी प्रत्याशी के वादों पर चर्चा की जा रही है। इधर मुख्य चुनाव अधिकारी ललित वर्मा ने बताया कि आज व्यापार मंडल के अध्यक्ष पद पर तीन तथा उपाध्यक्ष पद पर दो प्रत्याशी के चुनाव का मतदान होगा। मतदान सुबह नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक चलेगा। चार बजे के बाद मतो की गिनती होगी और देर शाम को विजय प्रात्याशी की घोषणा कर दी जायेगी। महामंत्री पद पर अभिषेक गोयल तथा कोषाध्यक्ष पद पर कमल गुप्ता निर्विरोध चुन लिए गए हैं।

# जैव विविधता को बचाने में वनाग्नि बनी है बड़ी चुनौती

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जैव विधिवता को बचाने के लिए वनाग्नि आज एक बड़ी चुनौती साबित हो रही है। इसलिए हमें वनाग्नि से निपटने के लिए ठोस प्रयास करने होंगे और चीड़ की पत्तियों के विभिन्न उत्पाद बनाकर उनका विपणन करना होगा और जंगलों में फलदार और चौड़ी पत्ती के पौधे रोपने पर जोर देना होगा।

जीबी पंत पर्यावरण संस्थान में आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला के शुभारंभ के दौरान वैज्ञानिकों ने यह बात कही। संस्थान में चीड़ एवं रिंगाल आधारित आजीविका के अवसर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए जैव विविधता संरक्षण व प्रबंधन विभाग केंद्र प्रमुख डा. आईडी भट्ट ने कहा कि वनाग्नि से हिमालय की जैव विविधता को नुकसान पहुंच रहा है। ज्यादातर आग चीड़ के जंगलों में फैलती है। इसलिए हम चीड़ की पत्तियों से विभिन्न उत्पाद बनाकर इसे कम कर सकते हैं। प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग आजीविका संवर्धन में करने की बात कही। डॉ. हर्षित पंत जुगरान ने पिरूल से जैव ईधन तैयार करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. सुबोध ऐरी ने अतिक्रमणकारी पादप प्रजातियों के प्रभावों की जानकारी दी।

कार्यशाला में हंस फाउंडेशन के अल्मोड़ा, बागेश्वर, टिहरी और पौड़ी से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया और सूर्यकुंज का भ्रमण कराया गया। इस मौके पर डॉ. अशोक साहनी, डॉ. एससी आर्य, किरन चौधरी, ममता अधिकारी आदि रहे।

जीबी पंत संस्थान में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते वैज्ञानिक। ● अमृत विचार

## तहसील दिवस में 66 समस्याएं उठीं

**पाटी/चम्पावत, अमृत विचार:** पाटी में जिलाधिकारी नवनीत पांडेय की अध्यक्षता में मंगलवार को तहसील दिवस का आयोजन किया गया। सड़क, शिक्षा, अतिक्रमण, पेयजल, आधार, चिकित्सा, राशन कार्ड, आपदा, आधार कार्ड, गौशाला निर्माण समेत 66 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से कई शिकायतों का डीएम ने मौके पर ही निस्तारण किया।

इससे पूर्व बैठक में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदाता शपथ ली गई। पाटी में आधार शिविर लगाए जाने की मांग क्षेत्र वासियों ने की। डीएम ने डीपीओ व सीईओ को पाटी व सिरमोली क्षेत्र सहित विभिन्न गांव में आधार कैंप लगाए जाने के निर्देश दिए। ग्राम भटूरा को पाटी नगर पंचायत में सम्मिलित करने की मांग रखी। कहा कि इस संबंध में अधिसूचना, शासनादेश जारी होने के बाद अपनी आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं।

# मुख्य विकास अधिकारी ने जल स्वच्छता पर की बैठक

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जिला जल स्वच्छता मिशन समिति व जिला जल एवं स्वच्छता समिति (स्वजल) की बैठक आयोजित की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि जिला जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कार्यों को 15 मार्च तक पूर्ण करें।

उन्होंने जल निगम एवं जल संस्थान कालसी, विकासनगर डिवीजन में कार्य प्रगति की धीमी गति पर नाराजगी की। उन्होंने निर्देशित किया कि जो कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं उनकी रिर्पोटिंग आईएमएस पोर्टल 100 प्रतिशत् एन्ट्री करें। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला पंचायतीराज अधिकारी को जीपीडीपी (ग्राम पंचायत विकास योजना) के कार्यों तथा जिला विकास अधिकारी को मनरेगा के कार्यों की रिपोर्ट अगली बैठक में फोटो सहित प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने नल जल मित्र प्रशिक्षण प्रगति कार्यों की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि स्थानीय लोगों को प्रशिक्षित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन कार्यों की प्रगति पूर्ण हो गए हैं, उनकी जीओ टैगिंग करना सुनिश्चित करें।

मुख्य विकास अधिकारी ने जिला जल एवं स्वच्छता समिति (स्वजल) की बैठक लेते हुए ओडीएफ प्लस की प्रगति जानने पर बताया गया कि 636 में 627 ग्राम ओडीएफ बन गए हैं। विकासनगर के 09 गावं में कार्य प्रगति पर इस माह कार्य पूर्ण हो जाएगा। उन्होंने विकासखंड स्तर पर कूड़ा उठान वाहन, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट की जानकारी ली।

# उत्तर प्रदेश

## सार-संक्षेप

### कार की टक्कर से मां-बेटे की मौत

**शहजादनगर (रामपुर) :** रामपुर-बरेली हाईवे पर अनियंत्रित कार ने सड़क किनारे पैदल जा रही मां-बेटे को रौंद दिया। जिससे दोनों की मौत हो गई। हादसा शहजादनगर थाना क्षेत्र के हाईवे स्थित शंकरपुर चौराहे पर मंगलवार सुबह नौ बजे हुआ। मीरगंज थाना क्षेत्र निवासी किरन (25) पत्नी फूल सिंह अपने दो साल के बेटे को साथ लेकर दो दिन पूर्व अपने पिता रामबहादुर निवासी मेघानगला के यहां आई थी। इस दौरान बच्चे की तबीयत खराब होने पर किरन शंकरपुर स्थित डॉक्टर के यहां दवा लेने जा रही थी। तभी शाहजहांपुर निवासी विनोद कुमार ने कार से किरन को रौंद दिया। दो ई-रिक्शा व एक ऑटो में भी टक्कर मार दी। हादसे में किरन की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका मासूम बेटा श्याम गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने बच्चे को निजी चिकित्सक के यहां भेज दिया। डॉक्टर ने बच्चे को भी मृत घोषित कर दिया। हादसे में ई-रिक्शा व ऑटो में सवार कई लोग घायल हो गए। हादसे के बाद भागने का प्रयास कर रहे कार चालक विनोद को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मां-बेटे के शव पोस्टमास्टम के लिए भेज दिए।

### ससुरालियों से झगड़ा कर महिला तालाब में कूदी

**रामपुर :** अजीम नगर क्षेत्र में ससुराल वालों से झगड़ा कर महिला ने तालाब में छलांग लगा दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। गांव खिमोतिया निवासी दीपक की शादी उत्तराखंड की काजल के साथ छह माह पहले हुई थी। इसके बाद पति-पत्नी में विवाद होने लगा। मंगलवार सुबह फिर दोनों के बीच विवाद हुआ। दोपहर को महिला घर से भाग कर गांव के पास ही एक तालाब में कूद गई। ग्रामीणों ने महिला को तालाब में कूदते देखा तो वे और परिजन तालाब में कूद गए। ग्रामीणों में महिला को तालाब से बाहर निकाला। इस दौरान परिजनों एवं ग्रामीणों ने उसके पेट से पानी निकालने की कोशिश की। शाम को मजिस्ट्रेट ने अस्पताल जाकर महिला के बयान दर्ज किए।

### दो पासपोर्ट मामले में गवाह ने कोर्ट में दर्ज कराए बयान

**रामपुर :** अब्दुल्ला आजम के दो पासपोर्ट मामले में मंगलवार को बचाव पक्ष के गवाह खालिद अली ने कोर्ट में अपने बयान दर्ज कराए। इस मामले में अब 27 फरवरी को सुनावाई होगी। भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने 30 जुलाई 2019 को सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें उन्होंने अब्दुल्ला पर अलग-अलग जन्मतिथि से दो पासपोर्ट बनवाने का आरोप लगाया था। पुलिस ने जांच के बाद अब्दुल्ला के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट (मजिस्ट्रेट ट्रायल) में हो रही है। वादी के अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि बचाव पक्ष के गवाह खालिद अली ने बयान दर्ज कराए हैं।

### मैजिक वाहन पर पलटा कंटेनर, तीन लोगों की मौत

**बिजनौर :** मेरठ-पौड़ी नेशनल हाईवे स्थित बैराज मार्ग पर माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल के पास कंटेनर मैजिक वाहन पर पलट गया। इस हादसे में मैजिक वाहन में सवार तीन लोगों की दबने से मौत हो गई। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया। पुलिस ने क्रेन से कंटेनर को हटवाकर जाम खुलवाया। बताया गया कि मंगलवार सुबह 11:30 बजे बैराज रोड पर बिजनौर से बैराज की तरफ जा रहा कंटेनर सड़क पर गड्ढे की वजह से अनियंत्रित होकर बायो-मेडिकल वेस्टेज ले जाने वाले मैजिक वाहन पर पलट गया। दुर्घटना में मैजिक में सवार दिनेश शर्मा, रविन्द्र, मोनू निवासी गांव व थाना भोजपुर जनपद गाजियाबाद घायल हो गए। कंटेनर के नीचे वाहन दबकर क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने क्रेन से कंटेनर को हटवाकर वाहने में दबे तीनों घायलों को बाहर निकाला। उपचार के लिए तीनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।

# वाया चंदौसी रूट पर ट्रेनों को जल्द मिलेगी रफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** मुरादाबाद-चंदौसी रूट पर ट्रेनों को रफ्तार मिलने व अधिक ट्रेनों के संचालन की उम्मीद जल्द ही परवान चढ़ सकती है। मंडलीय अधिकारियों के अनुसार बजट को मंजूरी मिल चुकी है। पैसा जारी होते ही बरेली-अलीगढ़, मुरादाबाद-चंदौसी रूट पर दोहरीकरण कार्य शुरू किया जाएगा।

मंगलवार को तीरथ के चतुर्वेदी नाम के एक शख्स ने रेल अधिकारियों से एक्स हैंडल पर अपनी तकलीफ बयान की। उन्होंने कहा कि रेल प्रशासन ज्यादातर ट्रेनें वाया रामपुर चला रहा है। जबकि चंदौसी रूट के रेलवे फाटक ज्यादातर मालगाड़ियों के लिए बंद होते हैं। ऐसा कर यात्रियों का उत्पीड़न और भेदभाव किया जा रहा है। इसके जवाब में डीआरएम मुरादाबाद के एक्स हैंडल से जवाब आया कि जल्द ही मुरादाबाद-चंदौसी-अलीगढ़ रूट पर कार्य शुरू किया जाएगा, इसके लिए बजट भी स्वीकृत किया जा चुका है।

### डीपीआर तैयार कर भेजी

दरअसल बरेली-अलीगढ़ रूट पर 167 किमी व मुरादाबाद-चंदौसी रूट पर 45 किमी तक दोहरीकरण कार्य किया जाना है। इसका डीपीआर तैयार कर मुख्यालय भेज दिया गया है। बरेली-अलीगढ़ रूट के लिए करीब 226 करोड़ और मुरादाबाद-चंदौसी रूट के दोहरीकरण के लिए 40 करोड़ का बजट स्वीकृत हुआ है।

## कासगंज-एटा के बीच रेल लाइन को बजट मंजूर

**बरेली, अमृत विचार:** कासगंज-एटा के बीच नई रेल लाइन के लिए बजट को मंजूरी मिल गई है। नई ब्रॉड गेज लाइन चालू होने से बरेली और आसपास के जिलों से कनेक्टिविटी बढ़ जाएगी। कुल 389 करोड़ रुपये का बजट रेल मंत्रालय ने इस रेल लाइन के लिए स्वीकृत किया है।

गति शक्ति यूनिट के संयुक्त निदेशक अभिषेक जगावत के एक पत्र के मुताबिककासगंज-एटा के बीच 29 किलोमीटर तक नई रेल लाइन डाली जाएगी। इस पर कुल 389 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसमें रेल लाइन डालने पर 329 करोड़, सिग्नल व टेलीकॉम पर 17.88 करोड़ और विद्युतीकरण पर 42.22 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इस नई रेल लाइन के निर्माण से आगरा एवं टूंडला रेलवे स्टेशनों का सीधा जुड़ाव एटा से हो जाएगा।

# चरस रखने के आरोपी को तीन साल की सजा

विधि संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** एनडीपीएस एक्ट के मामले में विशेष न्यायाधीश चंद्रमोहन मिश्र ने सुनवाई के बाद अभियुक्त को दोषी पाकर दंडित किया। उसे तीन साल कैद व बीस हजार जुर्माना की सजा सुनाई है। सरकार की ओर से पैरवी सहायक शासकीय अधिवक्ता संजय पांडे व रवि गंगवार ने की।

बिलसंडा थाने में एक एफआईआर दर्ज एनडीपीएस एक्ट की दर्ज हुई थी, जिसमें दरोगा संजय कुमार ने बताया था कि 13 अक्टूबर 2016 को वह पुलिस बल के साथ गश्त करते हुए बमरौली की तरफ जा रहे थे। गैस एजेंसी के पास पहुंचते ही एक व्यक्ति बमरौली की तरफ से आता दिखा तो वह भागने लगा। कुछ ही दूरी से आरोपी बिलसंडा थाना क्षेत्र के ग्राम ताजपुर निवासी अनूप दास को पुलिस टीम ने पकड़ लिया। तलाशी लेने पर 900 ग्राम चरस बरामद हुई। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। दोनों पक्षों को सुनने व पत्रावली का परिशीलन करने के बाद विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट चंद्रमोहन मिश्र ने अभियुक्त अनूप दास को दोषी पाते हुए तीन साल की साज व 20 हजार से दंडित किया है।

### कार्रवाई

- दोषी को 20 हजार रुपये से किया गया है दंडित
- विशेष न्यायाधीश चंद्रमोहन मिश्र ने सुनाया फैसला

## दुष्कर्म के आरोपी को दस साल की सजा

**लखनऊ, अमृत विचार:** ग्यारह माह की बच्ची और उसकी मां के साथ दुष्कर्म करने वाले नौकर रामसुत को दोषी करार देते हुए पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश विजेंद्र त्रिपाठी ने दस साल की क़ैद और छः हज़ार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

सरकारी वकील अभिषेक उपाध्याय और अरुण कुमार ने बताया वादी ने 16 अप्रैल 2022 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अलकनंदा अपार्टमेंट में अपनी पत्नी, ग्यारह माह की बच्ची और नौकर रामसुत के साथ निवास करता है। कहा गया कि शाम को पत्नी के चिल्लाने पर जब वादी अपने कमरे से बाहर गया तो देखा कि उसकी पत्नी ज़मीन पर गिरी थी। आरोप लगाया गया कि आरोपी नौकर ने धक्का मारकर वादी की पत्नी को गिरा दिया और दुष्कर्म किया और जानमाल की धमकी दी।

## छह पुलिसकर्मियों को चार वर्ष की कैद

**लखनऊ, अमृत विचार:** सजा भुगत रहे अपराधी को तिहाड़ जेल से लखनऊ पेशी के दौरान फ़रार करने के आरोपी दिल्ली पुलिस के एएसआई धर्मवीर सिंह, हेड कांस्टेबल महेंद्र पाल, सिपाही जोगेंद्र सिंह, शिवकुमार, रवि कुमार एवं रोशन लाल को भ्रष्टाचार निवारण की विशेष न्यायाधीश शालिनी सागर ने चार-चार साल की क़ैद और 50 -50 हज़ार के जुर्माने की सजा सुनाई है।

वकील सुनील यादव ने बताया कि तिहाड़ जेल में बंद आरोपी सौरव शर्मा को लखनऊ के कोर्ट में पेशी के लिए 26 जून को लाया गया था। पेशी के बाद पुलिस टीम आरोपी को दिल्ली ले जाने के लिए चारबाग छोटी लाइन के वेटिंग रूम में आ गई। वहां आरोपी से मिलने उसकी मां और दो लड़के आए और सभी को खाना खिलवाया।

# किशोरी से दुष्कर्म, पिता के पहुंचने पर आरोपी भागा

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार:** अनुसूचित जाति की किशोरी को खेत में खींचकर एक युवक ने दुष्कर्म किया, जबकि उसका साथी कुछ दूरी पर खड़ा रहा। अचानक किशोरी के पिता के पहुंचने पर आरोपी भाग गया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है। सीओ बीसलपुर ने मौका मुआयना कर जानकारी जुटाई।

क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार दोपहर करीब डेढ़ बजे वह बाइक में पेट्रोल डलवाने के लिए जा रहे थे। इस बीच एक व्यक्ति से जानकारी मिलने पर वह खेत की तरफ गए। उन्हें देखते ही एक लड़का भाग गया, जबकि दूर खड़ा एक अन्य युवक भी भाग निकला। बाद में पीड़ित की 15 वर्षीय पुत्री उसी खेत से रोती हुई बाहर निकली। पूछने पर बेटी ने बताया कि भागने वाले युवक ने उसे डरा धमकाकर खेत में खींचा और फिर दुष्कर्म किया। पुत्री को लेकर वह थाने पहुंचे और शिकायत की। पुलिस ने देर शाम मिली शिकायत पर जांच शुरू की। दूसरे दिन मंगलवार के तहरीर मिलने पर मामले में ग्राम सथरापुर निवासी टिंकू के खिलाफ दुष्कर्म, एससीएसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई। इंस्पेक्टर बरखेड़ा मृदुल कांत शुक्ला ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच चल रही है।

## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

**लखनऊ, अमृत विचार:** रंजिश के चलते रिक्शा चालक की हत्या करने और साक्ष्य मिटाने के आरोपी बहादुर को दोषी करार देकर एडीजे विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने आजीवन कारावास और दो हज़ार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले के अन्य आरोपी मुन्ना सिंह की सुनवाई के दौरान मौत हो गई थी।

कोर्ट में सरकारी वकील एमके सिंह ने बताया कि मामले की रिपोर्ट वादिनी माधुरी ने कृष्णानगर थाने में चार जुलाई 2009 को दर्ज कराई थी कि उसकी ससुराल उन्नाव का रहने वाला परिचित राकेश कुमार गुप्ता उसके घर पर रहकर रिक्शा चलाता है। एक दिन पहले रात में राकेश घर के बाहर ठेले पर सो रहा था। सुबह उसकी लाश कृष्णानगर थाना क्षेत्र के केसरीखेड़ा में मिली।

# लखनऊ को बनाएंगे एआई सिटी का प्रमुख केंद्रः योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी लखनऊ को एआई सिटी का प्रमुख केंद्र बनाने पर सरकार काम कर रही है। यह केंद्र एयरपोर्ट के पास खुलेगा। इसमें आईआईएम लखनऊ के युवा भागीदार बनेंगे। जबकि गौतमबुद्धनगर विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा में भी एआई केंद्र खुलेगा। इसके जरिये प्रदेश के लाखों नौजवानों को उनके घर और जनपद में नौकरी मिलेगी। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को आईजीपी में आयोजित डेस्टिनेशन यूपी-इमर्जिंग हब फॉर एआई इन इंडिया कॉन्क्लेव में कहीं।

जीबीसी-4 में भारी संख्या में आए आईआईएम के छात्र-छात्राओं से मुख्यमंत्री योगी ने मेहमानों से लखनऊ में एयरपोर्ट के पास एआई सिटी और गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा को एआई केंद्र स्थापित करने और गौतमबुद्धनगर में भी केंद्र स्थापित करने की दिशा में भरपूर सहयोग देने की अपेक्षा की। कहा कि प्रदेश डाटा सेंटर का हब बनने जा रहा है। यहां पर तीन डाटा सेंटर स्थापित हो चुके हैं जबकि आठ नए डाटा सेंटर बन रहे हैं। पहले जहां प्रदेश में इस प्रकार की संभावनाएं नहीं थीं। प्रदेश के इंस्टीट्यूशन ने स्केल को स्किल में बदलने में अच्छा काम किया है, लेकिन इस स्किल को स्पीड भी चाहिये। इसिलए हमें डिजिटाइजेशन अपनाना ही होगा।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 975 फ्लैग 1095 डीएमओ 860 बोल्ड 1130, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 1835, राज श्री 1360, फॉर्चून कि. 1685, रविन्द्रा 1755, फॉर्चुन ली0 1550, जय जवान 1390, सचिन 1435, सूरज 1415, अवसर 1535, राग गोल्ड 1515, गृहणी 1430, क्लासिक (किलो) 1610, मोर 1580, चक्र टिन 1650, ब्लू 1540, आशीर्वाद मस्टर्ड 1660, स्वास्तिक 1805, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000–24000, धनिया 9000–10000, अजवायान 16000–24000, मेथी 8600, सौंफ 15000–20000, सोंठ 35800, (प्रति कि.) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 600–800 **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10300, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4650, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200–14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750–7100 मलका दाल 6850–7700, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 10000–10800, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500–11900, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7450, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000–13800, सच्चा हीरा 14800, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12400, अरहर पटका मोटा 12800, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200–14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी**–डालमियां 4000, पीलीभीत 3970, नवाबगंज 3960, बहेड़ी (नई) 3970 रुपये।

# निजी पूंजीगत व्यय से वृद्धि को मिलेगी गति

## भारतीय रिजर्व बैंक ने बुलेटिन जारी करके अगले चरण के लिए जताई उम्मीद

मुंबई, एजेंसी

भारतीय अर्थव्यवस्था ने वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में हासिल की गई वृद्धि की रफ्तार को बरकरार रखा है और कॉरपोरेट क्षेत्र द्वारा पूंजीगत व्यय के नए दौर से वृद्धि के अगले चरण को गति मिलने की उम्मीद है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बुलेटिन में मंगलवार को यह बात कही गई।

बुलेटिन में 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' पर एक लेख में कहा गया- हाल के महीनों में यह धारणा मजबूत हुई है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था 2024 में उम्मीद से अधिक मजबूत वृद्धि हासिल करेगी और जोखिमों को व्यापक रूप से संतुलित किया गया है। लेख के मुताबिक, उच्च आवृत्ति संकेतकों के आधार पर कहा जा सकता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने 2023-24 की पहली छमाही में हासिल की गई गति को बरकरार रखा है। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा के नेतृत्व वाली एक टीम द्वारा लिखे गए लेख में कहा गया-कॉरपोरेट क्षेत्र द्वारा पूंजीगत व्यय के नए दौर की उम्मीद से वृद्धि के अगले चरण को बढ़ावा मिलने की संभावना है। जिन परियोजनाओं के लिए बैंकों और वित्तीय संस्थानों ने ऋण स्वीकृत किए हैं, उनकी कुल लागत अप्रैल-दिसंबर, 2023 के दौरान 2.4 लाख करोड़ रुपये थी। यह राशि पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 23 प्रतिशत अधिक है। कुल मिलाकर इस साल अब तक निजी कॉरपोरेट क्षेत्र के निवेश इरादे सकारात्मक रहे हैं।

लेख में कहा गया कि केंद्रीय बैंक ने 2024-25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। लेख में कहा गया कि स्थिर और चार प्रतिशत की मुद्रास्फीति जीडीपी वृद्धि की गति को बनाए रखने के लिए आधार तैयार करती है।

### आरबीआई ने भारत के ऋण-जीडीपी अनुपात पर आईएमएफ के तर्क को खारिज किया

आरबीआई के एक लेख में देश के सामान्य सरकारी ऋण के बारे में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के तर्क को खारिज किया गया है। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा के नेतृत्व वाली एक टीम द्वारा लिखे गए लेख में इस बात पर जोर दिया गया कि ऋण-जीडीपी अनुपात अनुमान से काफी कम हो सकता है। 'राजकोषीय समेकन के अनुकूल वृद्धि का आकार' शीर्षक वाले लेख में कहा गया है कि अनुभव से मिले निष्कर्षों से पता चलता है कि विवेकपूर्ण राजकोषीय समेकन और वृद्धि के बीच मध्यम अवधि की पूरकता अल्पकालिक लागत से अधिक हैं। लेख के मुताबिक, सामाजिक और भौतिक बुनियादी ढांचे, जलवायु कार्यवाही, डिजिटलीकरण और श्रमबल को कुशल बनाने पर किए जा रहे खर्च का दीर्घकाल में फायदा मिल सकता है।

# गन्ना की 3 नई प्रजाति बढ़ाएंगी मिठास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शाहजहांपुर ने एक और लखनऊ संस्थान ने विकसित की दो किस्म
- गन्ने की अन्य प्रजाति से उत्पादन और चीनी परता होगा अधिक

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में गन्ने की नई 3 प्रजाति आच्छादन, गन्ना उत्पादन के साथ चीनी का उत्पादन बढ़ाने में सहायक होंगी।

नवविकसित प्रजाति में शीघ्र होने वाला कोयम्बटूर शाहजहांपुर (को.शा) 18231 शामिल है। इसे गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर ने शोध और परीक्षण कर विकसित किया है। यह फसल प्रदेश भर में की जाएगी। जबकि भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान लखनऊ ने अधिसूचित अगेती गन्ना प्रजाति कोयम्बटूर लखनऊ (को.लख) 16202 व 15206 मध्यदेर को विकसित किया है। यह प्रजाति प्रदेश के मध्य एवं पश्चिमी उप्र में की जाएगी। इन प्रजातियों को विकसित करने में आठ से 10 साल लगे हैं।

मंगलवार को तीनों प्रजाति को

आयुक्त गन्ना एवं चीनी पीएन सिंह की अध्यक्षता में हुई बीज गन्ना एवं गन्ना किस्म स्वीकृति उपसमिति की बैठक में स्वीकृति दी गई है। पैदावार के लिए किसानों को शरदकालीन गन्ना बुआई से बीज उपलब्ध कराए जाएंगे।

**सभी में चीनी परता ज्यादा, दिया गया प्रस्तुतीकरण:** नवविकसित प्रजाति यह उच्च गुणवत्तायुक्त अधिक रोगरोधी हैं। यह अन्य प्रजाति से अधिक मीठा है। बैठक में प्रजातियों का प्रस्तुतिकरण किया गया।

18231 के शोध व परीक्षण आंकड़ों के अनुसार उपज 90.16 टन/हेक्टेयर पाई गई। जो प्रमाप की तुलना में 11.36 व 27.92 प्रतिशत अधिक है। इसमें 18231 में रस में शर्करा प्रतिशत व पोल प्रतिशत इन केन भी प्रमाप की तुलना में अधिक बताया गया और भी खूबियां बताई गईं। सीसीएस टन/हेक्टेयर की दृष्टि से 11.89 प्रमाप को. 0238 की तुलना में 13.84 प्रतिशत अधिक पाई गई। सभी में चीनी परता ज्यादा है। उपसमिति ने आंकड़ों का विस्तृत तुलनात्मक अध्ययन करने के बाद सम्पूर्ण प्रदेश के लिए स्वीकृत किया। इसी तरह इसी तरह 16202 (शीघ्र) व 15206 (मध्यदेर) को पश्चिम व मध्य के लिए स्वीकृत किया है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,800 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,500–47,700 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,000 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,850 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,700 |
| चांदी तैयार | 73,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,850 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,850 |
| चांदी पक्की | 722 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,000 |
| चांदी आभूषण | 73,100। |

## हल्द्वानी मंडी

**चावल**–शरबती 85 मसूरी 60–75 1121 बासमती 117–118, **दाल दलहन**–काला चना 70–72 साबुत चना दाल 77–80 मूंग साबुत 103–110 राजमा 113–120 दाल उड़द 125–130 साबुत मसूर दाल 85–96 मसूर दाल 80–110 उड़द साबुत 115 काबुली चना 168 अरहर दाल 140 लोबिया/करमानी 112–115 सोयाबीन 77 मूंगफली– 120–124 मटर (सूखी) 55–61 मक्का 25–27 रुपये।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**–दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104–106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये।

# भारत का एआई बाजार 2027 तक 17 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा

मुंबई, एजेंसी

- नैसकॉम-बीसीजी ने रिपोर्ट जारी करके जताई उम्मीद

भारत का कृत्रिम मेधा (एआई) बाजार सालाना 25-35 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है और इसके 2027 तक 17 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई।

नैसकॉम की रिपोर्ट के अनुसार, यह वृद्धि उद्यम प्रौद्योगिकी खर्च में वृद्धि, भारत के बढ़ते एआई प्रतिभा आधार तथा एआई निवेश में उल्लेखनीय वृद्धि सहित कई कारकों से प्रेरित है। रिपोर्ट का शीर्षक 'एआई पावर्ड टेक सर्विज : ए रोडमैप फॉर फ्यूचर रेडी फर्म्स, एआई एंड जनएआई रोल इन टर्बोचार्जिंग द इंडस्ट्री' है।

बीसीजी के साथ साझेदारी में नैसकॉम रिपोर्ट मंगलवार को यहां नैसकॉम टेक्नोलॉजी एंड लीडरशिप फोरम 2024 के मौके पर जारी की गई। रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक स्तर पर एआई में निवेश में 2019 से 24 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि देखी गई है। 2023 में 83 अरब डॉलर के करीब निवेश हुआ था। अधिकतर निवेश डेटा एनालिटिक्स, जेनएआई और एमएल एल्गोज़ और मंच में किए गए थे।

# प्याज निर्यात पर प्रतिबंध 31 मार्च तक जारी रहेगा

**नई दिल्ली।** प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध पहले से घोषित समय सीमा 31 मार्च तक जारी रहेगा। सरकार की कीमतों को नियंत्रण में रखने और घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने की कोशिश जारी है। एक शीर्ष अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सरकार ने आठ दिसंबर 2023 को 31 मार्च तक प्याज के निर्यात पर रोक लगा दी थी। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने कहा कि प्याज निर्यात पर प्रतिबंध नहीं हटाया गया है। यह जारी है। मौजूदा स्थिति में कोई भी बदलाव नहीं है।

# सेंसेक्स 349 अंक चढ़ा, निफ्टी का फिर बना नया रिकॉर्ड

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में तेजी का सिलसिला जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 349 अंक चढ़ गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी फिर नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुरुआती नुकसान से उबरते हुए 349.24 अंक यानी 0.48 प्रतिशत की बढ़त के साथ 73,057.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 18 शेयर लाभ में जबकि 12 नुकसान

में रहे। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 74.70 अंक यानी 0.34 प्रतिशत की बढ़त के साथ नए रिकॉर्ड स्तर 22,196.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी अपने सर्वकालिक उच्चस्तर 22,215.60 अंक तक गया। निजी बैंकों के शेयरों में लिवाली से शेयर बाजार नुकसान से उबर गया।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### बुजुर्ग की मौत पर उड्डयन महानिदेशालय को नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मंगलवार को मुंबई हवाई अड्डे पर व्हीलचेयर की अनुपलब्धता के कारण एक बुजुर्ग व्यक्ति (80) की मौत के मामले में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय को नोटिस दिया है। आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार इस मामले में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय से चार सप्ताह के भीतर मामले में विस्तृत रिपोर्ट मांगी गयी है। आयोग ने इस मामले में मीडिया की खबरों का स्वत: संज्ञान लेते हुये यह नोटिस जारी किया।

### शिक्षक भर्ती घोटाले में बिचौलिया गिफ्तार

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल सरकार के स्वामित्व वाले विद्यालयों में 'शिक्षक भर्ती घोटाले' मामले में बिचौलिया होने के संदेह में ट्रैवल एजेंसी के मालिक प्रसन्ना रॉय को 10 घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। आधिकारिक सूत्र मंगलवार को यह जानकारी दी। शिक्षकों की नियुक्ति में कथित अनियमितताओं में धन के लेन–देन की जांच कर रही ईडी ने यहां स्थित अपने कार्यालय में पूछताछ करने के बाद सोमवार रात रॉय को गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) अगस्त 2022 में द्वारा जारी उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद रॉय जमानत पर थे।

# कांग्रेस देश का कभी विकास नहीं कर सकती

## गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस को परिवारवादी व दिशाहीन पार्टी करार दिया

जयपुर, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उसे परिवारवादी व दिशाहीन पार्टी करार दिया तथा कहा कि वह देश का कभी विकास नहीं कर सकती। शाह ने उदयपुर में पार्टी के कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा-कांग्रेस पार्टी परिवारवाद पार्टी है, इतना ही नहीं यह दिशाविहीन पार्टी है।

उन्होंने कहा-भारत का विकास कांग्रेस पार्टी नहीं कर सकती। गरीबों का कल्याण कांग्रेस पार्टी नहीं कर सकती। भारत को सुरक्षित यह कांग्रेस पार्टी नहीं कर सकती। भारत का गौरव कांग्रेस पार्टी नहीं बढ़ा सकती।' शाह ने कहा कि कांग्रेस वाले एफिडेविट देते हैं कि राम का अस्तित्व भी नहीं है। उन्होंने कहा,' कांग्रेस देश का विभाजन करने पर तुली है। उनके नेता उत्तर भारत और दक्षिण भारत दो हिस्सों में बांटने की मांग करते हैं। लेकिन अब किसी की हिम्मत नहीं है कि राजस्थान या देश में दंगे कर सके। हम भारत को आत्मनिर्भर बनाएंगे, ये भारतीय जनता पार्टी सरकार का वादा है।' भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने राम मंदिर के मुद्दे को अटकाकर रखा।

शाह ने कहा-हमने वादा किया था कि हम मंदिर बनाएंगे। करोड़ों लोगों के आराध्य भगवान राम एक टेंट में अपमानित होकर, अपना स्थान गंवाकर बैठे थे।...कांग्रेस ने प्रभु श्रीराम के मंदिर के मुद्दे को अटकाकर, लटकाकर व भटकाकर रखा। कहीं पर भी इनकी मंशा नहीं थी कि अयोध्या में राम मंदिर बने। उन्होंने मोदी सरकार की उपलब्धि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने दस साल में देश के पच्चीस करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर लाने का काम किया। गरीबों को घर दिया, गैस सिलेंडर दिया, बिजली दी, प्रति व्यक्ति प्रति माह पांच किलो अनाज मुफ्त दिया, पांच लाख तक की दवा का खर्च आज मोदी सरकार उठा रही है। शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने देश को सुरक्षित करने का काम किया है।

### इंडी गठबंधन परिवारवादी पार्टियों का स्वार्थी मेलजोल

भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने कहा–मोदी जी के नेतृत्व में राजग एक विकास करने वाला एलायंस है जबकि यह घमंडिया, इंडी गठबंधन यह सात परिवारों का परिवारवादी पार्टियों का स्वार्थी मेलजोल है।' उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने आदिवासी समुदाय को सम्मान देने का काम किया है और द्रौपदी मुर्मू को भारत का राष्ट्रपति बनाया है। शाह ने लोगों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास के लिए लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देने की भी अपील की। इससे पहले शाह राजस्थान के एक दिवसीय दौरे पर मंगलवार दोपहर बीकानेर पहुंचे। उन्होंने वहां आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बीकानेर क्लस्टर में लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक को संबोधित किया।

# एमएसपी पर कानून लाने के लिए 1 दिन का संसद सत्र बुलाए केंद्र सरकार : पंधेर

चंडीगढ़, एजेंसी

- किसान नेता सरवन ने प्रमुख मांगों को स्वीकार करने को भी कहा

किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार को फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानून लाने के वास्ते एक दिन का संसद सत्र बुलाना चाहिए। उन्होंने केंद्र से कृषि ऋण माफी समेत किसानों की अन्य प्रमुख मांगों को स्वीकार करने को भी कहा।

उनका यह बयान 'दिल्ली चलो' मार्च में भाग लेने वाले किसान नेताओं द्वारा पांच साल के लिए एमएसपी पर दालों, मक्का और कपास की खरीद के केंद्र के प्रस्ताव को खारिज किए जाने के एक दिन बाद आया है। किसान नेताओं ने कहा है कि केंद्र का प्रस्ताव किसानों के पक्ष में नहीं है। रविवार को किसान नेताओं के साथ चौथे दौर की बातचीत में तीन केंद्रीय

मंत्रियों की समिति ने प्रस्ताव दिया था कि किसानों के साथ समझौता करने के बाद सरकारी एजेंसियां पांच साल तक दालें, मक्का और कपास एमएसपी पर खरीदेंगी।

संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मजदूर मोर्चा 'दिल्ली चलो' मार्च का नेतृत्व कर रहे हैं। मंगलवार को पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू बॉर्डर पर पत्रकारों से बातचीत में किसान मजदूर मोर्चा का प्रतिनिधित्व करने वाले पंधेर ने कहा-हमारी मांग है कि एमएसपी की गारंटी का कानून लाया जाए। अगर प्रधानमंत्री के पास इच्छाशक्ति होगी तो संसद का एक दिन का सत्र बुलाया जा सकता है। कोई भी विपक्षी दल इसका विरोध नहीं करेगा। उन्होंने कहा-मैं मांग करता हूं कि सभी विपक्षी दल अपना रुख स्पष्ट करें कि अगर केंद्र एमएसपी पर कानून लाता है, तो वे इसके लिए वोट करेंगे। चाहे शिरोमणि अकाली दल हो या कांग्रेस उन्हें अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। टीएमसी और अन्य दलों को भी अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। पंधेर ने कहा कि किसानों की तीन बड़ी मांगें हैं-सभी फसलों के लिए एमएसपी पर कानूनी गारंटी, स्वामीनाथन आयोग द्वारा अनुशंसित सी2 प्लस 50% फॉर्मूले का कार्यान्वयन और ऋण माफी।

# राजस्थान में जेईएन पेपर लीक मामले में पटवारी सहित चार लोग गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस की विशेष शाखा एसओजी ने कनिष्ठ अभियंता (जेईएन) पेपर लीक मामले में एक पटवारी सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। ये सभी सरकारी कर्मचारी हैं। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एटीएस एवं एसओजी) वीके सिंह ने बताया कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने परीक्षा का आयोजन छह दिसंबर 2020 को विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर किया गया था। इस परीक्षा के पेपर लीक प्रकरण की जांच में पेपर लीक पाये जाने पर बोर्ड ने परीक्षा रद्द कर दी थी। उन्होंने बताया कि प्रकरण में अनुसंधान के दौरान 24 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# विधानसभा में हंगामे पर कांग्रेस के 10 सदस्य निलंबित

गांधीनगर, एजेंसी

- गुजरात के सदन में कर रहे थे नारेबाजी, कुल संख्या 15 हो गई

पिछले साल गुजरात के छोटा उदयपुर जिले में सामने आए एक 'फर्जी' सरकारी कार्यालय के खुलासे और सिंचाई परियोजनाओं के लिए धन की हेराफेरी के मुद्दे पर विधानसभा में हंगामे और नारेबाजी के बाद मंगलवार को विपक्षी कांग्रेस के 10 सदस्यों को सदन से एक दिन के लिए निलंबित कर दिया गया।

विधानसभा में कांग्रेस के सदस्यों की कुल संख्या 15 है लेकिन हंगामे के वक्त उसके पांच विधायक सदन में नहीं थे। चालू बजट सत्र के प्रश्नकाल के दौरान, कांग्रेस विधायक तुषार चौधरी ने जानना चाहा कि सरकार ने उन लोगों के खिलाफ क्या कार्रवाई की है, जिन्होंने छोटा उदयपुर जिले में एक 'फर्जी' सरकारी कार्यालय खोला था और आदिवासी क्षेत्र में विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं को पूरा करने के लिए सरकारी धन की हेराफेरी की थी। जनजातीय विकास मंत्री कुबेर डिंडोर ने कहा कि उदयपुर जिले में ऐसा कोई कार्यालय नहीं पाया गया और इसलिए कार्रवाई के बारे में कोई सवाल ही नहीं उठता।

# मराठों को 10 प्रतिशत आरक्षण से संबंधित विधेयक महाराष्ट्र में पारित

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानमंडल ने शिक्षा एवं सरकारी नौकरियों में मराठा समुदाय को 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाला विधेयक मंगलवार को सर्वसम्मति से पारित कर दिया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मराठा आरक्षण पर विधानमंडल के एक दिवसीय विशेष सत्र के दौरान सदन में महाराष्ट्र राज्य सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़ा विधेयक 2024 पेश किया। विधेयक को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। इसमें कहा गया कि महाराष्ट्र की कुल आबादी में मराठों की हिस्सेदारी 28 प्रतिशत है। इसमें कहा गया है कि बड़ी संख्या में जातियां और समूह पहले से ही आरक्षित श्रेणी में हैं।

# दिल्ली उच्च न्यायालय ने हाथ से मैला उठाने संबंधी याचिका पर केंद्र से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्रीय मंत्रालय व दिल्ली सरकार के खिलाफ नोटिस जारी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने हाथ से मैला उठाने की अनुमति देने वाले कानून के विभिन्न प्रावधानों को चुनौती देने वाली एक याचिक पर केंद्र और दिल्ली सरकार से मंगलवार को जवाब तलब किया।

याचिका में कहा गया है कि ऐसे प्रावधान हाथ से मैला उठाने वाले और सुरक्षात्मक उपकरणों का इस्तेमाल करते हुए मैला उठाने वाले लोगों के बीच 'अतार्किक विभेद' पैदा करते हैं। याचिकाकर्ता ने कहा है कि संबंधित कानून हाथ से मैला उठाने की "अमानवीय" प्रथा

को खत्म करने में विफल रहा है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी. एस. अरोड़ा की खंडपीठ ने याचिका पर केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय तथा दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किए। उच्च न्यायालय ने अधिकारियों को अपना जवाब दाखिल करने के लिए आठ सप्ताह का समय दिया तथा मामले की अगली सुनवाई के लिए चार जुलाई की तारीख तय की। याचिका में ''हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम, 2013'' की विभिन्न धाराओं को निरस्त करने की मांग की गयी है, साथ ही इस आमनवीय प्रथा को अनुच्छेद 14 (कानून के समक्ष समानता), अनुच्छेद 17 (अस्पृश्यता का उन्मूलन), अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का संरक्षण) और अनुच्छेद 23 का उल्लंघन बताया गया है।

# हेमंत सोरेन के खिलाफ एक और मामला दर्ज

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ एक और मामला दर्ज हुआ है। इस संबंध में यहां ईडी की ओर से शिकायतवाद संख्या 3952/2024 सीजेएम कोर्ट में दाखिल की गई। इसकी सुनवाई मंगलवार को हुई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 27 फरवरी निर्धारित की है। शिकायतवाद में शिकायतकर्ता ईडी की ओर से बताया गया है कि हेमंत सोरेन को ईडी ने जमीन घोटाला मामला में 10 समन जारी किया था, जिसमें से मात्र दो समन पर ही हेमंत सोरेन ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे। यह ईडी के समन की अवहेलना है। समन की अवहेलना को लेकर शिकायतवाद दर्ज कराया गया है।

# स्थिति भयावह होने के साथ–साथ पूरी तरह अराजक

कोलकाता, एजेंसी

## संदेशखालि मामला

- हाईकोर्ट से अनुमति मिलने के बाद क्षेत्र पहुंचे भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी बोले

कलकत्ता उच्च न्यायालय से अनुमति मिलने के बाद मंगलवार को दोपहर बाद पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि पहुंचे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पश्चिम बंगाल इकाई के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने संघर्षग्रस्त क्षेत्र की स्थिति को भयानक तथा अराजकता का स्पष्ट उदाहरण बताया। एक अन्य विधायक शंकर घोष के साथ पहुंचे अधिकारी ने महिलाओं सहित स्थानीय लोगों से बात की।

महिलाओं ने फरार चल रहे शाहजहां शेख सहित तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के स्थानीय नेताओं द्वारा दिए गए अपने दर्दनाक अनुभवों को

साझा किया। भाजपा नेता नाव से कालिंदी नदी पार कर संदेशखालि पहुंचे, जहां महिलाओं सहित स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा-स्थानीय लोगों द्वारा साझा किये गये अनुभव बेहद दर्दनाक हैं। उनकी जमीनें हड़प ली गईं और महिलाओं का शोषण किया गया। सब कुछ पुलिस और प्रशासन की मदद से हुआ। स्थिति पूरी तरह से भयावह है और इलाके में अराजकता का स्पष्ट उदाहरण है। अधिकारी ने संदेशखालि में घरों का दौरा करने के साथ ही स्थानीय लोगों से बात की। वह 2007-08 में नंदीग्राम में भूमि अधिग्रहण-विरोधी आंदोलन के दिनों में तत्कालीन विपक्षी नेता ममता बनर्जी के करीबी विश्वासपात्र थे।

### शाहजहां की गिरफ्तारी न होने पर कोर्ट ने जताई हैरानी

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी को संकटग्रस्त संदेशखालि गांव का दौरा करने की अनुमति दे दी लेकिन साथ ही इस बात पर आश्चर्य जताया कि मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को अब तक राज्य पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया है। मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा–यह काफी आश्चर्य की बात है कि जिस व्यक्ति को इस समस्या का मूल कारण बताया जा रहा है उसे अभी भी पकड़ा नहीं जा सका है और वह कानून तोड़कर भागा हुआ है। पीठ ने कहा कि अदालत को नहीं पता कि उसे संरक्षण प्राप्त है या नहीं, तथ्य यह है कि उसे पकड़ा नहीं गया है। एकल पीठ के आदेश को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की अपील पर सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा, "इसका मतलब यह हो सकता है कि राज्य के पुलिस तंत्र के पास उसे पकड़ने के साधन नहीं हैं या (वह) राज्य पुलिस के अधिकार क्षेत्र से बाहर है।

# नीदरलैंड पर दबदबा बरकरार रखने को उतरेगा भारत

## एफआईएच प्रो लीग: पांच में दो मुकाबले जीते, नीदरलैंड और स्पेन को शूट आउट में हराकर अंक किए हासिल

राउरकेला, एजेंसी

भारतीय पुरुष हॉकी टीम बुधवार को एफआईएच प्रो लीग के अगले चरण में नीदरलैंड के खिलाफ उतरेगी तो उसकी नजरें जीत के साथ इस टीम पर अपना दबदबा बनाए रखने पर होंगी। प्रो लीग में भारत ने अब तक प्रभावी प्रदर्शन किया है। ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम ने पांच में से अपने दो मुकाबले नियमित समय में जीते जबकि नीदरलैंड और स्पेन को शूट आउट में हराकर बहुमूल्य बोनस अंक भी हासिल किए।

टीम ने एकमात्र मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गंवाया है लेकिन उसमें भी भारतीय टीम जीत दर्ज करने की स्थिति में थी। भारत अभी पांच मैच में 10 अंक के साथ प्रो लीग तालिका में चौथे स्थान पर चल रहा है। नीदरलैंड नौ मैच में 18 अंक के साथ शीर्ष पर है। अर्जेन्टीना के आठ मैच में 13 जबकि ऑस्ट्रेलिया के चार मैच में 12 अंक हैं। दुनिया की तीसरे नंबर की टीम भारत को हालांकि दुनिया की 12वें नंबर की टीम आयरलैंड और आठवें नंबर की टीम स्पेन के खिलाफ पिछले दो मुकाबलों में जूझना पड़ा है। आयरलैंड के खिलाफ भारत ने गुरजंत सिंह के अंतिम मिनट में दागे गोल की बदौलत 1-0 से जीत दर्ज की और फिर मैराथन शूट आउट में स्पेन को 8-7 से हराया। भारत और स्पेन 60 मिनट के नियमित समय के बाद 2-2 से बराबर थे। भारत को नीदरलैंड के खिलाफ नियमित समय में जीत दर्ज करके तीन अंक जुटाने हैं तो अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। पिछले तीन मुकाबले में प्रदर्शन भले ही उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा हो लेकिन उप कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा है कि दुनिया की नंबर एक टीम के खिलाफ मुकाबले से पहले टीम का आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है। भुवनेश्वर में 11 फरवरी को नीदरलैंड के खिलाफ नियमित समय में मुकाबला 2-2 से बराबर रहने के बाद भारत ने शूट आउट में 4-2 से जीत दर्ज की थी। मिडफील्डर हार्दिक ने कहा, पहले हाफ में हमारा प्रदर्शन उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा लेकिन दूसरे हाफ में हमने जोरदार वापसी की और खेल को शूटआउट में खींचा। हम तब से अपनी संभावनाओं के बारे में आश्वस्त थे, विशेषकर यह देखते हुए कि हमारे पास अच्छे गोलकीपर हैं।

# हुसैन ने डकेट से कहा, बैजबॉल से नहीं जायसवाल ने कड़ी मेहनत से सीखा

लंदन, एजेंसी

पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने राजकोट टेस्ट में यशस्वी जयसवाल की आक्रामक बल्लेबाजी को इंग्लैंड की 'बैजबॉल' रणनीति से प्रभावित बताने वाले बेन डकेट की आलोचना की।

उन्होंने कहा कि मेहमान टीम को इस बल्लेबाज से सीख लेने की जरूरत है। राजकोट में तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद डकेट ने जायसवाल की आक्रामक बल्लेबाजी की प्रशंसा की और कहा कि टेस्ट मैचों में आक्रामक

बल्लेबाजी करने के लिए प्रेरित करने का श्रेय इंग्लैंड की वर्तमान टीम को जाता है। इंग्लैंड की आक्रामक बल्लेबाजी करने की 'बैजबॉल' रणनीति इस मैच में नहीं चल पाई और उसे 434 रन की करारी हार का सामना करना पड़ा। हुसैन ने डकेट की टिप्पणी पर कहा कि जायसवाल को लेकर डकेट की टिप्पणी की उसने हमसे सीखा, मैं उसके बारे में बात करने जा रहा हूं। उसने (जायसवाल) आपसे नहीं सीखा है बल्कि उसने अपनी परवरिश और कड़ी मेहनत से सीखा है। उसने आईपीएल से सीखा है। हुसैन ने पूर्व कप्तान माइकल एथरटन के साथ चर्चा के दौरान कहा कि अगर कुछ भी हो मैं उसे देखकर सीख लूंगा। हुसैन ने रांची में होने वाले चौथे टेस्ट मैच से पहले इंग्लैंड के खिलाड़ियों को आत्ममंथन करने की सलाह भी दी। वे सार्वजनिक या ड्रेसिंग रूम में जो कुछ कह रहे हों, उन्हें असल में अपने अंदर झांकने की जरूरत है।

## खेल डायरी

### स्पेन को हराकर भारतीय महिला टीम विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप के नॉकआउट चरण में

**बुसान, एजेंसी।** भारतीय महिला टीम ने विश्व टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप के अपने आखिरी ग्रुप मुकाबले में स्पेन के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए 3-2 की जीत के साथ नॉकआउट चरण में जगह पक्की की। कागजों पर मजबूत भारतीय टीम को स्पेन से कड़ी टक्कर मिली। श्रीजा अकुला और मनिका बत्रा के शुरुआती दोनों मैचों में हारने के बाद अयहिका मुखर्जी ने जीत के साथ भारत की मुकाबले में वापसी कराई। श्रीजा और मनिका चौथे और पांचवें मैच को जीतने में सफल रहे। भारत चार मैचों में तीन जीत के साथ ग्रुप एक में शीर्ष स्थान पर रहा। इस ग्रुप में चीन शीर्ष स्थान पर रहा। भारत को ग्रुप चरण में इकलौती हार चीन से मिली। चीन के खिलाफ अयहिका और श्रीजा ने विश्व की नंबर एक और नंबर दो खिलाड़ी क्रमश: सुन यिंघसा और वांग यिदि को हराया था। इस स्पर्धा में 40 टीमों में से भारत नॉकआउट में जगह बनाने वाली 32 टीमों में शामिल है।

### 'लेन उल्लंघन' से गुलवीर ने गंवाया स्वर्ण पदक

**तेहरान, एजेंसी।** भारत के गुलवीर सिंह ने एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की 3000 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक गंवा दिया, क्योंकि उन्हें 'लेन उल्लंघन' से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। गुलवीर ने सोमवार को 3000 मीटर के फाइनल में 8 मिनट 07 .48 सेकंड का समय लेकर पहला स्थान पाया था। यह स्पर्धा ओलंपिक में शामिल नहीं है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने देर रात इसके खिलाफ अपील दायर की लेकिन उसे भी नामंजूर कर दिया गया। टीम के साथ गए एक कोच ने कहा, हां, यह फैसला सुनाया गया कि गुलवीर ने लेन का उल्लंघन किया था। एएफआई ने विरोध भी दर्ज कराया लेकिन उसे नामंजूर कर दिया गया।

### ला लीगा में एथलेटिक्स बिलबाओ से हारा गिरोना

**मैड्रिड, एजेंसी।** दूसरे स्थान पर चल रहे गिरोना ने एथलेटिक्स बिलबाओ के खिलाफ 2-3 की शिकस्त के साथ स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा के शीर्ष पर रीयाल मैड्रिड की बढ़त को कम करने का मौका गंवा दिया। गिरोना के पास रीयाल मैड्रिड की बढ़त को तीन अंक तक सीमित करने का मौका था लेकिन एलेक्स बेरेनगुएर ने दो और इनाकी विलियम्स ने एक गोल दागकर बिलबाओ की जीत सुनिश्चित की। गिरोना की ओर से विक्टर सेहानकोव और एरिक गार्सिया ने गोल किए। गिरोना की हार से ला लीगा के शीर्ष पर रीयाल मैड्रिड की छह अंक की बढ़त बरकरार है। रीयाल मैड्रिड के 25 मैच में 62 जबकि दूसरे स्थान पर चल रहे गिरोना के इतने ही मैच में 56 अंक हैं।

### सिंगापुर के भारतीय मूल के 8 साल के लड़के ने पोलैंड के ग्रैंडमास्टर को हराया, बनाया रिकॉर्ड

**सिंगापुर, एजेंसी।** भारतीय मूल के सिंगापुर के आठ साल के अश्वथ कौशिक रविवार को स्विट्जरलैंड में बर्गडोर्फर स्टेडथॉस ओपन टूर्नामेंट में पोलैंड के शतरंज ग्रैंडमास्टर जासेक स्टोपा को हराकर क्लासिकल शतरंज में किसी ग्रैंडमास्टर को हराने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। चैनल न्यूज एशिया की खबर के अनुसार सिंगापुर का प्रतिनिधित्व कर रहे अश्वथ ने 37 साल के स्टोपा को हराया। पिछला रिकॉर्ड कुछ ही हफ्ते पहले बना था जब सर्बिया के लियोनिड इवानोविच ने बेलग्रेड ओपन में बुल्गारिया के 60 साल के ग्रैंडमास्टर मिल्को पोपचेव को हराया था। इवानोविच की उम्र अश्वथ से कुछ महीने अधिक है। फिडे विश्व रैंकिंग में दुनिया के 37,338वें नंबर के खिलाड़ी अश्वथ 2017 में सिंगापुर आ गए थे। उन्होंने कहा, मुझे अपने खेल पर और मैंने जैसा प्रदर्शन किया उस पर गर्व है, विशेषकर तब जब मैं एक समय बहुत खराब स्थिति में था लेकिन वहां से वापसी करने में कामयाब रहा। सिंगापुर के ग्रैंडमास्टर और सिंगापुर शतरंज महासंघ के सीईओ केविन गोह ने अश्वथ की उपलब्धि की सराहना करते हुए 'एक्स' पर लिखा, उसके पिता ने काफी समर्थन किया, लड़का समर्पित है, स्कूल ने लचीलापन दिखाया और निश्चित रूप से उसमें नैसर्गिक प्रतिभा है। उन्होंने लिखा, यह देखना बाकी है कि वह कितनी दूर तक जा सकता है क्योंकि उम्र बढ़ने के साथ लड़के की रुचि बदल सकती हैं। फिर भी हम आशांवित हैं।

# भारत के खिलाफ गेंदबाजी करने पर विचार कर रहे हैं स्टोक्स

## दो टेस्ट मैच में शिकस्त ने इंग्लैंड के कप्तान को विचार करने पर किया विवश

राजकोट, एजेंसी

भारत के खिलाफ दो टेस्ट मैच में शिकस्त ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स को गेंदबाजी में वापसी पर विचार करने को मजबूर कर दिया है और मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने स्वीकार किया है कि यह एक अच्छा संकेत है लेकिन वे नहीं चाहते कि यह ऑलराउंडर अनावश्यक रूप से जल्दबाजी करे। अब भी घुटने की सर्जरी से उबर रहे स्टोक्स ने पिछले साल जून में दूसरे एशेज टेस्ट के बाद से गेंदबाजी नहीं की है।



मैकुलम ने कहा कि यह अच्छा है कि वह उस स्थिति में पहुंच रहा है जहां उसे लगता है कि वह गेंदबाजी कर सकता है। उन्होंने कहा, लेकिन बेन चतुर है, वह काफी चतुर है। वह तब तक गेंदबाजी नहीं करेगा जब तक उसे नहीं लगता कि वह वैध रूप से गेंदबाजी करने में सक्षम है। समस्या तब होगी जब वह गेंदबाजी स्पेल शुरू करेगा और फिर उसे खत्म नहीं कर पाएगा। इसलिए हम देखेंगे कि क्या होता है। मैकुलम ने कहा, हमें देखना होगा कि खतरा कहां है और उसे इससे दूर करने की कोशिश करनी होगी, लेकिन यह एक अच्छा संकेत है। राजकोट टेस्ट से पहले स्टोक्स ने कहा था कि उन्होंने अपने फिजियोथेरेपिस्ट से वादा किया था कि वह मौजूदा श्रृंखला में गेंदबाजी नहीं करेंगे। लेकिन रविवार को तीसरे टेस्ट में 434 रन की हार के बाद जब उनसे पूछा गया कि क्या वह अपनी ऑलराउंडर की भूमिका दोबारा निभाएंगे तो स्टोक्स ने कहा, मैं हां नहीं कह रहा हूं, मैं ना भी नहीं कह रहा हूं। मैं ज्यादातर चीजों के बारे में हमेशा आशावादी रहता हूं। मेडिकल टीम के साथ विस्तृत बातचीत होगी कि मुझ पर काम का कितना बोझ है, जिससे कि मुझे कोई बड़ा खतरा नहीं हो। राजकोट टेस्ट के दौरान स्टोक्स ने शत प्रतिशत क्षमता से ट्रेनिंग की थी और स्वीकार किया था कि उन्हें काफी अच्छा महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा, मैं अभ्यास के एक दिन शत प्रतिशत क्षमता के साथ गेंदबाजी करने में सफल रहा, जिससे मुझे अच्छा महसूस हुआ। मुझे लगा कि मैं मैच में गेंदबाजी कर सकता था लेकिन यह बेवकूफी होती। श्रृंखला का पहला मैच 28 रन से जीतने के बाद इंग्लैंड को विशाखापत्तनम में 106 रन से हार मिली, जिसके बाद राजकोट में सबसे करारी हार झेलनी पड़ी और श्रृंखला में 1-2 से पिछड़ गई। अगर यह ऑलराउंडर दोबारा गेंदबाजी करना शुरू कर दे तो इंग्लैंड की टीम को काफी फायदा होगा।

### अंपायर कॉल को हटा देना चाहिए: बेन

**रांची।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने अंपायर्स कॉल को लेकर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इसे हटाया जाना चाहिए। स्टोक्स ने कहा कि मेरी निजी राय यह है कि अगर गेंद स्टंप्स से टकरा रही है, तो मैं पूरी ईमानदारी से कहूं तो अंपायर कॉल को हटा देना चाहिए, लेकिन मैं इसमें ज्यादा नहीं पड़ना चाहता, क्योंकि तब यह ऐसा लगेगा कि हम इसलिए बिलबिला रहे है कि हम हारे हैं, इसीलिए हम केवल मन मसोसकर रह गए हैं। सोशल मीडिया पर नाराजगी व्यक्त करने के बाद स्टोक्स ने राजकोट टेस्ट के अंत में डीआरएस पर स्पष्ट किया कि इंग्लैंड की हार का कारण उनकी तकनीक नहीं थी। अंपायर्स कॉल पर पहले भी कई खिलाड़ियों ने असंतोष व्यक्त किया है। 2021 में इंग्लैंड के दौरे पर भारतीय कप्तान विराट कोहली ने भी अंपायर्स कॉल को लेकर नाराजगी जताई थी और अपनी टीम के खिलाफ ऑपयर द्वारा लिए फैसले को गलत ठहराया था। उस समय भी इस तकनीक को लेकर गर्मागरम बहस छिड़ी थी।

# रूट को नैसर्गिक तरीके से खेलना चाहिए: चैपल

मेलबर्न, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल ने खराब फॉर्म में चल रहे इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट से 'बैजबॉल (टेस्ट में बेहद आक्रामक होकर बल्लेबाजी की रणनीति)' तरीके को छोड़कर अपना स्वाभाविक खेल खेलने की सलाह दी।

सीनियर बल्लेबाज जो रूट भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। पिछली छह पारियों में उनका सर्वोच्च स्कोर 29 रन रहा है। वह इस दौरान ज्यादातर मौके पर आक्रामक शॉट खेलने की कोशिश में आउट हुए। ब्रैंडन मैकुलम के कोच और बेन स्टोक्स के कप्तान बनने के बाद इंग्लैंड 'बैजबॉज' अंदाज में टेस्ट खेल रहा है और रूट को खासकर भारत के मौजूदा दौरे पर इससे सामंजस्य बिठाने में संघर्ष करना पड़ा है।

चैपल ने इंग्लैंड की 'बैजबॉल' को 'बेहद खराब रणनीति' करार देते हुए कहा कि अपने स्वाभाविक खेल से जो रूट का रिकॉर्ड कमाल का रहा है। वह अपने नैसर्गिक खेल से भी अपेक्षाकृत तेजी से रन बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि वह अपने खेल में इतना बदलाव क्यों कर रहा है। मैं कभी भी पहले से निर्धारित कर के शॉट खेलने की वकालत नहीं करूंगा।

### बुमराह की गेंद पर रिवर्स स्वीप खेलने पर हुई आलोचना

टेस्ट में 11,000 से ज्यादा रन बनाने वाले जो रूट को तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में जसप्रीत बुमराह के खिलाफ रिवर्स स्वीप खेलने पर आलोचना का सामना करना पड़ा था। रूट इस प्रयास में स्लिप में कैच दे बैठे। उनके आउट होते ही इंग्लैंड की पारी लड़खड़ा गयी। इंग्लैंड का स्कोर दो विकेट पर 224 रन था और टीम ने 95 रन के अंदर अपने आखिरी आठ विकेट गंवा दिये। इंग्लैंड इस मैच को 434 रन से हारा जो 1934 के बाद रनों के लिहाज से उसकी सबसे बड़ी हार है।

# कड़ी मेहनत करके इस स्तर तक पहुंचा हूं: आशुतोष

मोहाली, एजेंसी

आईपीएल की टीम पंजाब किंग्स के नए खिलाड़ी आशुतोष शर्मा ने कहा कि मौका मिलने पर वह अपनी फ्रेंचाइजी के लिए बल्ले से प्रभावी प्रदर्शन करना चाहते हैं। आशुतोष ने कहा कि उन्होंने इस स्तर तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत की है और खेल में गलती होने पर पर खुद को घरेलू काम करने की सजा देते हैं। मध्य प्रदेश के लिए प्रथम श्रेणी के चार मैचों में एक शतक लगाने वाले आशुतोष को पंजाब किंग्स ने आईपीएल नीलामी में 20 लाख की बोली के साथ टीम में शामिल किया है।

मध्य प्रदेश के रतलाम के आशुतोष को आर्थिक तंगी से निपटने के लिए अंपायरिंग का सहारा लेना पड़ा था। आशुतोष ने कहा कि मैंने जब क्रिकेट में करियर बनाने के लिए घर छोड़ा था तब मेरे पास ज्यादा पैसे नहीं थे। मैं शिविर में जाता था और दोपहर के खाने के लिए अंपायरिंग शुरू कर दिया था। परिवार में कमाई के सीमित संसाधन थे और खुद के बूते सब कुछ करना काफी मुश्किल था।

# आईपीएल 22 मार्च से शुरू करने की योजना: धूमल

नई दिल्ली, एजेंसी

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का आगामी चरण 22 मार्च से शुरू होगा और लोकसभा चुनावों के बावजूद इसका आयोजन देश में ही होगा। आईपीएल के अध्यक्ष अरुण धूमल ने यह जानकारी दी। आम चुनाव के अप्रैल और मई में होने की संभावना है और यही कारण है कि आईपीएल के 17वें सत्र का कार्यक्रम अभी तक जारी नहीं किया गया है।

धूमल ने कहा कि शुरुआत में इस लीग के केवल पहले 15 दिनों के कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी। बाकी मैचों के कार्यक्रम की घोषणा आम चुनाव की तारीखों की



घोषणा के बाद होगी। लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा अगले महीने की शुरुआत में होने की संभावना है। धूमल ने कहा हि हम टूर्नामेंट को 22 मार्च से शुरू करने की योजना बना रहे हैं। हम सरकारी एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हम सबसे पहले शुरुआती कार्यक्रम जारी करेंगे। पूरा टूर्नामेंट भारत में आयोजित किया जाएगा। इससे पहले 2009 में आम चुनावों के दौरान आईपीएल के पूरे सत्र का आयोजन दक्षिण अफ्रीका में हुआ था जबकि 2014 में इसके कुछ मैचों का आयोजन यूएई में हुआ था। 2019 के आम चुनावों के दौरान इस लीग का आयोजन देश में ही हुआ था। जून में होने वाले टी-20 विश्व कप के मद्देनजर आईपीएल के फाइनल का आयोजन 26 मई को हो सकता है। भारतीय टीम टी-20 विश्व कप में 5 जून को न्यूयॉर्क में आयरलैंड के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी। इस टूर्नामेंट का आगाज एक जून को अमेरिका और कनाडा के मैच के साथ होगा। आमतौर पर आईपीएल का उद्घाटन मैच पिछले साल के विजेता और उपविजेता के बीच होता है।

# धनुष की 'रायन' का फर्स्ट लुक रिलीज

मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार धनुष की आने वाली फिल्म रायन का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। सन पिक्चर्स ने धनुष की आने वाली फिल्म रायन का फर्स्ट लुक एक्स पर शेयर किया है। इस फिल्म को धनुष ने ही लिखा और निर्देशित किया है। रायन धनुष के करियर की 50 वीं फिल्म है। फिल्म रायन के पोस्टर में धनुष एप्रन पहने और खून से लथपथ नजर आ रहे हैं। एक हाथ में उन्होंने पेचकस पकड़ा हुआ है। फिल्म रायन का संगीत ए .आर . रहमान तैयार कर रहे हैं। फिलहाल 'रायन' के पोस्ट प्रोडक्शन पर काम चल रहा है। फिल्म रायन को हिंदी, तमिल और तेलुगू में रिलीज किया जाएगा।

### 'ऑपरेशन वेलेंटाइन' का ट्रेलर लांच

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान और दक्षिण भारतीय अभिनेता राम चरण ने वरुण तेज-मानुषी छिल्लर की फिल्म ऑपरेशन वेलेंटाइन' का ट्रेलर लांच किया। वरुण तेज की एरियल एक्शन फिल्म 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' को हिंदी और तेलुगु में शूट किया गया है, जहां हिंदी ट्रेलर सलमान खान ने जारी किया . वहीं, तेलुगु ट्रेलर का अनावरण राम चरण ने किया। 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' में वरुण तेज और मानुषी छिल्लर एक वायु सेना पायलट और एक रडार अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं। 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' देश की वायु सेना के नायकों के अदम्य साहस और देश की रक्षा के लिए उनके सामने आने वाली चुनौतियों के इर्द-गिर्द घूमती है। 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस, संदीप मुद्दा की रेनेसां पिक्चर्स द्वारा निर्मित और गॉड ब्लेस एंटरटेनमेंट (वकील खान) और नंदकुमार अब्बिनेनी द्वारा सह-निर्मित है।

# शो टाइम में नजर आएंगी श्रिया सरन

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री श्रिया सरन वेबसीरीज शो टाइम में अभिनेत्री के किरदार में नजर आएंगी। श्रिया सरन इन दिनों शो टाइम को लेकर चर्चा में है। करण जौहर के धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट के बैनर तले बनी शो टाइम बॉलीवुड के पर्दे के पीछे के कई दिलचस्प किस्सों को लेकर बनाई गई है। श्रिया सरन ने इस शो में अभिनेत्री का किरदार निभाया है। श्रिया सरन ने बताया कि मैं एक ऐसा किरदार निभाना चाहती थी जो मेरे बेहद करीब हो। शो में मैं एक अभिनेत्री हूं जो एक अभिनेत्री की भूमिका निभाती है। मैं करण से कई बार मिली हूं और वह बहुत प्यारे इंसान हैं। व्यावसायिक रूप से, मेरे लिए, इस प्रोजेक्ट पर धर्मेटिक्स के साथ काम करना एक शानदार अनुभव है। श्रिया सरन ने इमरान हाशमी के साथ वर्ष 2007 में प्रदर्शित फिल्म आवारापन में काम किया है। श्रिया सरन लंबे अरसे के बाद इमरान हाशमी के साथ शो टाइम में नजर आएगी। श्रिया सरन ने कहा, मैं बहुत खुश हूं कि हमें एक साथ शोटाइम करने का मौका मिला। मैं उनके साथ दोबारा काम करने को लेकर भाग्यशाली हूं। वह एक अद्भुत अभिनेता हैं और कैमरे पर अविश्वसनीय दिखते हैं। मैं शो देखने के लिए उत्सुक हूं। यह एक बहुत ही दिलचस्प किरदार है, इसमें बहुत सारे आर्क हैं, मैं दर्शकों द्वारा इसे देखने का इंतजार नहीं कर सकती। शो टाइम में इमरान हाशमी, मौनी रॉय, नसीरउद्दीन साह ,श्रिया सरन, राजीव खंडेलवाल, विशाल वशिष्ठ और महिमा मकवाना,की अहम भूमिका है। धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट द्वारा निर्मित, सुमित रॉय और शोरनर मिहिर देसाई द्वारा रचित एवं लिखित, इस सीरीज का निर्देशन मिहिर देसाई और अर्चित कुमार ने किया है। वेबसीरीज शोटाइम 8 मार्च 2024 को डिज्नी+हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

# शांतनु ने 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में काम के अनुभव को किया साझा

**मुंबई।** अभिनेता शांतनु माहेश्वरी ने 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में काम करने के अनुभव के बारे में बताया है। संजय लीला भंसाली की फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' के प्रदर्शन के दो साल पूरे हो गए हैं। इस फिल्म में शांतनु माहेश्वरी ने अफसान की भूमिका निभाई।शांतनु ने हजारों फैंस और आलोचकों का दिल जीत लिया और उन्हें नीली आंखों वाला लड़का कहा जाने लगा। शांतनु माहेश्वरी ने कहा, ऐसा महसूस नहीं हो रहा है कि 'गंगूबाई काठियावाड़ी' दो साल की हो गई है, ऐसा लग रहा है जैसे कुछ दिन पहले ही मैं संजय सर के साथ शूटिंग कर चूका हूं और सेट पर उनसे सीख रहा था। हर कोई मुझे अफसान का किरदार निभाने के लिए याद करता है।सेट पर संजय सर जैसे किसी व्यक्ति के साथ रहना और उन्हें अपने सामने अपनी जादू की छड़ी घुमाते हुए देखना बहुत संतुष्टिदायक अनुभव था। मैं सभी कौशलों को हमेशा याद रखूंगा। शांतनु अब नीरज पांडे की फिल्म 'औरों में कहां दम था' के साथ-साथ बंगाली सिनेमा में चलचित्र से डेब्यू करते नजर आएंगे।

### फिल्म 'इश्क नचाए बीच बाजार' का ट्रेलर 25 फ़रवरी को होगा रिलीज

**मुंबई।** अभिनेता संग्राम सिंह पटेल और अभिनेत्री प्रतिष्ठा ठाकुर की आने वाली फिल्म 'इश्क नचाए बीच बाजार' का ट्रेलर 25 फ़रवरी को अवध गंगा म्यूजिक के यूट्यूब चैनल पर रिलीज़ किया जाएगा। फिल्म 'इश्क नचाए बीच बाजार' की पूरी शूटिंग उत्तर प्रदेश के सीतापुर शहर में सचिन यादव के निर्देशन में की गई है। इस फिल्म में संग्राम सिंह पटेल, प्रतिष्ठा ठाकुर के बॉडी गार्ड के किरदार में नज़र आएंगे। अवध गंगा फिल्म के बैनर तले बनी भोजपुरी फिल्म 'इश्क नचाए बीच बाजार' संग्राम सिंह पटेल की होम प्रोडक्शन है। संग्राम सिंह पटेल ने बताया कि फिल्म 'इश्क नचाए बीच बाजार' बेहद खास और अन्य फिल्मों से अलग है। इसकी पटकथा पर हमने बेहद मेहनत की है। हमारी कोशिश है कि हम एक ऐसी फिल्म लेकर दर्शकों के पास जाएं, जो दर्शकों का पैसा वसूल करे और उनका मनोरंजन हो। वे और लोगों को फिल्म देखने को प्रेरित करे। उन्होंने कहा कि भोजपुरी सिनेमा के बदलते दौर में हमारी फिल्म भी बेहद खास है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

## एक नजर

### डब्ल्यूटीओ में निवेश पर चीन के प्रस्ताव पर भारत की आपत्ति

**नई दिल्ली।** भारत ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में निवेश सुविधा मामले में प्रस्ताव को आगे बढ़ाने को लेकर चीन जैसे कुछ देशों के प्रयासों का कड़ा विरोध किया है। उसका कहना है कि यह एजेंडा डब्ल्यूटीओ को मिली जिम्मेदारी से बाहर का मामला है। यह मुद्दा अबू धाबी में विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में उठेगा। चार दिन की यह बैठक 26 फरवरी से शुरू होगी। मंत्रिस्तरीय सम्मेलन डब्ल्यूटीओ में निर्णय लेने वाला सर्वोच्च निकाय है। चीन के नेतृत्व वाला 130 देशों का समूह विकास के लिए निवेश सुविधा (आईएफडी) प्रस्ताव को आगे बढ़ा रहा है। समूह इस प्रस्ताव को डब्ल्यूटीओ के समझौते से जुड़े अनुबंध-चार के माध्यम से लाना चाहता है। इसके तहत यह प्रस्ताव केवल हस्ताक्षरकर्ता सदस्यों के लिए बाध्यकारी होगा न कि उन लोगों के लिए जो इसका विरोध कर रहे हैं।

### ऑस्ट्रेलिया अपनी नौसेना में युद्धपोतों को करेगा दोगुना

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने देश की नौसैना में युद्धपोतों की संख्या दोगुना से ज्यादा करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। ऑस्ट्रेलियी रक्षा मंत्री, उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्ल्स और रक्षा उद्योग मंत्री पैट कॉनरॉय ने मंगलवार को इस बड़े बदलाव की घोषणा की। योजना के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया अपने युद्धपोतों के बेड़े को वर्तमान 11 से बढ़ाकर 26 तक विस्तारित करेगा। ऑस्ट्रेलिया भविष्य में युद्धपोतों की डिलीवरी में तेजी लाने के लिए अगले दशक में अतिरिक्त 11.1 अरब ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (7.2 अरब अमेरिकी डॉलर) खर्च करेगा। मार्ल्स और कॉनरॉय ने कहा कि यह द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से ऑस्ट्रेलिया का सबसे बड़ा विस्तार होगा।

### बुजुर्ग की जिंदा जलने से मौत

**हिसार।** रोडवेज बस में बनाये गये रैन बसेरे में सोमवार रात एक बुजुर्ग की संभवत: बीड़ी सुलगाने से गद्दे में लगी आग में जलने से मौत हो गयी। पॉलिक के अनुसार मृतक की शिनाख्त उमरा गांव निवासी प्रेम (60) के रूप में हुई जो दिन में यहां हिसार बस स्टैंड पर ही रहते थे और रात में रैन बसेरे में चले जाते थे। घटना के समय प्रेम बस में अकेले ही थे। इसलिए वास्तव में क्या हुआ, बताना मुश्किल है, पर संभवत: आग प्रेम के बीड़ी सुलगने से लगी। पुलिस के अनुसार आसपास के लोगों ने रैन बसेरा बस से धुआं निकलता देखा तो उन्होंने बस स्टैंड चौकी पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बस में लगी आग को बुझाया। आग की चपेट में आने से प्रेम बुरी तरह जल गये थे, और उनकी मौत हो गयी थी।

# देश में विकसित डिजिटल कंप्यूटर प्रणाली के साथ तेजस ने उड़ान भरी

## लड़ाकू विमान उच्च खतरे वाले हवाई क्षेत्र में काम करने में है सक्षम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● हवाई रक्षा, समुद्री टोही और हमले की भूमिका निभाने के उद्देश्य से किया डिजाइन

रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा, स्वदेशी रूप से विकसित 'डिजिटल फ्लाई-बाय-वायर फ्लाइट कंट्रोल कंप्यूटर' को हल्के लड़ाकू विमान तेजस में एकीकृत किया गया है जो एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। स्वदेश निर्मित तेजस एकल इंजन वाला बहुउद्देश्यीय लड़ाकू विमान है जो उच्च खतरे वाले हवाई क्षेत्र में काम करने में सक्षम है। इसे हवाई रक्षा, समुद्री टोही और हमले की भूमिका निभाने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है।

रक्षा मंत्रालय ने कहा, तेजस एमके1ए कार्यक्रम की दिशा में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में 'डिजिटल फ्लाई-बाय-वायर फ्लाइट कंट्रोल कंप्यूटर' (डीएफसीसी) को प्रोटोटाइप एलएसपी-7 में एकीकृत किया गया। 19 फरवरी को सफलतापूर्वक उड़ान का संचालन किया गया। 'तेजस-एमके1ए' संस्करण के लिए डीएफसीसी को वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान (एडीई), बेंगलुरु द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उड़ान नियंत्रण के सभी महत्वपूर्ण मानक और प्रदर्शन संतोषजनक पाए गए। कहा कि पहली उड़ान का संचालन राष्ट्रीय उड़ान परीक्षण केंद्र से संबद्ध विंग कमांडर सिद्धार्थ सिंह केएमजे (सेवानिवृत्त) ने किया।

भारतीय वायुसेना पहले ही 'तेजस एलसीए एमके1' का संचालन शुरू कर चुकी है। विमान के उन्नत संस्करण 'तेजस एमके1ए' में उन्नत मिशन कंप्यूटर और उच्च-प्रदर्शन डिजिटल उड़ान नियंत्रण कंप्यूटर (डीएफसीसी एमके1ए) सहित कई आधुनिक प्रणालियां हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तेजस एमके1ए के लिए इस महत्वपूर्ण प्रणाली के विकास एवं सफल उड़ान परीक्षण में शामिल रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ), वायुसेना, एडीए और उद्यमों की की सराहना की। सिंह ने इसे 'आत्मनिर्भरता' की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। तेजस विमान भारतीय वायुसेना का मुख्य आधार बनने के लिए तैयार है जिसमें शुरुआती संस्करण के लगभग 40 तेजस पहले ही शामिल किए जा चुके हैं।

## बच्चा गोद लेने का अधिकार मौलिक नहीं: दिल्ली हाईकोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि बच्चा गोद लेने के अधिकार को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकार का दर्जा नहीं दिया जा सकता और इसके इच्छुक माता-पिता के पास यह चुनने का कोई अधिकार नहीं है कि किस बच्चे को गोद लेना है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने उस नियम को बरकरार रखा, जिसके तहत दो या दो से अधिक बच्चों वाले दंपति को केवल विशेष जरूरतों वाले या ऐसे बच्चों को गोद लेने की अनुमति दी जाती है, जिन्हें अधिक लोग गोद लेने के इच्छुक नजर नहीं आते। अदालत ने कहा कि इस प्रक्रिया में बच्चों के कल्याण को तरजीह दी जाती है, और भावी दत्तक माता-पिता (पीएपी) के अधिकारों को इस पर तवज्जो नहीं दी जा सकती।

उच्च न्यायालय ने एक हालिया आदेश में कहा, गोद लेने के अधिकार को अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकार का दर्जा नहीं दिया जा सकता है और न ही इसे उस स्तर तक बढ़ाया जा सकता है जिससे पीएपी को यह विकल्प मिले कि किसे गोद लेना है। गोद लेने की प्रक्रिया पूरी तरह बच्चों के कल्याण के आधार पर संचालित होती है। न्यायाधीश ने कहा कि गोद लेने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है और कई निःसंतान दंपति और एक बच्चे वाले माता-पिता हैं, जो सामान्य बच्चे को गोद लेना चाहेंगे, ऐसे में विशेष जरूरतों वाले बच्चे को गोद लेने की संभावना बहुत कम हो जाती है, इसलिए उपरोक्त नियम का उद्देश्य केवल यही है। अदालत ने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि विशेष आवश्यकता वाले अधिक से अधिक बच्चों को गोद लिया जाए।

## सेवानिवृत्ति के पांच माह बाद सुनाया फैसला, सुप्रीम कोर्ट ने की आलोचना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● न्यायालय ने कहा - सेवानिवृत्ति के बाद मामले की फाइल अपने पास रखना घोर अनुचित कार्य

उच्चतम न्यायालय ने एक आपराधिक मामले में एक पंक्ति का आदेश सुनाने और सेवानिवृत्त होने के पांच महीने बाद विस्तृत फैसला जारी करने के लिए मद्रास उच्च न्यायालय के एक पूर्व न्यायाधीश की आलोचना की है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद पांच महीने तक मामले की फाइल अपने पास रखना घोर अनुचित कार्य है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द करते हुए कहा कि आदेश का मुख्य अंश 17 अप्रैल, 2017 को सुनाया गया था।

इसमें कहा गया है कि न्यायाधीश के पद छोड़ने की तारीख तक तर्क-सहित निर्णय जारी करने के लिए पांच सप्ताह का समय उपलब्ध था। पीठ ने कहा, हालांकि, 250 से अधिक पृष्ठों का विस्तृत निर्णय न्यायाधीश के पद छोड़ने की तारीख से पांच महीने के बाद सामने आया है। इस प्रकार, यह स्पष्ट है कि न्यायाधीश ने पद छोड़ने के बाद भी कारण बताए और निर्णय तैयार किया। पीठ ने कहा, हमारे अनुसार, सेवानिवृत्त होने के पांच महीने बाद तक मामले की फाइल अपने पास रखना न्यायाधीश की ओर से घोर अनुचित कार्य है। इस मामले में जो किया गया है, हम उसे स्वीकार नहीं कर सकते। न्यायमूर्ति टी. मथिवनन 26 मई, 2017 को सेवानिवृत्त हुए थे और मामले में विस्तृत निर्णय उसी वर्ष 23 अक्टूबर को उपलब्ध कराया गया।

पीठ ने फैसले को रद्द करते हुए कहा, हम ऐसे अनुचित कृत्यों का समर्थन नहीं कर सकते हैं और इसलिए, हमारे विचार में, इस अदालत के लिए एकमात्र विकल्प विवादित फैसले को रद्द करना और मामलों को नये फैसले के लिए उच्च न्यायालय के पास वापस भेजना है। इसमें कहा गया है, यह कहने की जरूरत नहीं है कि हमने विवाद के गुण-दोष पर कोई निर्णय नहीं दिया है और सभी मुद्दों को उच्च न्यायालय द्वारा तय किए जाने के लिए खुला छोड़ दिया गया है।

## मातृभाषा दिवस

कोलकाता में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की पूर्व संध्या पर स्वयंसेवक रंगोली तैयार करते हुए। ● एजेंसी

## भारत ने दिया 10 लाख डॉलर का योगदान

**संयुक्त राष्ट्र।** गरीबी और भूखमरी से निपटने के उद्देश्य से स्थापित किये गये एक कोष में भारत ने 10 लाख अमेरिकी डॉलर का योगदान दिया है। इस कोष को भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका द्वारा स्थापित किया गया है। संयुक्त राष्ट्र में भारतीय राजदूत रुचिरा कंबोज ने गरीबी और भूखमरी उन्मूलन कोष (आईबीएसए कोष) के लिए योगदान के रूप में संयुक्त राष्ट्र दक्षिण-दक्षिण सहयोग कार्यालय (यूएनओएसएससी) के निदेशक दिमा अल-खतीब को 10 लाख अमेरिकी डॉलर का चेक सौंपा। इस अवसर पर कंबोज ने कहा कि भारत की अध्यक्षता में हुए जी20 शिखर सम्मेलन में जनता का, जनता द्वारा और जनता के लिए विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया था।

## श्रीनगर में हुई मौसम की दूसरी बर्फबारी हिमाचल प्रदेश में यातायात बाधित

**श्रीनगर, एजेंसी**

जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में मंगलवार को कई स्थानों पर मध्यम से भारी बर्फबारी हुई। कश्मीर के श्रीनगर में मंगलवार को सर्दी के मौसम की दूसरी बर्फबारी हुई जबकि घाटी के ऊंचे इलाकों में पिछले 48 घंटों में भारी बर्फबारी दर्ज की गई।

मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि श्रीनगर में रविवार से भारी बारिश हो रही थी जिसके बाद आज दिन के शुरुआती हिस्से में मध्यम बर्फबारी हुई। हिमाचल प्रदेश के जनजातीय इलाकों और ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों पर भारी बर्फबारी के कारण चार राष्ट्रीय राजमार्गों सहित कम से कम 228 सड़कें अवरुद्ध हो गईं। गुलमर्ग, सोनमर्ग, शोपियां, गुरेज, माछिल और घाटी के अन्य पहाड़ी इलाकों में भारी बर्फबारी हुई है। बारिश के साथ तेज हवाएं भी चल रही हैं जिसके परिणामस्वरूप घाटी में कई घरों को नुकसान पहुंचा है। तेज हवाओं से टिन की छतें उड़ने के वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुए हैं। अधिकारी ने कहा कि बारामूला जिले में स्कीइंग रिसॉर्ट गुलमर्ग में पिछले 48 घंटों में लगभग 2.5 फुट ताजा बर्फबारी हुई है।

उत्तरी कश्मीर के तंगमर्ग इलाके में ताजा बर्फबारी के बाद बर्फ से ढकी सड़क।

● हिमाचल में चार राष्ट्रीय राजमार्गों सहित 228 सड़कें अवरुद्ध

## गाजा में ऑक्सीजन की कमी से आठ मरीजों की मौत

**गाजा, एजेंसी**

● फिलिस्तीन की स्वास्थ्य मंत्री माई अल-कैला ने दी जानकारी

दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर के एक प्रमुख अस्पताल में इजरायल की ओर से किए जा रहे लगातार हमलों के कारण कई दिनों तक बिजली गुल होने और ऑक्सीजन आपूर्ति बाधित होने के कारण आठ मरीजों की मौत हो गई। यह जानकारी फिलिस्तीन की स्वास्थ्य मंत्री माई अल-कैला ने सोमवार को दी।

अल-कैला ने कहा कि इजरायली हमले के कारण नासिर अस्पताल में उपचार करवा रहे अन्य रोगियों के जीवन पर खतरा उत्पन्न हो गया है। उन्होंने बिस्तर पर पड़े मरीजों और चिकित्सा कर्मचारियों की रिहाई के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रयासों का आह्वान किया और दावा किया कि इजरायली सैन्य ट्रकों द्वारा उन्हें अस्पताल से अज्ञात स्थान पर ले जाया गया है। गाजा में हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने पहले कहा था कि इजरायली बलों ने गुरुवार को दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस शहर में नासिर अस्पताल की दक्षिणी दीवार को ध्वस्त करने के बाद उस पर धावा बोल दिया। उधर, इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर रविवार को कहा कि उसने इजरायली सुरक्षा एजेंसी बलों के साथ एक संयुक्त अभियान में सैकड़ों आतंकवादियों और अन्य संदिग्धों को गिरफ्तार किया है, जो अस्पताल में छिपे हुए थे और कुछ चिकित्सा कर्मचारी के रूप में काम कर रहे थे।

## सिखों को मुसलमान समझने की भूल संबंधी पोस्ट पर मांगी माफी

**लंदन।** बर्मिंघम विश्वविद्यालय ने एक विवादास्पद सोशल मीडिया पोस्ट को हटाते हुए माफी मांगी है। इस पोस्ट में ऐसा लग रहा था कि सिख विद्यार्थियों को मुसलमान समझने की भूल हुई है। बर्मिंघम मेल की खबर के अनुसार, विश्वविद्यालय द्वारा किये गये पोस्ट में कहा गया था कि इस माह के प्रारंभ में विश्वविद्यालय की सिख सोसाइटी द्वारा आयोजित 20वां 'लंगर ऑन कैंपस' कार्यक्रम इस्लामिक जागरूकता सप्ताह का हिस्सा था। विश्वविद्यालय के इंस्टाग्राम एकाउंट पर एक पोस्ट में लंगर की तस्वीरें टैग की गयीं और 'डिस्कवर इस्लाम वीक' लिखा गया। सिख प्रेस एसोसिएशन के प्रवक्ता जसवीर सिंह ने कहा, जिन लोगों पर बर्मिंघम विश्वविद्यालय की छवि का जिम्मा है, वे विश्वविद्यालय में समुदायों को लेकर अनभिज्ञ हैं।

## अमेरिका ने भारतीय नौसेना की भूमिका की सराहना की

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● पोतों पर हूती विद्रोहियों के हमलों का मामला

अमेरिका के उप विदेश मंत्री रिचर्ड वर्मा ने मंगलवार को कहा, उनका देश एक सिख अलगाववादी की हत्या की कथित साजिश के मामले में भारत से संपर्क बनाए हुए है और इसकी जांच के लिए नयी दिल्ली द्वारा नियुक्त उच्चस्तरीय समिति के निष्कर्षों की प्रतीक्षा है।

विभिन्न भू-राजनीतिक चुनौतियों पर चर्चा करते हुए उन्होंने लाल सागर में विभिन्न वाणिज्यिक पोतों पर हूती विद्रोहियों के हमलों के मद्देनजर रणनीतिक जल क्षेत्र में भारतीय नौसेना की भूमिका की सराहना की। अमेरिका ने पिछले साल दिसंबर में दावा किया था कि उसने अमेरिकी धरती पर सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या के लिए कथित रूप से एक भारतीय एजेंट द्वारा रची गई साजिश को विफल कर दिया। इन आरोपों की जांच के लिए भारत पहले ही एक जांच समिति गठित कर चुका है। भारत में अमेरिका के पूर्व राजदूत ने 'ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन' (ओआरएफ) द्वारा आयोजित परिचर्चा सत्र में एक सवाल के जवाब में कहा, हमने भारत सरकार के समक्ष अपनी चिंताओं को रखा है। एक जांच समिति इस मामले की जांच कर रही है और हम सरकार के साथ जुड़े रहेंगे एवं उनके निष्कर्षों की प्रतीक्षा करेंगे। उन्होंने इसे बहुत गंभीरता से लिया है जिसके लिए हम आभारी हैं। उन्होंने कहा, हम भारत द्वारा नौसेना के जरिए लाल सागर में किए जा रहे काम और उनके द्वारा प्रदान किए गए अविश्वसनीय समर्थन की सराहना करते हैं।

## पुणे में 1100 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त तीन लोग गिरफ्तार

**पुणे, एजेंसी :** पुलिस ने करीब 1,100 करोड़ रुपये मूल्य का 600 किलोग्राम से अधिक मेफेड्रोन नामक मादक पदार्थ जब्त किया है तथा इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने पहले 3.85 करोड़ रुपये मूल्य का करीब 1.75 किलोग्राम मेफेड्रोन (एमडी) बरामद किया गया। जांच के दौरान पुलिस को दो गादामों का पता चला जहां और 55 किलोग्राम एमडी मिला। तीनों से पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर कुरकुंभ एमआईडीसी क्षेत्र में एक अन्य अभियान चलाया गया और वहां एक इकाई से करीब 550 किलोग्राम एमडी बरामद किया गया। अब तक पुलिस ने 600 किलोग्राम से अधिक मेफेड्रोन बरामद किया है जो करीब 1100 करोड़ रुपये मूल्य का है।

## एआई के लिए नियमों का मसौदा जुलाई तक किया जाएगा जारी

**मुंबई, एजेंसी**

● एआई की क्षमता का उपयोग करेंगे दुरुपयोग को रोकने के लिए उपाय भी करेंगे: सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने मंगलवार को कहा कि सरकार कृत्रिम मेधा (एआई) के लिए इस साल जून-जुलाई तक नियमों का मसौदा जारी करेगी। यहां सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शीर्ष निकाय नैसकॉम (नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज कंपनजी) के दो दिन के 'लीडरशिप' शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, सरकार एआई नियमन ढांचे के मसौदे पर काम कर रही है। इसे इस साल जून या जुलाई में जारी किया जाएगा।

हमारा इरादा आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए एआई का उपयोग करना और उससे संभावित जोखिम और नुकसान का समाधान करना है। चंद्रशेखर ने कहा कि सरकार एआई प्रशिक्षित व्यक्तियों को तैयार करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। मंत्री ने कहा, हम एआई की क्षमता का पूरी तरह से उपयोग करेंगे, लेकिन दुरुपयोग को रोकने के लिए उपाय भी करेंगे। आज दुनिया हमें एआई प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के मामले में अगुवा देख रही है। हम सभी खेत से लेकर कारखानों तक उपयोग के मामलों में एआई को तैनात करने के पक्ष में हैं। हम आर्थिक वृद्धि, स्वास्थ्य देखभाल, कृषि और किसानों की उत्पादकता के लिए एआई का उपयोग करना चाहते हैं। सरकार लंबे समय से एआई विनियमन ढांचा जारी करने की योजना बना रही है।

## पाकिस्तान में नई सरकार के गठन में गतिरोध के संकेत: बिलावल

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

● शीर्ष नेताओं के बीच हुई नवीनतम दौर की बातचीत बेनतीजा

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी ने मंगलवार को कहा कि यदि कोई अपना रुख बदलने के लिए तैयार नहीं है तो उन्हें पाकिस्तान में गठबंधन सरकार बनने में गतिरोध की आशंका है, जो देश के राजनीतिक परिदृश्य में गहराती दरार का संकेत देता है। बिलावल की यह टिप्पणी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के शीर्ष नेताओं के बीच सोमवार को हुई नवीनतम दौर की बातचीत बेनतीजा समाप्त होने के एक दिन बाद आयी है।

पीपीपी पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पीएमएल-एन को समर्थन देने के लिए राष्ट्रपति, सीनेट का अध्यक्ष और नेशनल असेंबली के अध्यक्ष जैसे प्रमुख संवैधानिक पदों की कथित तौर पर मांग कर रही है। 'डॉन' अखबार की खबर के अनुसार, बिलावल ने उच्चतम न्यायालय में पत्रकारों से कहा कि पीपीपी और वह अपने रुख पर अड़े हुए हैं और इस बात पर जोर दिया वह इसे किसी भी कीमत पर नहीं बदलेंगे। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के सीनेटर इरफान सिद्दीकी ने संसद के ऊपरी सदन में कहा, 2018 में, नवाज शरीफ जेल में थे, उन्हें चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं दी गई। क्या तब यह उचित था? और उस समय कोई हंगामा नहीं हुआ था। देश के सबसे शक्तिशाली राजनीतिक परिवार और पीएमएल-एन का नेतृत्व करने वाले शरीफ को 2017 में उच्चतम न्यायालय ने सार्वजनिक पद संभालने से अयोग्य घोषित कर दिया था और जवाबदेही अदालत ने उन्हें 10 साल जेल की सजा भी सुनाई थी। दोषसिद्धि और सजा के कारण वह आम चुनाव नहीं लड़ सके। सिद्दीकी ने सीनेट में कहा कि यह सच है कि पाकिस्तान का चुनावी इतिहास सही नहीं रहा है और यह स्थिति कई दशकों से बनी हुई है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई किसी भी सरकार को अपना कार्यकाल पूरा नहीं करने दिया गया। उन्होंने कहा कि हमारे चुनावों का इतिहास वास्तव में सबसे अच्छा नहीं है। लेकिन हम 2018 के चुनावों के बारे में बात क्यों नहीं कर रहे हैं? उन्होंने कहा, ''2018 के आम चुनावों में जो कुछ भी हुआ वह हमारे देश के इतिहास में एक काला अध्याय है। जेयूआई-एफ के साथ खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ की हालिया बातचीत का उल्लेख करते हुए इरफान ने सवाल किया कि पूर्व प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली पार्टी अन्य दलों के साथ बातचीत क्यों नहीं करती है।

## अंतरिक्ष क्षेत्र में महिला इंजीनियरों के लिए शुरू 'कल्पना फेलोशिप'

**नई दिल्ली।** स्काईरूट एयरोस्पेस ने मंगलवार को कल्पना फेलोशिप शुरू करने की घोषणा की। यह भारत का अपनी तरह का पहला फेलोशिप कार्यक्रम है जो विशेष रूप से अंतरिक्ष क्षेत्र की महिला इंजीनियरों को समर्पित है।

हैदराबाद की 'स्टार्ट-अप' कंपनी ने एक बयान में कहा कि 'कल्पना फेलोशिप' अंतरिक्ष उद्योग में नयी ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए महिला इंजीनियरों की अगली पीढ़ी को प्रेरित करने, प्रोत्साहित करने और सशक्त बनाने के लिए शुरू की गई है। बयान के अनुसार, अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला की विरासत से प्रेरित फेलोशिप एक सर्वव्यापी कार्यक्रम प्रदान करती है जिसमें मासिक राशि, प्रायोगिक ज्ञान, अनुभवी पेशेवरों से मार्गदर्शन, स्काईरूट एयरोस्पेस में विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे और नवीन प्रौद्योगिकियों तक पहुंच शामिल है। वर्ष 2024 के लिए फेलोशिप पंजीकरण वर्तमान में जारी है।

**खगोल विज्ञान** ब्रह्मांड की अनसुलझी गुरुत्वाकर्षण की गुत्थियों को सुलझाने में मदद करेगी इसकी तस्वीरें

## हबल ने कैद की एनजीसी 2298 की आकर्षक तस्वीर

**कार्यालय संवाददाता, नैनीताल**

● 30 मीटर व्यास की ऑप्टिकल दूरबीन का हो रहा निर्माण

**अमृत विचार :** ग्रह नक्षत्रों की दुनिया अजूबी है। हमारी कल्पना से परे, इनकी थाह पाना कतई आसान नहीं। तकनीकि विकास के चलते हम इनके करीब पहुंचने लगे हैं। हाल ही में हबल ने गोलाकार क्लस्टर (आकाश गंगाओं का समूह) एनजीसी 2298 को कैमरे में कैद किया है। वैज्ञानिक मान रहे हैं कि दूर के इस क्लस्टर से खगोल के क्षेत्र में ब्रह्मांड की अनसुलझी गुरुत्वाकर्षण की गुत्थियों को सुलझाने में मदद मिलेगी।

हमारे निकटवर्ती ब्रह्मांड में आकाशगंगा समूहों में कन्या क्लस्टर, फॉर्नेक्स क्लस्टर, हरक्यूलिस क्लस्टर और कोमा क्लस्टर शामिल हैं। जिन्हें हम देख सकते हैं। माना जाता है लगभग 28 क्लस्टर हैं, जिन्हें हम आसानी से देख सकते हैं। देखने में यह सभी बेहद आकर्षक लगती हैं। स्याह रातों में इनका नजारा अद्भुत होता है। इन्हें निहारने का आकर्षण अक्सर प्रेमियों में रहता है, जबकि वैज्ञानिक वर्ग इनके भीतर का सच जानने को आतुर रहते हैं और रातों को जागकर इनके बारे में जानकारी जुटाते हैं। अब जो क्लस्टर की तस्वीरें भी ले ली गईं हैं यह गोलाकार आकृति के साथ बनी हुई हैं। गोलाकार क्लस्टर एनजीसी 2298 के बारे में अधिक जानकारी नहीं मिली है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि इसमें हजारों तारे पारस्परिक गुरुत्वाकर्षण के साथ एक दूसरे से बंधे हुए हैं और दूर आसमान में शानदार नजारा पेश करता है। यह जानकारी खास है कि गोलाकार समूह के तारे आमतौर पर तारों की पुरानी आबादी होती है, जो इनका आवास जैसा है और ये ज्यादातर आकाशगंगाओं के धूल भरे बाहरी इलाके में रहते हैं। इस क्लस्टर को लेकर खगोलविदों का कहना है कि गोलाकार क्लस्टर के व्यवहार को समझ पाना आसान हो जाएगा। साथ ही उनकी आंतरिक गतिविधियां, कक्षाएं और उनके तारों का विकास के रहस्य को उजागर किया जा सकेगा।



क्लस्टर एनजीसी 2298 की आकर्षक तस्वीर। ● अमृत विचार

### दूरबीन से देखा जा सकेगा ब्रह्मांड का बड़ा हिस्सा

**नैनीताल, अमृत विचार :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ खगोलीय वैज्ञानिक डा. शशिभूषण पांडेय पिछले दो दशकों से भी अधिक समय से तारों की मायावी दुनिया को समझने का प्रयास कर रहे हैं और अभी तक अनेकों तारों के व्यवहार व गतिविधि का रहस्य उजागर कर चुके हैं। वह कहते हैं कि इनका रहस्य समझने के लिए दुनिया के वैज्ञानिक एकजुट होकर शोध कार्य कर रहे हैं। एक दूसरे के साथ जानकारी साझा कर रहे हैं। अब 30 मीटर व्यास की ऑप्टिकल दूरबीन (टीएमटी) का निर्माण किया जा रहा है। यह दूरबीन ब्रह्मांड के बड़े हिस्से को देख पाने में सक्षम होगी। भारत भी इस परियोजना का हिस्सा है।